


गोरख सबदी
Gorakh Sabadi

THE SAYINGS OF GORAKH NATH

योगी सूरजनाथ और भगवान नाथ
Yogi Surajnath and Bhagavan Nath

गोरख सबदी
GORAKH SABADI
The Sayings of Gorakh Nath

Edited and translated by
योगी सूरजनाथ गुरु बुधनाथ जी, व भगवान नाथ
Yogi Surajnath, guru Budhnath ji,
and Bhagavan Nath

Commentary by Yogi Surajnath

लेखक/AUTHOR:
सबदी, गोरखनाथ
SABADI, GORAKH NATH

संपादन व भाषांतर/Edited and translated by:

योगी सूरजनाथ, गुरु बुधनाथ जी, पिंप्री गवळी, जि. अहमदनगर, 413703, भारत, और भगवान नाथ, संत जोआन, स्पेन।

Yogi Surajnath, guru Budhnath ji, Pimpri Gawali, Ahmednagar, 413703, India, and Bhagavan Nath, Sant Joan, Spain.

Mob. +91 9421437300, 7774007939, Email: yogisurajnath3@gmail.com

पहला संस्करण प्रकाशित दिनांक/First edition published on 17/04/2019.

दुसरा संस्करण प्रकाशित/Second edition published January 2020,

ISBN: 978-93-5391-238-3.

तीसरा संस्करण प्रकाशित/Third edition published 2022.

चौथा संस्करण /Fourth edition 2024:

प्रकाशक/Publisher: Yogi Surajnath, guru Budhnath ji, Pimpri Gawali, Dist. Ahmednagar, 414301, India, 2024.

मुद्रक/Printers:

Spirituality/Philosophy/Religion.

मुख पृष्ठ/Cover photo:

अनुपान गिरी, त्रिंबक। गोरखनाथ जी ने कुछ अनमोल सतसंग वा उपदेस अनुपान शीला पर बैठकर दिये, जो त्रिंबक के नजदीक अनुपान गिरी पहाड़ी में एक चट्टानी सपाट शीला है।

Anupān Girī, Trimbak. Gorakhnath gave some of his invaluable sermons seated on *Anupān śilā*, a large flat rock in *Anupān Girī* hills, above Trimbak.

ग्यांन सरीषा गुरू न मिलिया, चित्त सरीषा चेला।
मन सरीषा मेलू न मिलिया, तीथैं गोरष फिरै अकेला॥१८९॥

No guru found like wisdom,
no disciple like consciousness,
no friend like the mind –
so Gorakh roams alone.

— Gorakh Sabadi 189

अवधू सहजै लैणा सहजै दैणा, सहजै प्रीति ल्यौ लाई।
सहजै सहजै चालैगा रै अवधू, तौ बासण करैगा समाई॥२५६॥

Avadhu, simply accept, simply give,
simply be in love with meditation.
Move on, Avadhu, simply,
the pot will hold it all.

— Gorakh Sabadi 256

जोग अवरण जोग अभेदं, जोग अषंडित जोग अछेदं।
जोग जति सति जोग दया, येहा ग्यान जति गोरष कह्या॥३१३॥

Yoga is not varna, yoga is not divided,
yoga is wholeness, yoga is flawless,
yoga is meditation, virtue, yoga is compassion,
this is wisdom, says Jati Gorakh.

— Gorakh Sabadi 313

विषय सूची
TABLE OF CONTENTS

Note on Transliteration … 8

Abbreviations … 8

प्रस्तावना … 9

Introduction … 14

गोरख सबदी Gorakh Sabadi
The Sayings of Gorakh Nath … 19

दरसण बोध
The Understanding of Observation … 261

पथ का मर्म The heart of the Path … 264

आदेश, अभिवादन का बोध … 267

The Understanding of Ādesh … 270

पिंड की अनित्यता व प्रतीत भव … 273

Impermanence of the Self and
the Experience of Becoming … 279

गोरखनाथ व नाथ यह शैव, वैष्णव नहीं है,
हिंदू, मुस्लिम नहीं है … 284

Gorakh Nath and Naths are neither Shaiva
nor Vaishnava, neither Hindu nor Muslim … 291

गोरखनाथ का जीवन व कार्य — एक नजर … 298

The Life and Work of Gorakh Nath
— an Overview … 303

अस्ति जीये वह आस्तिक … 307

घोडाचोलीनाथ की बारह् पंथ मात्रा … 311

बारह् पंथ के स्वरूप … 314

योगी सूरजनाथ, अल्प परिचय … 316

Yogi Surajnath, a brief Biography … 317

आभार वचन … 318

Acknowledgements … 320

References … 322

NOTE ON TRANSLITERATION

We have followed the standard transliteration of devanāgarī for the Sabadis themselves, with some exceptions. The Hindi text contains much nasalization of vowels indicated by a dot above the vowel marker. Conventionally this is transliterated by ṃ which we feel is distracting, and would inhibit the recitation of the verse, so we represent nasalization by the tilde, and thus we have ã ā̃ ĩ ī̃ ũ ū̃ õ ãũ etc., instead of aṃ āṃ iṃ īṃ uṃ ūṃ oṃ auṃ etc.

ABBREVIATIONS

GB	*Gorakh-Bānī*, Barthwal 1960
GG	*Gorakh Guṭakā*, Candranāth 1975
JDP	*Sabdī*, Jodhpur Darbār Pustakālaya, Offredi 1991
McG	McGregor 1995
ms	manuscript
mss	manuscripts
RLS	*Gorakh Bānī*, Śrivāstava 2071
WC	Callewaert 2009

प्रस्तावना

अपनी पहली ही सबदी में, परम सत के निर्देश में, गोरखनाथ कहते है, “ताका नाँव धरहुगे कैसा।” संपूर्णता के साथ, कम से कम बात करते हुए, वह इतना ही कहते है कि, परम सत यह बसती (नाम-रूप) नहीं है व शुन्यता भी नहीं है, और बसती व शुन्यता यह भी मूलतः अलग जीवन स्तर है, शुन्यता यह बसती से पार है।

सबदी में स्पष्ट है कि मानव का सारा चेतन, अवचेतन (अचेतन) पिंड यह संबंध की गति में आपस में जुड़ा वेदनां-भावनां वा भाव-पवनां प्रवाह है, नाद-बिंद तरंग व विचार-तृष्णा गति है। तथा तृष्णा या आस के साथ पिंड की काल, भव गति चलती है; और सम्यक ध्यान सूं इस पिंड गति में शुन्यता वा बोधि का कल्पनातीत से, अपने आप से, जगना होकर पिंड का जलना होता है, चैतसिकतः हमारा मरणा होता है, जो मीठा है। सो मीठे मरण मरते जीना यह जीवन की सर्वश्रेष्ठ कला है।

गोरख की जोग या धरम देषना अलख विग्यान है, जो हकीकत में अलख संग्यान अर ध्यान सूं जीयी व जानी जा सकती है, सिर्फ विचार से नहीं।

अलख या अलख निरंजन अवधू संग्यान क्या है यह सबदी में स्पष्ट है, (सबदी 4, 28 इ. के नोट में स्पष्ट किया है)। विचार यह भूत के आधार पर, वर्तमान में ना रहते, भूत-भविष्य काल गति होती है। विचार में वर्तमान में रहने की, वर्तमान में जीने की, क्षमता निसर्गतः नहीं है। विचार, अपनी गतिमानता, धीमापन या स्थगन (समाधि) में, काल के परे जीने की क्षमता से नहीं है। विचार काल है! सो विचार की दैनंदिनी में जगह व मर्यादा समझकर विचार या ग्यात से, मत मान्यताओं से, मुक्त

वा बाला जीना, (भले मन में विचार शृंखला चलती हो या नहीं), यह अग्यान नहीं बल्कि अजानता है, अलख संग्यान है, जो समझ की बात है। विचार से जीना ध्यास है, आंशिक चेतना से जीना है; और विचार से मुक्तता के साथ कुशलता सूं वर्तमान में आते रहते जीना, आसति दरसण सूं जीना, ध्यान है। सो ध्यान चेतना मन की समग्रता से जीने की कला है, जिसमें वैचारिक आकलन के परे जीवन की उकलन होती है। गोरख सबदी, काल की समझ के साथ, जीवन के अनेक आयाम, सिद्धान्त व साधना की समझ के साथ, दरसण व शुन्यता की मौलिक उकलन के साथ, काल भव दुख अग्यान के अंत होते, अनेकों इनसाइट के जागते रहते, निरवाण की देषना है, जो सम्यकता से हमारे दैनंदिन संबंध की गति में दया-करुणा सूं परिणामित होते पार गामिता से है।

गोरख कपालभाति, सांस को रोके रखना (कुंभक), बंध, मुद्रा आदि के जनक है — जिन्हें योग के नाम से आज दुनिया जानती है। बंध, मुद्रा, कुंभक आदि की मूल संरचना व तंत्र को, उनकी व्याप्ति व मर्यादा को, गोरख सबदी में थोड़े में व सादगी के साथ स्पष्ट करते है। योग प्रॅक्टिसेस का मूल, जो बाद में रचित, विस्तारित वा मान्यताओं से प्रेरित किताबों में विद्वतजन अमूमन देखते है, वह गोरख सबदी में प्राथमिक स्वरूप में शुद्धता के साथ है। तथा गोरख इन योग अभ्यास वा प्रॅक्टिसेस् को जोग/योग या हठयोग नहीं कहते। गोरख योग को अलख विग्यान अर योगी को अलख विग्यानी कहते है।

गोरख सबदी का यह संपादित कार्य, सबदीयों के लिप्यंतरण, भाषांतर व अनेक नोट्स के साथ, विशद संग्रहण है। खोजी सिद्ध वा ध्यानी ग्यानी,

गंभीर साधक, साहित्यिक संशोधक, आम वाचक गण सबदी संग्यान व दरसण बोध आदि को खुद आंतरिक अनुसंधान सूं पाये, जीये। कुछ सबदी सहज समझ आयेंगी, कुछ सबदी समझने के लिए दिमाग पर जोर लगाना पडेगा, और ध्यान की अगनि में सारी सबदी खुलती जायेगी। अर्थात, खुले व खोजी मन के साथ सबदी की प्राथमिक या सामान्य समझ चेतना को मूलभूत व सम्यक रूप से बदलने की क्षमता से है। अलख संग्यान अर दरसण की अंतर्समझ, मतलब ध्यान-बोधि की सूझ, जो मूलभूत है, हर सामान्य स्त्री व पुरुष के लिए पहले कदम पर ही सहज संभव है।

गोरखनाथ जोग वा धरम के मौलिक सिद्धान्त व साधना की जो बातें कहते हैं वह सबदी में संग्रहित है। सबदी में कुछ थोड़ी सी सबदी अन्य नाथ सिद्धों की है, जैसे उनके नामों से स्पष्ट है और वह सबदी का हिस्सा है; कुछ सबदी नंतर की है, जैसे सबदी 95, मगर जो सबदी संग्यान सूं सम्यक है व सबदी का हिस्सा है; तथा कुछ सबदी क्षेपित, प्रदुषित (interpolated) दिखती है, जैसे सबदी 162, कि जो विचारणा की एक बात है। सबदी के भिन्न स्रोतों में कुछ जगहों पर अल्पसा काना-मात्रा या एकाद दुसरे शब्द का फर्क दिखाई देता है, जैसे कि पी. डी. बडथ्वाल ने गोरख-बानी में, और हमने इस सबदी कार्य में, बारिकी से नमूद किये है। तथापि, भले "गोरख सबदी" के अलग अलग हस्तलिखितों में, जो बडथ्वाल ने इस्तेमाल किये; राजा [राज गुरु] योगी चंद्रनाथ संपादित "श्री गोरख गुटका" में, जो नाथ पंथ भेग भगवान के प्रवाह में आया; व जोधपुर दरबार पुस्तकालय की प्राचीन हस्तलिखित प्रति "श्री गोरषनाथ जी की सब्दी" — इन प्रतियों में कुछ शब्दों में रचना का फर्क देखा गया

है, तब भी लगभग सारी सबदीयों का जो मूल संग्यान है वह सबदी के सभी मूल स्रोतों में सुरक्षित है यह महत्वपूर्ण है।

‘ख’ और ‘ष’ तथा चंद्रबिंदु बाबत गोरख-बानी में, भूमिका, पेज 19, बड़थ्वाल कहते है : "(ख) प्रति को छोड़कर अन्य प्रतियों में 'ख' सर्वत्र 'ष' लिखा गया है। और (ख) में भी सर्वत्र 'ख' नहीं मिलता है। इसलिए मूल में सर्वत्र 'ष' ही रक्खा गया है। जहाँ कहीं 'ख' छप गया हो उसे पाठक 'ष' बना ले। [?] प्रतियों में कहीं चंद्रबिंदु नहीं है। मूल में चंद्रबिंदु कहीं-कहीं पर आ गये हैं। ह्रस्व मात्राओं के साथ जहां चंद्रबिंदु मिले, वे जान बूझ कर उच्चारण की सुविधा के लिए रक्खे गये हैं। दीर्घ मात्राओं के साथ जहाँ-जहाँ चंद्रबिंदु छपे हो उन्हें अनुस्वार समझना चाहिए।"

गोरख-बानी की अपनी भूमिका में, पेज 18, बड़थ्वाल कहते हैं, "'सबदी' गोरख की सबसे प्रामाणिक रचना जान पड़ती है। वह सब प्रतियों में मिलती है।" गोरखनाथ एवं सबदी की ऐतिहासिकता के बारे में भूमिका में, पेज 19-20, बड़थ्वाल कहते हैं, "मैं अधिक संभव यह समझता हूँ कि गोरखनाथ विक्रम की ग्यारहवीं शती [इसवी दसवीं शती] में हुए।" तथा नाथ पंथ के प्रवाह में चली रचना श्री गोरख गुटका में भी 'सबदी' सबसे महत्वपूर्ण है। गोरख सबदी नाथ/सिद्ध पंथ का प्राण है, अध्यात्म जगत की एक कालजयी देषना है।

गोरखनाथ की सबदी व उनके भाषांतर के लिए बडथ्वाल की किताब गोरख-बानी [2017 विक्रम संवत, (1960 इसवी), pp1-83] का इस्तेमाल किया गया है। गोरख-बानी में बहुत सारी सबदी के शब्दों में प्राचीन हस्तलिखितों से प्राप्त पाठ भेदों को बडथ्वाल ने बारिकी से दर्शाया है, जो हमने नोट किये है और जहां सम्यक हो इस्तेमाल किए है।

आगे, हमने Sig.ra Offredi (1991) द्वारा संपादित जोधपुर दरबार पुस्तकालय के सबदी (श्री गोरषनाथ जी की सब्दी) के हस्तलिखित का भी साथ लिया है; और हमने राज गुरु योगी चंद्रनाथ संपादित योगीयों का नित्याचार अखंड पूजा (श्री गोरख गुटका), (चंद्रनाथ 1975, pp75-159), और उसका पुनःप्रकाशित एडिशन श्री गोरख गुटका (खेतानाथ योगाश्रम, pp43-94) का भी उपयोग किया है। इस कार्य में हमने McGregor (1995) व Callewaert (2009) इन डिक्शनरीयों के साथ Online हिंदी, अंग्रेजी, पालि, संस्कृत डिक्शनरीयों का भी इस्तेमाल किया है। साथ ही, इसमें योगी सूरजनाथ की सबदी व काव्यात्मक रचनाएं, दरसण बोध "The Understanding of Observation" और पथ का मर्म "The Heart of the Path" है, नाथ पंथ के विशिष्ट पहलूओं पर योगी सूरजनाथ के पांच लेख (चार हिंदी व अंग्रेजी में, तथा एक हिंदी में) है, और राज गुरु योगी चंद्रनाथ (1975, pp313-319) से नाथ पंथ के बारह उपपंथों के बारे में दो लेख है।

महायोगी गुरू गोरखनाथ की अनंत दया-करुणा सूं, तथा सिद्ध बुद्ध, गुरु पीर, योगी व प्रेमी जनों के मंगल संवेग के साथ, कालजयी धरोहर गोरख सबदी का यह कार्य, भगवान नाथ के साथ, भेग भगवान व बहुजन सेवा में समर्पित है। अनेक साधू व प्रेमी जनों का इस काम में सहयोग हुआ है। सो आंतरिक साधना-खोज व साथ-सहयोग से यह गोरख सबदी कार्य सिद्ध है।

— योगी सूरजनाथ व भगवान नाथ।

INTRODUCTION

In his first Sabadi, referring to supreme truth, Gorakhnath says, "Who can name him?, *tākā nā̃va dharahuge kaisā*." He says the absolute minimum, saying only that supreme truth is neither the manifesting (name and form) nor emptiness, that emptiness and the manifesting are distinct realities, in which emptiness is beyond the manifesting.

The Sabadis or sayings tell us that the totality of a human being, implying both conscious and subconscious (unconscious) things, is the interconnected movement of sensations and feelings, sounds and vibrations, thoughts and desires; that with desire, our consciousness moves in time and becoming, and that right meditation is the awakening of emptiness, that is, divine fire or *bodhi* on its own from nowhere, and the emptying of the consciousness. The emptying of the consciousness is our dying, psychologically, which is sweet. To die while living and live having died is the supreme art of living.

The teaching of Gorakh of *joga* (yoga) or religion is *alakh vigyān*, which is to be known with the *alakh* sense and meditation and not solely by thinking or thought.

The sense of *alakh*, or of *alakh nirañjan avadhū*, is clear in the Sabadis (it is clarified in the notes to Sabadis 4, 28 etc.). Thought or thinking is movement in time, from the past, through the present, into the future. Thought is by nature unable to stay in and live in the present. Whether speeded up, or slowed down or suspended as in *samādhi*, thought is unable to go or live beyond time. Thought is time! Thus, to know the place of thought in daily life and its limit, that is, the scope and limit of the known, and to live with freedom from the known, freedom from ideas and ideologies, to live with youthfulness (*bālā*), is not ignorance, it is innocence, which is a matter of

understanding. To live by thought is contemplation, a part of the mind operating; to live in the present skilfully, to live what is with freedom from thought, is meditation (*dhyān*). Meditation is the *alakh* sense, in which there is observation of what is, emptying and moving deeper into life and passing beyond intellectual grasping. The Gorakh Sabadis, with the understanding of time, with the understanding of various aspects of life, of theory and practice, with the understanding of observation and emptiness which is fundamental, are nirvanic teachings of the ending of time, becoming and sorrow, which rightly affect our daily life with the awakening of very many insights and with the sense of moving beyond.

Gorakh is the pioneer who explored *kapālabhāṭi*, holding of the breath (*kumbhaka*), *bandhas*, *mudrās* etc. – the many yogic practices the world knows today. Gorakh presents their most basic structures, techniques, their scope and limits, in simple words in the Sabadis. The origin of these practices, which inquirers seek in subsequently expanded or ideologically interpreted texts actually lies in the Gorakh Sabadis in their original, primary form. Further, Gorakh does not even call these practices yoga or *haṭha yoga*. Gorakh describes yoga as *alakh vigyān*, and a yogi as *alakh vigyānī*.

This work contains a comprehensive compilation of the Gorakh Sabadis or the sayings of Gorakh Nath, with their transliterations, translations and notes at many places in both Hindi and English. *Samyak* siddhas or *dhyāni-gyānis*, serious explorers, literary seekers and general readers may care to explore and absorb the Sabadis, and *Darasaṇ Bodh* etc. for themselves. Many of the Sabadis can be understood on their first reading, while others will require more work, and their meaning will start unfolding and becoming clearer in the fire of meditation. In fact, the Sabadis can change our consciousness from the very beginning as we read them with

an open mind, for the understanding of the *alakh* sense, observation and meditation is possible for everyone.

What fundamental things Gorakh says about yoga or religion, its theory and practice, are contained in his Sabadis. A few of the Sabadis are from other Nath siddhas, which is apparent from their names, and have been incorporated into the Gorakh Sabadis. Some seem to be later compositions, for example Sabadi 95, but they rightly go with the sense of Sabadis; and some of the Sabadis seem to be interpolated, such as Sabadi 162, which is a matter of judgment. There are different Gorakh Sabadi manuscript sources, and in these small differences in the wording are noted, and at a few places there are even differences in words, all of which are carefully noted by Barthwal in *Gorakh-Bānī*, and have been noted by us in this work as well. Though there are small differences in these sources, even so, the original sense of almost all of the Sabadis is intact, which is important.

On page 18 of his Introduction to *Gorakh-Bānī*, Barthwal says, "'सबदी' गोरख की सबसे प्रामाणिक रचना जान पड़ती है। वह सब प्रतियों में मिलती है। *'sabadī' gorakh kī sab se prāmāṇik racanā jān paṛtī hai. vah sab pratiyõ mẽ miltī hai*. 'Sabadi' is seen as the most authentic composition of Gorakh. It is found in all manuscripts." Further, on pages 19-20, Barthwal says, "मैं अधिक संभव यह समझता हूँ कि गोरखनाथ विक्रम की ग्यारहवीं शती में हुए। *mãĩ adhik sambhav yah samajhatā hũ̃ ki gorakhnāth vikram kī gyārahavī̃ śatī mẽ hue*. I believe that it is more than likely that the time of Gorakhnath is the eleventh century V.S. [the tenth century A.D.]." Accordingly, 'Sabadi' is the most important part of the *Śrī Gorakh Guṭakā*, a composition wthin the Nath tradition.

This translation of the Sabadis uses the text published in Barthwal, *Gorakh-Bānī*, [2017 *Vikram Samvat*, (1960 A.D.),

pp1-83]. Barthwal gives extensive variant readings for many of the Sabadis, which we have noted and used where it seemed appropriate. We have also drawn on the *Jodhpur Darbār Pustakālaya* manuscript of the Sabadis, *Śrī Gorakhnāth jī kī Sabdī*, edited by Sig.ra Offredi (1991); we have also used Raj Guru Yogi Candranath's edition of the Sabadis published as *Śrī Gorakh Guṭakā* (*Khetānāth Yogāshram*, pp43-94) as part of his edited collection entitled *Yogiyõ kā Nityācār Akhaṇḍa Pūjā* (Candranath 1975, pp75-159). We have drawn upon the McGregor (1995) and Callewaert (2009) dictionaries as well as online Hindi, English, Pali, Sanskrit dictionaries in preparing this work. In addition, there are Sabadis and compositions in verse by Yogi Surajnath, namely *Darasaṇ Bodh* "The Understanding of Observation" and *Path kā Marma* "The Heart of the Path", four articles in Hindi and English and one in Hindi by Yogi Surajnath on certain aspects of the Nath tradition, and two articles from Raj Guru Yogi Candranath (1975, pp313-319) concerning the twelve branches of the Nath tradition.

With the infinite compassion of Guru Gorakh Nath, and with good wishes from siddhas and buddhas, *guru-pīrs*, yogis and friends, this work on Gorakh Sabadis, one of the timeless classics of religion and spirituality, is submitted in service of the Bheg Bhagavan and all people. Many *sādhus* and affectionate people have cooperated in this work, and so the work on Gorakh Sabadis is siddha.

— Yogi Surajnath and Bhagavan Nath.

गोरख सबदी
GORAKH SABADI
The Sayings of Gorakh Nath

बसती न सुन्यं सुन्यं न बसती, अगम अगोचर ऐसा |
गगन-सिषर महिं बालक बोलै, ताका नाँव धरहुगे कैसा ||१||

basatī na sunyã, sunyã na basatī, agama agocara aisā,
gagana-sikhara mahĩ bālaka bolai, tākā nā̃va dharahuge kaisā.

Neither the manifesting nor emptiness,
neither emptiness nor the manifesting,
not known, not sensed, so!
High in the firmament the child speaks,
who can name him? (1)

इस पहली ही सबदी में गोरख साफ कहते हैं कि, नाम-रूप व शुन्यता यह अलग अलग वास्तविकताएं हैं, जीवन की समग्रता में यह अस्तित्वगत भिन्न स्तर है। चित्त आकाश की ऊंचाई में, निर्जरित चित्त में, परम सत की उकलन एक बालक के बोल की तरह होती है, जिसका बखान नहीं किया जा सकता, ऐसा कहते हुए गोरख उस बाबत शायद ही बात करते है। मतलब, गोरख तत्त-दरसण (तत्वदर्शन) वा तत्त-ग्यान (तत्वज्ञान) का सुस्पष्ट उद्घोष करते हुए कहते हैं कि, पूरा अस्तित्व तीन मूलतः अलग स्तरों में विभाजित है; और आगे सबदीयों में यह स्पष्ट है कि पिंड (जीव/आतमा या आत्मवस्तु) यह बसती या नाम-रूप का

हिस्सा है। और हमारा सम्यक दरसण, ध्यान, यह शुन्यता का आत्मवस्तु या बसती के साथ पूलना है, जिसमें नाम-रूप पिंड या आत्मवस्तु का शुन्यता में समापन (absorption) होते रहता है, हमारा मीठा मरण हमें साफ होता है।

गोरख, पुनर्उच्चारण के साथ, पहली ही सबदी में स्पष्ट करते हैं कि, परम सत [चाहे तो God आदि कहे] यह नाम-रूप नहीं है और शुन्यता भी नहीं है। तथा अजानता वा अलख संग्यान, मतलब ग्यात की जगह व मर्यादा को समझकर ग्यात से मुक्तता, सम्यक शोध व सिख का आधार है। [उल्लेखनीय है कि गोरख, बुद्ध एवं जिद्दू ये तीनों महासिद्ध, तत्त दरसी संग्यान सूं तत्त ग्यान की मौलिक बात करते हुए, अस्तित्व की समग्रता के बारे में मूलतः एक ही बात कहते हैं। गोरखनाथ सारे अस्तित्व के बसती, सुन्यं एवं अकथ सत (अकथ परम सत) ऐसे तीन मूलतः अलग स्तर बताते हैं; इसी को बुद्ध नाम-रूप सत, बोधि सत एवं निरवाण सत कहते बारिकी से बताते हैं; और जिद्दू इन्हें Intellect, intelligence और supreme intelligence or the sacred कहते हैं।]

अगम मतलब जाना हुआ नहीं, ग्यात नहीं। ग्यात हमेशा भूतकाल की बात होती है। अगोचर मतलब इंद्रियों की, विचार सहित, अपनी ग्रहण क्षमताओं के परे। परम सत अगम अगोचर कहा गया है। शुन्यता भी इंद्रियों की अपनी ग्रहण क्षमताओं के परे है; परंतु अलख संग्यान व मन की वर्तमानता यह समग्रता है, भले मन में विचार शृंखला चलती हो या नहीं, और इसमें शुन्यता का अपने से कल्पनातीत वा निःशेष से जागना होता है, जिसमें मन को शुन्यता की अंतर्समझ (insight) होती है, सो शुन्यता के जगने के लिए मन कभी भी खुला होता है।

यह भी नहीं/वह भी नहीं ऐसी डबल नकारात्मकता इस सबदी में होने के कारण कुछ वाचक ऐसा सोच सकते हैं कि, यह सबदी नागार्जुन की तार्किक विवेचनात्मक कारिकाओं से प्रभावित है। तथापि, इस सबदी का नागार्जुन से कोई संबंध नहीं है।

Here Gorakh simply says that the manifesting (name and form) and emptiness (timelessness, divine fire, *bodhi*) are distinct realities, that they are altogether different planes of existence. That is, Gorakh declares that the totality of existence is absolutely divided into three different planes; in the Sabadis it is explained that the self is a part of the manifesting or name and form; and our right meditation, observation, is the awakening of emptiness into the self, in which the self is being absorbed into emptiness. The awakening of divine fire and the dying of the self, of time, is explained in these Sabadis.

Gorakh hardly ever speaks about an absolute or supreme plane, simply likening its unfolding to the speech of a child in the inner firmament, in the emptied self, that cannot be named or described. Gorakh shows the very first step, that supreme truth is neither the manifesting nor emptiness, which he indicates through repetition. That innocence or the *alakh* sense is the basis of enquiry, of learning. . [It is worth noting that Gorakh, the Buddha and Jiddu, they all expressed the same truth, but with different words, to explain in terms of three different planes in the existence, as a whole: Gorakh used the word "*basatī*" for the manifesting or name and form, "*sunyã*" for emptiness and the unspeakable for supreme truth. Whereas the Buddha used the term "*nama-rupa*" for name and form, and words such as "*bodhi*" and "*nibbāna*" respectively for higher planes. And, Jiddu used the words such as intellect, intelligence and the sacred.]

Agama means not known, the unknown; *agocara* means not graspable by the sense organs, including thinking, on their own. Supreme truth is said to be *agama, agocara*. Emptiness is beyond the reach of the sense organs on their own, but the alakh sense and the presence of the mind, despite its chattering, is wholeness, and here is the awakening of emptiness by itself from nowhere, in which the mind gets insight, and is open to receive it at any time.

Some readers may feel that because of the double use of neither/nor in this Sabadi it is do with Nagarjun's logical analytical Karikas. However, this Sabadi is nothing to do with Nagarjun.

अदेषि देषिबा देषि बिचारिबा, अदिसिटि राषिबा चीया |
पाताल की गंगा ब्रह्मंड चढ़ाइबा, तहां बिमल बिमल जल
पीया ||२||

adekhi dekhibā dekhi bicāribā, adisiṭi rākhibā cīyā,
pātāla kī gangā brahmaṇḍa caṛhāibā, tahā̃ bimala bimala
jala pīyā.

Behold the unseen, contemplate the seen,
keep your mind with the unknown.
Raise the Ganges below to the egg of Brahma,
for there the pure drink pure water. (2)

जो देखा जा रहा होता है, देखने की प्रक्रिया में होता है, वह अदेखा होता है, देखा हुआ नहीं। मतलब, नदी की धारा या भीतर पवनां-वेदनां गति हर समय नयी होती है, देखी जा सकती है, देखी हुई नहीं होती। देखी हुई याददाश्त होती है बस। सो अजानता से सहज चेतन रहने में निर्मल जल का, बोधि या ब्रह्म अगनि का, अपने से प्रकट होना होता है।
ब्रह्मंड का सीधा अर्थ मन-मगज है, जो संक्षिप्त स्वरूप में जगत की प्रातिनिधिकता है। सम्यक ध्यान में मन-मगज की चेतना-शक्ति संग्रहित व उधोगामि होती है। ब्रह्मंड का जगत यह भी अर्थ है।

That which is being seen is, in the process of observing, unseen, not seen. That is, the flow of a river or the movement of feelings and sensations within is always new, it can be seen, it is not seen. What is seen is but a memory. Thus, remaining aware of the stream of our consciousness, with ease, is the awakening of emptiness, pure water or *bodhi*, on its own from nowhere.
The egg of Brahma (*brahmāṇḍa*) simply means the brain, which is a representation of the world in condensed form. Attention, beholding,

is the gathering, raising of the energy of the brain. *Brahmāṇḍa* may also mean the universe.

इहां ही आछै इहां ही अलोप, इहां ही रचिलै तीनि त्रिलोक |
आछै संगै रहै जू वा, ता कारणि अनंत सिधा जोगेस्वर हूवा ||३||

ihā̃ hī āchai ihā̃ hī alopa, ihā̃ hī racilai tīni triloka,
āchai sangai rahai jū vā, tā kāraṇi ananta sidhā jogesvara hūvā.

Here is what is, here the invisible,
here the three worlds are created;
So be open and stay with what is,
that's how untold siddhas became
Yogeshvaras. (3)

आछै (*āchai*), आछत, आछना, अछ-, आछ-, छै, अछै, आछैं मतलब/means है, to be, that which is, what is, जो है; वा (*vā*) means open, (Callewaert 2009 and McGregor 1995).

तीनि त्रिलोक से यह समझ है कि, विचार-तृष्णा जगत, शरीर-मानस जगत जिसका विचार-तृष्णा जगत यह हिस्सा है, और बसती के रूप में जगत की समग्रता, जिसके विचार-तृष्णा व शरीर-मानस यह हिस्सा है। यह तीनों मूलतः अभिन्न है, लौकिक है, और कालगामिता से है। यही आसति सत है, आछै या वास्तविक है। जीव जगत है (वा पिंड ब्रह्मांड है), जगत का प्रातिनिधिक हिस्सा है, और जगत हमारे भीतर है। दरसण की अगनि में, शुन्यता के जगने से,

पिंड का अवधूनन यह पिंड वा जीव-जगत या लोकों का चैतसिक परावर्तन व निर्जरा है।

The three worlds, *tīni triloka*, are understood as the world of thought-desire, the world of the body-mind of which thought-desire is a part, and the world as manifesting as a whole, of which thought-desire and body-mind are parts. These three are inseparable, and are temporal, they exist in time. This is what is (*āchai*). You (*piṇḍa*) are the world (*brahmāṇḍa*), a part of the world, and the world is in you. The emptying of the *piṇḍa*, in the fire of observation, with the awakening of *śunya* or emptiness, is the transformation and ending of you and the worlds or *lokas*.

࿋

वेद कतेब न षांणीं बांणीं, सब ढंकी तलि आंणीं |
गगनि सिषर महि सबद प्रकास्या, तहं बूझै अलष बिनांणीं ||४||

veda kateba na khā̃ṇī̃ bā̃ṇī̃, saba ḍhankī tali ā̃ṇī̃,
gagani sikhara mahi sabada prakāsyā, tahã būjhai alakha binā̃ṇī̃.

No Vedas, no holy book,
no speeches, no sermons,
they all mask the truth.
The word shines high in the firmament,
there the vigyani sees the unseen. (4)

अलख = अ- + लख। अ- = ना, नकार, un-, free from; लख (लखना से लख, लखित, लखा हुआ) = देखा हुआ, सुना या जाना हुआ, ग्यात। संस्कृत में अ- + लक्ष्य = अलक्ष्य है। लक्ष्य का मतलब है निशाना, साध्य, आदर्श, भविष्य की

कोई बात, कि जो हमेशा ग्यात के, भूत के, आधार पर होती है। अलख संग्यान से मतलब है ग्यात की जगह व मर्यादा समझकर ग्यात से मुक्तता। यह सूझबूझ के साथ अजानता से जीना है, मन से तरूण रहना है — गोरख बाला।

सो चेतना ग्यात से मुक्त होती है, निवड रहित, सहज, शुन्यता से होती है।

बिनांणीं या विनांणीं यह बिनाण या विनाण, मतलब, विग्यान, वि- + ग्यान है। वि- = विशुद्ध, विशेष; ग्यान = ज्ञान, सूझ। सो अलख विग्यान का अर्थ है निवड रहित, विशुद्ध ग्यान, और जो ऐसे जीये वह अलख विग्यानी है। इस प्रकार से योग व योगी की व्याख्या हमें गोरखनाथ के शब्दों में मिलती है, अर्थात, जोग अलख बिनाण "योग अलख विग्यान।" और, जोगी अलख बिनाणी "योगी अलख विग्यानी।" [गोरख का “बिनाण” व बुद्ध का “विन्नाण” ये शब्द तकरिबन एक ही अर्थ से है – शुद्ध चेतना।]

Alakh = *a* + *lakh*. *A* means no, not, un-, free from; plus *lakh* (from *lakhanā*, to see, giving *lakh, lakhit, lakhā huā*, seen, having seen or known) and thus the seen, the known. In Sanskrit we have *a* + *lakṣya*. *Lakṣya* = aim, ideal, goal, something in the future, which is always on the basis of the known, the past. The *alakh* sense is to know the place and limit of the seen, the known, and is thus freedom from the seen, the known. It is to remain with the unknown, to live in youthfulness, consciously. In other words, it is to be open, to be a *bālā* – a Gorakh Bālā.

Awareness is thus free from the known, it is choiceless, effortless, it is emptiness.

Binānī or *vinānī* is from *binānа* or *vināṇa*, that is, *vigyān, vi* + *gyāna, vi* = pure, uncontaminated, *gyāna* or *gyān* = knowledge, wisdom. Thus *alakh vigyān* means choiceless, pure knowledge, awareness, and whoever lives so is an *alakh vigyānī*. And thus we have definitions of yoga and a yogi in Gorakhnath’s words, viz. *Joga alakh binān* “Yoga is *alakh vigyān*” and, *Jogī alakh binānі* “A yogi is an *alakh vigyānī*”. [The word "*binān*" used by Gorakh, and the word "*vinnān*" used by the Buddha, they both mean almost the same – pure awareness.]

अलष बिनांणीं दोइ दीपक रचिलै, तीन भवन इक जोती |
तास बिचारत त्रिभवन सूझै, चुणिल्यौ मांणिक मोती ||५||

alakha binā̃ṇī̃ doi dīpaka racilai, tīna bhavana ika jotī,
tāsa bicārata tribhavana sūjhai, cuṇilyau mā̃ṇika motī.

The alakh vigyani shines light on duality;
throughout the three worlds, one light.
Meditating on it, the three worlds appear –
go gather rubies and pearls. (5)

तीन लोक या तीन भवन का मूल स्वभाव यह उत्पाद-व्यय, राग-द्वेष, नाम-रूप या दिक्-काल ऐसे दोइ (द्वैत) से है (cf. #3). यथाभूत सत दरसण की ज्योति एवं कालातीतता की अंतर्समझ यहां परिलक्षित है।

The basic nature of the three worlds is the duality of arising and passing, attraction and repulsion, name and form or space and time (cf. #3). The flame of attention towards what is and insight into timelessness is implied here.

࿊

वेदे न सास्त्रे कतेबे न कुरांणे, पुस्तके न बंच्या जाई |
ते पद जांनां बिरला जोगी, और दुनी सब धंधै लाई ||६||

vede na sāstre katebe na kurā̃ṇe, pustake na bañcyā jāī,
te pada jā̃nā̃ biralā jogī, aura dunī saba dhandhai lāī.

It’s not in the Vedas, scriptures,
holy books or the Quran –
it can’t be read in books.

Rare yogis know that path,
and the rest of the world is deluded. (6)

हसिबा षेलिबा रहिबा रंग, कांम क्रोध न करिबा संग |
हसिबा षेलिबा गाइबा गीत, दिढ करि राषि आपनां चीत ||७||

hasibā khelibā rahibā ranga, kā̃ma krodha na karibā sanga,
hasibā khelibā gāibā gīta, diḍha kari rākhi āpanā̃ cīta.

Laugh, play and live joyfully,
have nothing to do with lust, anger;
laugh, play, sing your song,
and keep your mind steady. (7)

हसिबा षेंलिबा धरिबा ध्यांन, अहनिसि कथिबा ब्रह्म गियांन |
हसै षेलै न करै मन भंग, ते निहचल सदा नाथ कै संग ||८||

hasibā khẽlibā dharibā dhyā̃na, ahanisi kathibā brahma giyā̃na,
hasai khelai na karai mana bhanga, te nihacala sadā nātha kai sanga.

Laugh, play, and keep meditating,
day and night declare the divine wisdom.
Laughing and playing, don’t divert your mind,
motionless, always in the company of Nath. (8)

महंमद महंमद न करि काजी, महंमद का विषम बिचारं |
महंमद हाथि करद जे होती, लोहै घड़ी न सारं ||९||

mahammada mahammada na kari kājī, mahammada kā viṣama bicārã,
mahammada hāthi karada je hotī, lohai ghaṛī na sārã.

Oh qazi, don’t say Muhammad Muhammad,
Muhammad’s thought is hard to grasp.
The knife in Muhammad’s hand,
was not made of iron or steel. (9)

֍

सबदैं मारी सबदँ जिलाई, ऐसा महंमद पीरं |
ताकै भरमि न भूलौ काजी, सो बल नहीं सरीरं ||१०||

sabadãĩ mārī sabadã jilāī, aisā mahammada pīrã,
tākai bharami na bhūlau kājī, so bala nahī̃ sarīrã.

With the Word he killed,
with the Word he revived,
Pir Muhammad was like that.
O qazi, don’t get lost in his searching,
your body does not have that strength. (10)

We have सबदैं सबदँ – this may be a misprint in Barthwal, but the Gorakhpur edition and GG have more or less the same: सबदै सबदँ and सबद सबद respectively.

֍

नाथ कहंतां सब जग नाथ्या, गोरष कहतां गोई |
कलमा का गुर महंमद होता, पहलैं मूवा सोई ||११||

nātha kahãtā̃ saba jaga nāthyā, gorakha kahatā̃ goī,
kalamā kā gura mahammada hotā, pahalãĩ mūvā soī.

Nath says the whole world is linked together;
Gorakh tells the secret.
Muhammad taught kalima,
he worked, and he too died. (11)

गोरख काल के जलने का, कालांत का, भेद बताते हैं, चैतसिक मीठे मरण का रहस्य बताते हैं (cf. ##26, 291).

Gorakh tells the secret of the ending of time, of dying psychologically (cf. ##26, 291).

सारमसारं गहर गंभीरं, गगन उछलिया नादं |
मानिक पाया फेरि लुंकाया, झूठा बाद-बिबादं ||१२||

sāramasārã gahara gambhīrã, gagana uchaliyā nādã,
mānika pāyā pheri lũkāyā, jhūṭhā bāda-bibādã.

The heart of it all is deep, profound.
The nād burst out in the firmament,
found a ruby – wandering is over.
All debate is just lies. (12)

कोई बादी कोई बिबादी, जोगी कौं बाद न करनां |
अठसठि तीरथ समंदि समावैं, यूँ जोगी कौं गुरुमुषि जरनां ||१३||

koī bādī koī bibādī, jogī kāũ bāda na karanā̃,
aṭhasaṭhi tīratha samandi samāvā̃ĩ, yū̃ jogī kāũ gurumukhi jaranā̃.

Some debate, some argue,
a yogi shouldn't argue.
Just as the sixty-eight rivers flow into the ocean,
the yogi burns with the guru's word. (13)

उतपति हिन्दू जरणां जोगी, अकलि पीर मुसलमांनीं |
ते राह चीन्हों हो काजी मुलां, ब्रह्मा बिस्नू महादेव मांनीं |१४||

utapati hindū jaraṇā̃ jogī, akali pīra musalamā̃nī̃,
te rāha cīnhõ ho kājī mulā̃, brahmā bisnū mahādeva mā̃nī̃.

By birth a Hindu, by burning a yogi,
a Muslim pir by understanding.
O qazi, O mullah, recognize the path
accepted by Brahma, Vishnu, Mahadev. (14)

Line 1, we read "*pari*" as "*pīra*", following GG#12 and Barthwal's gloss.

मांन्यां सबद चुकाया दंद, निहचै राजा भरथरी परचै गोपीचंद |
निहचै नरवै भए निरदंद, परचै जोगी परमानंद ||१५||

mā̃nyā̃ sabada cukāyā danda, nihacai rājā bharatharī paracai gopīcanda,
nihacai naravai bhae niradanda, paracai jogī paramānanda.

The word accepted, confusion ended,
kings Bhartrihari and Gopichand
clearly experienced this.
Indeed, great men became free from confusion.
As they experience this,
yogis are filled with joy. (15)

अह निसि मन लै उनमन रहै, गम की छांड़ि अगम की कहै |
छाड़ै आसा रहै निरास, कहै ब्रह्मा हूँ ताका दास ||१६||

aha nisi mana lai unamana rahai, gama kī chā̃ṛi agama kī kahai,
chāṛai āsā rahai nirāsa, kahai brahmā hū̃ tākā dāsa.

Day and night he holds the mind,
goes beyond the mind,
he lets go the known,
declares the unknown.

Gives up desire, stays empty,
Brahma says, I serve him. (16)

अरधै जाता उरधै धरै, कांम दगध जे जोगी करै |
तजै अल्यंगन काटै माया, ताका बिसनु पखालै पाया ||१७||

aradhai jātā uradhai dharai, kā̃ma dagadha je jogī karai,
tajai alyangana kāṭai māyā, tākā bisanu pakhālai pāyā.

A yogi holds upward what goes downward
and burns up desire.
He leaves embraces behind, cuts through maya.
Vishnu washes his feet. (17)

अजपा जपै सुंनि मन धरै, पांचौं इंद्री निग्रह करै |
ब्रह्म अगनि मैं होमै काया, तास महादेव बंदै पाया ||१८||

ajapā japai sũni mana dharai, pāñcāũ indrī nigraha karai,
brahma agani mãĩ homai kāyā, tāsa mahādeva bandai pāyā.

He speaks the unspoken,
holds the mind in emptiness,
restrains the five senses.
He sacrifices his body in the divine fire –
Mahadev bows to his feet. (18)

सबदी में "ब्रह्म अगनि" शब्द प्रयोग विशिष्ट अर्थ से है। पहली बात यह कि, ब्रह्म अगनि यह परम सत ऐसे अर्थ में नहीं है। अपनी पहली ही सबदी में, गोरखनाथ समग्रता से जीवन के स्तर बताते है और कहते है कि अवधूत चित्त में परम सत का जगना बच्चे के बोल जैसे होता है, सो उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। जैसा कि इस सबदी में व अन्यत्र स्पष्ट है, ब्रह्म अगनि में अहं पिंड की निर्जरा होती है, चित्त अवधूनन चलता है। ब्रह्म अगनि को दैवीय अगनि, ध्यान अगनि, दरसण ज्योति भी कह सकते हैं। यह निरंजन अगनि है जिसमें हमारे चित्त का अवधूनन होता है, हम चैतसिकतः मरते हैं। सो ब्रह अगनि यह बोधि है, प्रग्या है। सबदीं में बोध या बोधि शब्द भी इसी अर्थ में उपयोग किया गया है।

देखे, सुने हुए से मुक्तता, ग्यात से मुक्तता, यह अलख संग्यान है, मन की समग्रता है। अलख संग्यान, मन की समग्रता, अस्ति सत दरसण या ध्यान, शुन्यता, दैवीय अगनि या बोधि व अवधूनन यह सब एक साथ होता है, एक ही गति है। जब हमारा मन विचार-काल के क्षेत्र में काम कर रहा होता है, तब दैवीय अग्नि या शुन्यता से हमारा कोई संबंध नहीं होता, हम काल-विचार होते है। ग्यात, विचार से मुक्तता यह मन की समग्रता है, और इसमें दैवीय अग्नि का अपने आप अकल्पित से (from nowhere) जगना होता है। उस अगनि में काल, भव नहीं चलता, बल्कि भाव-पवनां, विचार शृंखला काल का पर्दा दर पर्दा अवधूनन चलता है, और जीवन में ग्यात के परे ऐसे गहराना होता है कि जिससे वापसी नहीं।

The phrase *brahma agani* occurs in the Sabadis with a specific sense. It does not indicate Brahma as supreme or absolute truth, or God. In the first Sabadi, Gorakh describes the stages of life as a whole and says that the awakening of supreme or absolute in the emptied consciousness is like the speech of a child, so there is virtually no way to describe it. *Brahma agani* refers to burning of our mind, the self, as is said in this Sabadi and elsewhere, that is, the emptying of our consciousness. *Brahma agani* could also be

translated as "divine fire", "fire of attention" or "flames of beholding". It is a fire that affects the emptying of our consciousness, the fire in which we die psychologically. Thus *brahma agani* is nothing but *bodhi,* intelligence. The word *bodhi* or *bodh* is also used in Sabadis in the same sense.

Freedom from the seen, the known, is the *alakh* sense, it is wholeness of the mind, the fire of attention or observation of what is, emptiness – divine fire and emptying mean the same. When our mind works in the dimension of thought-time, there is no contact with the divine fire or with emptiness. Freedom from thought-time, the known, is wholeness of the mind, herein is the awakening of divine fire on its own from nowhere. That fire affects not the becoming of thought-time but the emptying of time, of layer after layer of chains of thought, of feelings and sensations, and thus deepening into life beyond the known with no going back from the level attained.

❁

धन जोवन की करै न आस, चित्त न राषै कांमनि पास |
नाद बिंद जाकै घटि जरै, ताकी सेवा पारबती करै ||१९||

dhana jovana kī karai na āsa, citta na rākhai kā̃mani pāsa,
nāda-binda jākai ghaṭi jarai, tākī sevā pārabatī karai.

He does not yearn for wealth or youth,
he is not obsessed by women.
Sounds and sensations are burning in his body.
He is served by Parvati. (19)

❁

बालै जोबनि जे नर जती, काल दुकालां ते नर सती |
फुरतै भोजन अलप अहारी, नाथ कहै सो काया हमारी ||२०||

bālai jobani je nara jatī, kāla dukālā̃ te nara satī,
phuratai bhojana alapa ahārī, nātha kahai so kāyā hamārī.

Childlike or youthful, ascetics
that are true in good times and bad,
not lingering over food, eating a little.
Nath says, a body like that is my body. (20)

सबदहिं ताला सबदहिं कूँची, सबदहिं सबद जगाया |
सबदहिं सबद सूं परचा हूआ, सबदहिं सबद समाया ||२१||

sabadahĩ tālā sabadahĩ kū̃cī, sabadahĩ sabada jagāyā,
sabadahĩ sabada sū̃ paracā hūā, sabadahĩ sabada samāyā.

The word is the lock, the word is the key,
the word awakens the word.
When the word beholds the word,
the word merges into the word. (21)

सबद का शब्दशः अर्थ है कोई नाद, शब्द, कुछ कही बात, गीत आदि। सबद किसी भी नाद, तरंगों का निर्देश करता है, जो नाम-रूप जीवन गति की मूलभूत सत्यता है। साफ है कि, नाद, तरंग, वेदनां-भावनां, रंग-छटां आदि जीवन के आयाम है। हमारा सारा मन-मगज-शरीर यह मूलतः अनेकों प्रकार से वेदनां-तरंग गति है, और यही चेतना है। हमारी चेतना तृष्णा गामि हो तो काल, भव चलता है; और चेतना जब जब तृष्णा से मुक्तता के साथ अपने प्रति ही पल पल

चेतन, दरसण, से चले यह कालातीतता से ट्यून होना है। कालातीतता भव नहीं है, बल्कि इसमें ब्रह्म अगनि का पार से, अकल्पित से, अपने आप जगना होता है। ब्रह्म अगनि में सबद की शुन्यता में निर्जरा होती है।

आगे यह भी कि, भाव-पवनां के दरसण में ब्रह्म अगनि का, मतलब बोधि का, जगना तुरंत प्रभाव से होता है, जिसमें अवधूनन चलता है। तथापि, चित्त के संपूर्ण अवधूनन के उपरांत भी परम सत का जगना ऐसे अपेक्षित नहीं होता, जो तब अपने से पता नहीं कब कब जगे, कितने समय रहे और कब ओझल होता जाय। अर्थात, दरसण यह कुछ भी अपेक्षा करने की बात नहीं है। दरसण पार तत्त है, प्रदीप्तता है! दुसरे शब्दों में, आप खोजी है, किसी स्पिरिच्युअल माइलस्टोन पर है, या भले निरवाणिक है, दरसण (observation) ही सर्वोच्च चेतना तत्त है। सारी पार संभावनाएं दरसण सूं ही है। कहने की जरूरत नहीं कि, दरसण में चैतसिकतः "मैं" और "तु" नहीं होता। "मै", द्रष्टा यह अहं पिंड का ही हिस्सा होता है; और दरसण में अहं पिंड का, मतलब अहंभाव, राग, द्वेष, भयानुरागादि द्रष्टा-दृश्य का, मरणा होता है।

Sabada means sound, *nād*, a word, something said, a song. *Sabada* refers to any sound, i.e. vibration, which is the basic aspect of the movement of life, of name and form. The whole of our body-brain-mind is, basically, the movement of vibrations, sounds, sensations, which itself is awareness (*cetanā*). Our awareness with desire is time, whereas awareness aware of itself is free of desire, i.e. observing itself from moment to moment, and thus it is in tune with timelessness. Observation is not becoming, but the awakening of divine fire, *bodhi*, from beyond, from nowhere. Divine fire absorbs, i.e. empties, s*abada* into nothing.

With the *alakh* sense, in the observation of feelings and sensations there is an immediacy of the awakening of divine fire or *bodhi* from nowhere, in which there is emptying of the consciousness. However, even with the absolute emptying of the consciousness the awakening of the absolute truth, of Godly intelligence, cannot be expected to awaken as such, as it is unknown or uncertain when it will awaken, how long it may stay and when it will disappear. Observation is not to expect anything. Observation is absolute truth or *tatta*, and insight

into it is an enlightenment. Whether you are a seeker, or at some milestone, or are nirvanic, observation is itself ultimate truth. Anything from beyond is possible only through observation. Psychologically, observation is neither me nor you. Observation is the ending of the observer, the "I"ness, the ego centre, and its periphery, the observation of attraction, repulsion, anger, fear, affection, worry. The observer is the observed, and observation is the ending of the observer and the observed together.

❁

पंथ बिन पुलिबा अगनि बिन जलिबा, अनिल तृषा जहटिया |
ससंवेद सिध गोरषनाथ कहिया, बूझिल्यौ पंडित पढ़िया||२२||

pantha bina pulibā agani bina jalibā, anila tṛṣā jahaṭiyā,
sasãveda sidha gorakhanātha kahiyā, būjhilyau paṇḍita paṛhiyā.

Bridging without a path, burning without fire,
is like quenching thirst with air.
Siddha Gorakhnath has seen this, and says,
O parroting pundit, understand! (22)

लाइन 1, बडथ्वाल संपादित गोरख-बानी (GB) में गलती से "पुलिबा" को, किसी संस्कृत भाषांतर के प्रभाव में आकर, "चलिबा" मान लिया गया है। GG#23, JDP#25 सह बडथ्वाल के संदर्भ अंतर्गत सभी मूल हिंदी प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों में "पुलिबा" है, जो सही शब्द प्रयोग है। पुलिबा यह शब्द पुल, पुलना से है, जिसका क्रमशः मतलब है a bridge, to bridge; सो पुलिबा का मतलब है पुल या किसी पुल की तरह दो अलग छोरों को पुलना, जोडना।
विचार यह द्रष्टा व दृश्य में विभाजित काल गति होती है, जिसमें कालातीतता को जोड़ने की क्षमता कुदरतन नहीं है। ग्यात की जगह व मर्यादा को समझकर

ग्यात से मुक्तता व आसति सत दरसण, भावपवनां, वेदनां, नाद आदि का दरसण, यह कालातीतता से पुलना है, जिसमें बोधि का अकल्पित (nowhere) से सहज अपने आप से जगना होता है। दरसण यह ध्यान है, जिसमें जीवन व जीवन रहस्यों को जानने के लिए शील-सदाचार के साथ मूक संवेग (silent passion) समावेशीत है।

सारांश में, विचार यह ग्यात के आधार पर गतिमान होता है, भले तेजी से या धीमे से गतिमान हो, या समाधि जैसे स्थगन से हो, पर विचार की क्षमताओं में अजानता नहीं है, विचार अपने से बोधि से पुलना (bridging) नहीं कर सकता। ध्यान शुन्यता है, जिसमें पुलना होता है, जो मूलभूत बोध है, और यह जीवन में गहराते अनेकों इनसाइट की उकलन करने की क्षमता से है।

लाइन 2 में GB "श्री (गुर)" के जगह GG#23 से "सिध" यह शब्द दिया है। GB लाइन 2, प्रथम भाग, यह GG#23 में "सुसमवेद सिध गोरषनाथ कथिया।", और JDP#25 में "सुसमवेद जती गोरषनाथ कथीय़ा।" ऐसे है। ससंवेद व सुसमवेद यह स्व + सम् + वेदन है, और इसका मतलब है स्वानुभूत सहज आंतरिक वेदन। ससंवेद (सुसमवेद) = स्वसंवेद्य। कभी ससंवेद वा सुसमवेद का गलती से सुक्ष्म वेद ऐसा अनुवाद कर सबदी को सुक्ष्म वेद कहा जाता है; परंतु यदि पाठ सुषमवेद या सुछमवेद होता, जैसे बडथ्वाल कहते है, तभी यह अनुवाद स्वीकार्य होता। संग्यान रहे कि गोरख की इस कालजयी देषना को 'सबदी' या 'गोरख सबदी' कहना ही सम्यक है।

In line 1, Barthwal has substituted *calibā* for *pulibā*, stating in a footnote that in all mss *pulibā* occurs, and then stating that a Sanskrit translation gives it the meaning of "going", hence he used *calibā*. However, *pulibā* is used in GG#23 and JDP#25 as well, which we feel is the right version, deriving as it does from *pula*, *pulanā*, meaning "a bridge", "to bridge", respectively.

Thinking is movement in time, split between observer and the observed, and has no power to bridge timelessness. The *alakh* sense, that is, freedom from the seen, the known, and thus observation of "what is" (*asti*), of feelings, *nād* etc., is the bridging and awakening

of the divine fire (*bodhi*) on its own from beyond, from nowhere. Observation is meditation, which implies virtue and the *alakh* or silent passion to know life and its mysteries.
To sum up, thought being the known, whether speeded up, slowed down or suspended as in *samādhi*, has no potency on its own to bridge the ever unknown, *bodhi*. Meditation is the bridging, in which you gain insight into timelessness, emptying. This fundamental insight and meditation go together, deeper into our lives, and may give birth to insights.
GB "*śrī (gura)"* in line 2 is changed to "*sidha*", following GG#23. A variant reading of *sasaṃveda* in line 2 as *susamaveda* is found in both GG#23 and JDP#25; this is derived from *sva* + *sam* + *vedana*, and mean one's own, innate, natural perception.

❁

गगन मँडल मैं ऊंधा कूबा, तहां अंमृत का बासा |
सगुरा होइ सु भरि भरि पीवै, निगुरा जाइ पियासा ||२३||

gagana maṇḍala mãĩ ūndhā kūbā, tahā̃ ãmṛta kā bāsā,
sagurā hoi su bhari bhari pīvai, nigurā jāi piyāsā.

There is an upside down well
in the inner firmament
that is the source of ambrosia.
You have a sadguru, so drink deeply of it.
With no guru, you will go thirsty. (23)

❁

गगने न गोपंत तेजे न सोषंत, पवने न पेलंत बाई |
मही भारे न भाजंत उदके न डूबन्त, कहौ तौ को पतियाई ||२४||

gagane na gopanta teje na soṣanta, pavane na pelanta bāī,
mahī bhāre na bhājanta udake na ḍūbanta, kahau tau ko patiyāī.

The sky does not hide it
fire does not burn it
Lady, the wind does not blow it away
the earth does not crush it
water does not drown it,
but who will believe what I am saying? (24)

In line 2, GB had *yahī* for *mahī*, apparently a printing error; on the basis of Barthwal's gloss, GG#109 and JDP#27 it is changed to *mahī*.

सबदी 24 व आसपास की सबदीयां यह कहती हैं कि, नाम-रूप या महाभूत तत्व व ब्रह्म अगनि या बोधि यह मूलतः अलग हैं। पांच महाभूत व ब्रह्म अगनि (दैवीय अगनि) का पूलना (bridging) यह बोधि का जागना है, जो इन सबदीयों में कहा गया है। यहां कहा गया है कि पांच महाभूत या घट-पिंड उसे स्पर्श नहीं कर सकते, खंडित नहीं कर सकते, जो बात इनके परे है। दैवीय अगनि या बोधि यह दरसण की अगनि में अपने से जागती है और चैतसिक नाम-रूप तत्वों को जलाती है, जो हमारा मीठा मरणा है।

Sabadi 24 and the adjoining Sabadis state that the elements of name and form and divine fire or *bodhi* are fundamentally different. The bridging of elements and divine fire is the awakening of intelligence, which is declared in these Sabadis. Here it is said that the five

elements or the *ghaṭa-piṇḍa* cannot touch or break that, which is beyond them. The divine fire or *bodhi* awakens in the fire of observation by itself and dissolves elements psychologically, which is our sweet dying.

बास सहेती सब जग बास्या, स्वाद सहेता मीठा |
साच कहूँ तौ सतगुर मांनैं, रूप सहेता दीठा ||२५||

bāsa sahetī saba jaga bāsyā, svāda sahetā mīṭhā,
sāca kahū̃ tau satagura mā̃nāĩ, rūpa sahetā dīṭhā.

With the sense of smell,
the whole world is smelling,
with the tongue it tastes sweet.
If I speak the truth,
the sadguru will honour it,
beauty is in the beholding. (25)

मरौ वे जोगी मरौ, मरण है मीठा |
तिस मरणीं मरौ, जिस मरणीं गोरष मरि दीठा ||२६||

marau ve jogī marau, maraṇa hai mīṭhā,
tisa maraṇī̃ marau, jisa maraṇī̃ gorakha mari dīṭhā.

Die yogi, truly die,
dying is sweet.
Die the death Gorakh died,
beholding. (26)

Line 2, *mari* could literally mean both died (*mara gayā)* and dies (*maratā hai*). GG#274, line 1, second half, has *maranā hai mīṭhā* "dying is sweet".

अलख संग्यान सूं आसति दरसण कालांत वै।
इहि भाव-पवनां जानै जत सत मीठा मरण वै।। — सूरजनाथ।

alakha sangyāna sũ̃ āsati darasaṇa kālānta vai
ihi bhāva-pavanã̄ jānai jata sata mīṭhā maraṇa vai

Truly – with the alakh sense,
observation of what is is timelessness –
being aware of feelings and sensations
is meditation, virtue and sweet dying.
— Surajnath.

साधू अर साधक जगत में "अलख" इस शब्द का उपयोग एक सत उद्बोधन या अलख संग्यान सतत चेतन चले इस संवेग सूं किया जाता है।

In the world of *sādhus* and *sādhaks* the word "*alakh*" is used as a declaration of truthfulness or a reminder of always being wakeful with the *alakh* sense.

❀

हबकि न बोलिबा, ठबकि न चालिबा, धीरैं धारिबा पावं |
गरब न करिबा सहजैं रहिबा, भणत गोरष रावं ||२७|

habaki na bolibā, ṭhabaki na cālibā, dhīrãĩ dhāribā pāvã,
garaba na karibā, sahajãĩ rahibā, bhaṇata gorakha rāvã.

Do not gabble, do not dawdle,
walk on boldly.

Don’t be proud, live naturally,
says Gorakh Rao. (27)

भार्या ते थीरं, झलझलंति आधा |
सिधें सिध मिल्या रे अवधू, बोल्या अरु लाधा ||२८||

bharyā te thīrã, jhalajhalanti ādhā,
sidhẽ sidha milyā re avadhū, bolyā aru lādhā.

Those who are filled are calm,
the half-filled are in a flap;
siddha meets siddha, O Avadhu,
they talked and gained something. (28)

अवधू यह एक महत्वपूर्ण योगिक शब्द प्रयोग है। अवधू यह अव- + धू ऐसे बना है। अव- अवश्य से है। अवश्य का शब्दशः अर्थ है आवश्यक, जरूरी; तथा यह भी कि जो वश में नहीं है, अनियंत्रित है। और अवधू में यह दोनों अर्थ परिलक्षित है। ग्यान का संग्रहण दो प्रकार का होता है :

1. सामान्य ग्यान : भाषा, खेती, सायन्स, व्यापार, कला आदि।

2. चैतसिक ग्यान : अहंभाव, आसक्ति, लालच, भय, क्रोध, चिंता, तनाव, सहानुभूति, अनुराग आदि भाव-पवनां, तथा विश्वास, मान्यता।

विश्वास, मान्यताओं से उनकी व्यर्थता समझकर छुटकारा तुरंत संभव है; बाकी अहंभाव भयानुरागादि द्रष्टा दृश्य की निर्जरा यह अलख संग्यान सूं ध्यान की अगनि में निरंतर प्रक्रिया है।

सामान्य वा सेक्युलर ग्यान अपने आप में कोई समस्या नहीं है, बल्कि यह हमारी जरूरत है; तथा यह सिखना, अद्यावत रखना जरूरी है। तथापि, चैतसिक ग्यान अनित्यता व अनिश्चितता के साथ अपनी गति से चलता है। चैतसिक ग्यान यह हमारे हर मानसिक, वाचिक व शारिरिक कृति में लिप्त

रहता है, परिणाम करता है, और अपने आप को चलाते, बढाते जाता है, जो हम होते है, अहं है। चैतसिक ग्यान का भव तथा इसकी निर्जरा क्या बात है, इसकी खोज व अंतर्समझ, मतलब, दरसण की अगनि में अहं केंद्र व इसके परिघ के अवधूनन की उमग, यह हमारी गरज है। और "धू" से इस निर्जरा का, ध्यान की अगनि में मन की सफाई वा अवधूनन का, निर्देशन है। ध्यान में यह आदर्श किसी काम का नहीं कि, आपका ध्यान सतत बने रहना चाहिए, कि जो निसर्गतः असंभव है। सहज गंभीर हो चेतना की भटकन के प्रति चेत जाना ही ध्यान में आना है, आते रहना है।

अवधू का अर्थ ध्यान करनेवाला, शुन्यता से जीने वाला साधक भी है। सिद्धों के "अलख निरंजन अवधू!" इस प्रसिद्ध मूल सूत्र में अवधू यह अंतिम शब्द है।

निरंजन यह नि- + रंजन, निर- + अंजन, तथा नि- + रंज ऐसे है। नि, निर- = ना, रहित, un-, without; रंजन = राग-द्वेष रंजन, मनोरंजन, रंग, रंगना; अंजन = मल, दाग, dirt; रंज = दुख।

ध्यान निरंजन चेतना है, जो बोधि का अपने आप से निःशेष सूं जगना व चित्त का अवधूनन है, मतलब, भाव-पवनां काल-दुख अंत होते जाना है।

अर्थात, इस सबमें अलख संग्यान आधारभूत है, जिससे मतलब है ग्यात की जगह व मर्यादा समझकर ग्यात से मुक्तता, जो सूझबूझ के साथ अजानता से जीना है, मन से तरूण रहना है। दुसरे शब्दों में, यह खुले रहना है, बाला होना है - गोरख बाला।

अवधू व अवधूत यह दोनों शब्द संबंधित होते हुए भी इनके संग्यान में कुछ फर्क है। अवधू = खोजी या बोधि संग्यानी साधक, जो ध्यान साधना से चलते चित्त निर्जरित होते रहता है; अवधू या अवधूनन = ध्यान व चित्त निर्जरा की प्रक्रिया; तथा अवधूत = पूर्णतः निर्जरित चित्त, अरहत, निरवाणिक सिद्ध। अच्छा, यह भी कहा जा सकता है कि, निरवाण यह ध्यान की अगनि में पल पल निर्जरा (emptying) है, और अवधू का सो निरवाण महत्वपूर्ण है।

सतत ध्यान की अगनि में चित्त का तपना, उबलना व अवधूनन की अनुभूति सामान्यतः भाव-पवनां का पर्दा दर पर्दा फूलना व निर्जरित होना है। तथा कभी कभी जादातर सिर में, या शरीर में कहीं, टूटना, फूटना, विस्फोट होना, जैसे

जोर से हवा चलना आदि के रूप में भी अवधूनन की, निर्जरा की, अनुभूति होती है।

Avadhū is a key yogic term, composed of *ava* + *dhū*. *Ava* comes from *avaśya*, which means essential, needed, and also unrestrained, uncontrolled. Both these meanings pertain to *avadhū. Dhū* stands for cleansing or emptying.

Avadhū and *avadhūt* are related, but have different senses. An *avadhū* is a seeker or an insightful meditator, who goes on emptying in the fire of observation, while an *avadhūt* is one whose consciousness is absolutely emptied. Thus, an *avadhūt* is an *arahat*, a nirvanic person.

We may distinguish two kinds of knowledge:

1. Mundane knowledge such as language, farming, science, trading, arts etc.

2. Psychological knowledge of feelings of "I"ness, attachment, greed, fear, affection, envy, sympathy, worry, anger, compassion, or other sensations and feelings (*bhāva-pavanā*).

Mundane knowledge is not a problem in itself, we need it; and it always has to be updated. However, psychological knowledge is unrestrained; it has its own movement in flux. It governs our every mental, vocal and physical action, and is capable of maintaining and multiplying itself, it is what we are. Enquiry and insight into becoming and the ending of this psychological knowledge, insight into fire of observation and the ending of the I centre and its periphery, is what is needed. *Dhū* stands for this cleansing or emptying.

Observation is meditation and emptying – the way of *nirvāṇa*. Further, we should understand that meditation does not mean having an unbroken continuity of observation, which is impossible by nature. Becoming aware of non-attention is itself attention.

Avadhū also means a meditator, one who meditates, lives emptiness. It is the last word of the famous declaration of siddhas, which is *Alakh Nirañjan Avadhū!*

Nirañjana is composed of *ni*- + *rañjana*, or *nir*- + *añjana*, or *ni*- + *rañja*. *Ni*- or *nir*- = no, not, un-, without, and *rañjana* = colour,

colouring, entertaining, *añjana* = taint, dirt, and *rañja* = pain, sorrow.
Attention is *nirañjana* energy, which is the awakening of *bodhi* from nowhere on its own, and emptying of our consciousness, that is, the ending of sorrow.
The *alakh* sense is the basis of all this, which is to know the place and limit of the seen, the known, and is thus freedom from the seen, the known. It is to remain with the unknown, to live in youthfulness (*bālā*), consciously.

❀

नाथ कहैं तुम सुनहु रे अवधू, दिढ करि राषहु चीया |
काम क्रोध अहंकार निबारौ, तौ सबै दिसंतर कीया ||२९||

nātha kahãĩ tuma sunahu re avadhū, diḍha kari rākhahu cīyā,
kāma krodha ahankāra nibārau, tau sabai disantara kīyā.

Nath says, dear Avadhu, listen!
Keep your mind firm,
push away desire, anger, ego,
then you will go everywhere. (29)

In the *Visuddhimagga* “Way of Purification”, a 6th Century Pali compendium drawing together the teachings of the canon, attributed to Buddhaghoṣa, we read:

धुतोति धुत किलेसो वा पुग्गलो
किलेस धुननो वा धम्मो।

dhuto ti dhuta kileso vā puggalo
kilesa dhunano vā dhammo

धूत मतलब ऐसा मानुस जिसमें क्लेषों का धूनन हुआ है,
या ऐसा धम्म तत्त जिसमें क्लेषों का धूनन होता है।

Ascetic means either a person whose defilements are shaken off,
or a state that entails shaking off defilements.

— From *Visuddhimagga*, chapter II, section 81;
translated into English by Bhikkhu Ñāṇamoli.

स्वामी बन षंडि जाउं तो षुध्या व्यापै, नग्री जाउं त माया |
भरि भरि षाउं त बिंद बियापै, क्यों सीझति जल ब्यंद की काया ||३०||

svāmī bana khaṇḍi jāũ to kṣudhyā vyāpai, nagrī jāũ ta māyā,
bhari bhari khāũ ta binda biyāpai, kyõ sījhati jala byanda kī kāyā.

O Swami! I go into a forest,
I am wracked by hunger,
I go to a city, then it's maya.
I eat too much I am overcome by lust,
why is my body of water and semen boiling? (30)

धाये न षाइबा भूषे न मरिबा, अहनिसि लेबा ब्रह्म अगनि का भेवं |
हठ न करिबा पड़्या न रहिबा, यूँ बोल्या गोरष देवं ||३१||

dhāye na khāibā bhūkhe na maribā, ahanisi lebā brahma agani kā bhevã,
haṭha na karibā paṛyā na rahibā, yū̃ bolyā gorakha devã.

Don’t eat greedily, don’t die of hunger,
day and night enjoy the mystery of the divine fire,
don’t force yourself, don’t be lazy.
So says Gorakh Dev. (31)

देव यह मनुष्यों के नामों के साथ लगने वाला एक उपपद है, जैसे बुद्ध देव, गोरख देव, नानक देव, कमल देव/नाथ/राय इत्यादि। देव इस शब्द में यह परिलक्षित है कि, आप स्वतंत्र व सुज्ञ मानुस है, चैतसिकतः किसी मत मतांतरों में लिप्त नहीं है, खोजी है।

ध्यान की अगनि यह मानस पिंड का तपना, उबलना, व निर्जरित होना है। ध्यान की अगनि में भाव-पवनां लहरों का, अनेकों संस्कारों का, उभरकर आना व निर्जरा होना प्रत्यक्ष अनुभूत होता है; पर कभी कभी यह ऐसे भी अनुभव होता है जैसे सिर, गर्दन या शरीर में कहीं भी टूटना, फूटना, विस्फोट होना, जोर की हवा चलना इत्यादि और निर्जरा या अवधूनन, emptying.

वेदनां जीवन है! भावनां यह वेदनाओं का सार होती है, या भावनाएं भी सुक्ष्म वेदनां ही है। ध्यान की अगनि में अहंभाव, राग, द्वेष, भयानुतागादि वेदनां-भावनां का परदा दर परदा उभरना व जलना यह काल का अंत है, अहं-पिंड का मीठा मरणा है, जीवन में वास्तविक गहराते निरवाण गामिता है।

Dev or Deva is a general term used with the names of human beings, e.g. Buddha Dev, Gorakh Dev, Nanak Dev, Kamal Dev/ Nath/Rao/Ray etc. It has the sense of a person who is sane and enquiring, who is not emotionally dependent. Thus Dev or Gorakh Dev, as well as Nath, Ray, Rao, Avadhu etc., is used in Sabadis.
Divine fire or attention is heating, boiling, and emptying, which is generally experienced as the flowering and withering of sensations and feelings, layer after layer, and sometimes as crackling, breaking, often in the head, exploding here and there in the body, or as strong winds etc., and as emptying.

थोड़ा बोलै थोड़ा षाइ, तिस घटि पवनां रहै समाइ |
गगन मंडल में अनहद बाजै, प्यंड पड़ै तो सतगुर लाजै ||३२||

thoṛā bolai thoṛā khāi, tisa ghaṭi pavanā̃ rahai samāi,
gagana maṇḍala mẽ anahada bājai, pyaṇḍa paṛai to satagura lājai.

Doesn’t talk much, doesn’t eat much,
his body is pervaded by prana,
the anahad resounds in the inner firmament.
If the body falls, the sadguru feels sorrow. (32)

अवधू अहार तौड़ौ निद्रा मोड़ौ, कबहुँ न होइगा रोगी |
छठै छ मासै काया पलटिबा, ज्यूँ को को बिरला बिजोगी ||३३||

avadhū ahāra tauṛau nidrā moṛau, kabahũ na hoigā rogī,
chaṭhai cha māsai kāyā palaṭibā, jyū̃ ko ko biralā bijogī.

Avadhu, cut down on food,
sleep is changed,
You will never fall sick.
Every six months, detach yourself
and transform your body,
as only a few yogis do. (33)

देव कला ते संजम रहिबा, भूत कला अहारं |
मन पावना लै उनमनि धरिबा, ते जोगी तत सारं ||३४||

deva kalā te sañjama rahibā, bhūta kalā ahārã,
mana pavanā lai unamani dharibā, te jogī tata sārã.

Keeping discipline is a divine art,
eating is a worldly art.
Aware of the breath and the mind,
and entering into higher consciousness,
those yogis know the essential. (34)

अवधू निद्रा कै घरि काल जंजालं, अहार कै घरि चोरं |
मैथुन कै घरि जुरा गरासै, अरध-उरध लै जोरं ||३५||

avadhū nidrā kai ghari kāla jañjālã, ahāra kai ghari corã,
maithuna kai ghari jurā garāsai, aradha-uradha lai jorã.

Avadhu, in the house of sleep is the snare of time,
in the house of food there is a thief,

in the house of sex, old age overcomes you,
your strength goes here and there. (35)

अति अहार यंद्री बल करै, नासै ग्यांन मैथुन चित धरै |
ब्यापै न्यंद्रा झंपै काल, ताके हिरदै सदा जंजाल ||३६||

ati ahāra yandrī bala karai, nāsai gyā̃na maithuna cita dharai,
byāpai nyandrā jhampai kāla, tāke hiradai sadā jañjāla.

Too much food excites the genitals,
disturbs awareness, and the mind turns to sex,
sleep takes over, time grabs you,
and your heart is always in trouble. (36)

घटि घटि गोरष बाही क्यारी, जो निपजै सो होइ हमारी |
घटि घटि गोरष कहै कहांणीं, काचै भांडै रहे न पांणीं ||३७||

ghaṭi ghaṭi gorakha bāhī kyārī, jo nipajai so hoi hamārī,
ghaṭi ghaṭi gorakha kahai kahā̃ṇī̃, kācai bhāṇḍai rahe na pā̃ṇī̃.

Gorakh waters the garden in every body,
those who grow become mine.
Gorakh tells a story in every body,
water won’t stay in an unfired pot. (37)

घटि घटि गोरष फिरै निरूता, को घट जागे को घट सूता | घटि घटि गोरष घटि घटि मींन, आपा परचै गुर मुषि चींन्ह ||३८||

ghaṭi ghaṭi gorakha phirai nirūtā, ko ghaṭa jāge ko ghaṭa sūtā,
ghaṭi ghaṭi gorakha ghaṭi ghaṭi mĩ̄na, āpā paracai gura mukhi cĩ̄nha.

> Gorakh moves silently in every body,
> in one he is awake, in another asleep.
> Gorakh is in every body:
> Macchindra is in every body,
> knowing yourself
> is the mark of the guru's word. (38)

गुरुमुखि (गुरु मुखी) और मनमुखि (मन मुखी) शब्द प्रयोग साधु एवं साधक जगत में प्रसिद्ध है। मनमुखि का मतलब है विचार गामि; और गुरुमुखि से मतलब है ध्यान गामि। आसति सत (भाव-पवनां) गुरु है, जिसे अलख संग्यान के साथ देखा जाता है; मतलब, चैतसिकतः द्रष्टा-दृश्य भाव-पवनां गति का सहज बारिकी से दरसण किया जाता है। और इसी में हमारे आंतरिक जीवन में ध्यान का गहराना है, जो दैनंदिन जीवन में सहज जीते हुए नींद में भी गतिमान होता है। मनमुखि आदमी विचार व काल में जीता है, विश्वास, संकल्पना, मान्यताओं में चिपका रहता है, वह कोई किताबें या व्यक्ति तथा अपने विचारों पर निर्भर होता है। गुरुमुखि से स्वतंत्र व सुज्ञ व्यक्ति का निर्देश है जो ध्यान व समझ से जीता है।

Gurumukhi (*guru mukhī*) and *manamukhi* (*mana mukhī*) are well-known expressions in the world of *sādhus* and *sādhaks*. *Manamukhi* means being thought oriented; and *gurumukhi* means meditation oriented. *Tatta* or truth as it is is the guru, which is being observed with the *alakh* sense. Here we have the flowering and deepening of meditation in our interior life, which is reflected in our daily living. *Manamukhi* lives in thought and time, in beliefs, ideas and ideologies, it depends on books or persons, and one's own thinking. *Gurumukhi* indicates a free and sane person who lives by meditation and understanding.

पावड़ियां पग फिलसै अवधू, लोहै छीजंत काया |
नागा मूनी दूधाधारी, एता जोग न पाया ||३९||

pāvaṛiyā̃ paga philasai avadhū, lohai chījanta kāyā,
nāgā mūnī dūdhādhārī, etā joga na pāyā.

Avadhu, the foot slips out of wooden sandals,
iron chains scrape the body,
naked, silent, living on milk –
none of these has found yoga. (39)

दूधाधारी पर घरि चित, नागा लकड़ी चाहै नित |
मोनीं करै म्यंत्र की आस, बिन गुर गुदड़ी नहीं बेसास ||४०||

dūdhādhārī para ghari cita, nāgā lakaṛī cāhai nita,
monī̃ karai myantra kī āsa, bina gura gudaṛī nahī̃ besāsa.

Living on milk,
his mind is in someone else’s house,
the naked ascetic always wants firewood,
the silent ascetic longs for a counsellor.
Without the guru's raiment he is unsure. (40)

ध्यान-ग्यान गुदड़ी यह खोजी स्त्रीयों एवं पुरुषों, सिध-साधिकाओं द्वारा चेतन रखी जाती है।
गुदड़ी एक नये-पुराने चिंदीयों से बना पट या परिधान होता है, जैसे कोई गरीब लोग या कुछ साधू, तपस्वी ओढते हैं। प्रतिकात्मक रूप से गुदड़ी ऐसे लोगों का निर्देशन है जो खुले जेहन से हो अध्यात्म के, मानस पिंड के, गंभीर खोजी होते हैं, जो चैतसिक अवलंबन से नहीं जीते, और किसी भी संगठित धरम में या परंपरा में फंसे नहीं होते — वह विनीत व गरीब होते है (cf. #197).

The *gudaṛī* is kept alive by men and women seekers.
A *gudaṛī* is a garment made of rags patched together, such as worn by the poor, and also by some ascetics. Figuratively, it refers to a body of serious spiritual seekers who are open minded, who are not psychologically dependent, and do not belong to any organised religion or tradition – they are humble and poor (cf. #197).

࿋

दषिणी जोगी रंगा चंगा, पूरबी जोगी बादी |
पछमी जोगी बाला भोला, सिध जोगी उतराधी ||४१||

dakhiṇī jogī rangā cangā, pūrabī jogī bādī,
pachamī jogī bālā bholā, sidha jogī utarādhī.

Yogis in the south like gaudy pleasures
Yogis in the east talk too much

Yogis in the west are simple children
While siddhas are heading north. (41)

Cf. #267, note.

अवधू पूरब दिंसि व्याधिका रोग, पछिम दिसि मिर्तु का सोग |
दछिण दिस माया का भोग, उत्यर दिसि सिध का जोग ||४२||

avadhū pūraba dĩsi vyādhikā roga, pachima disi mirtu kā soga,
dachiṇa disa māyā kā bhoga, utyara disi sidha kā joga.

Avadhu, to the east the worry of disease
To the west the sorrow of death
To the south the pleasures of maya
To the north the yoga of siddhas. (42)

धूतारा ते जे धूतै आप, भिष्या भोजन नहीं संताप |
अहूठ पटण मैं भिष्या करै, ते अवधू सिव पुरी संचरै ||४३||

dhūtārā te je dhūtai āpa, bhikhyā bhojana nahĩ santāpa,
ahūṭha paṭaṇa mãĩ bhikhyā karai, te avadhū siva purī sañcarai.

Deceivers deceive only themselves.
Food that is begged causes no grief.
Avadhus begging

in the three-and-a-half hand town
are moving in the city of love. (43)

सबदी में "सिव/सीव" या "शिव" यह शब्द सामान्यतः प्रेम या बोधि इस अर्थ में आता है, कि जो चेतना ध्यान में अपने से जागती है। ध्यान यह प्रेम है, दया-करुणा का फूलना (flowering) है। कहने की जरूरत नहीं कि सबदी में शिव यह शब्द मिथलाजिकल शिव, शिव-शंकर, शंकर-पारबति या आदिनाथ, आदिगुरू, आदियोगी ऐसे विचार पैदाइश बातों के अर्थ में नहीं है। प्रथम वा अंतिम नाथ, गुरू या नौ नाथ चौरासी सिद्ध, हिरण्यगर्भ, अवतार, प्रोफेट, मसिहा, मैत्रेय आदि विचार की पैदा कियी व चलाई बातें है, विचार के सिवाय इनकी सत्यता नहीं।

The word “*siva*” or “*śiva*” in the Sabadis is generally used in the sense of the love or divine fire that awakens in meditation. Meditation is the flowering of love and compassion. The word *śiva* is not used in the sense of the mythological Shiv, Shiv-Shankar or the so called Adinath, Adiyogi, Adiguru and such thought-produced concepts. *Ādi*, the first or last yogi, Nath, or the nine Naths and eighty-four siddhas, avatars, the Messiah, Maitreya, Hiranyagarbha and so on are produced and maintained by thought, and have no reality apart from thought.

घरबारी सो घर की जाणै, बाहरि जाता भीतरि आणै |
सरब निरंतरि काटै माया, सो घरबारी कहिए निरञ्जन की काया ||४४||

gharabārī so ghara kī jāṇai, bāhari jātā bhītari āṇai,
saraba nirantari kāṭai māyā, so gharabārī kahie nirañjana kī kāyā.

The householder knows the house,
going out and coming back in.
Always and everywhere cutting through maya,
we say that householder is the unstained body. (44)

गिरही सो जो गिरहै काया, अभि अंतरि की त्यागै माया |
सहज सील का धरै सरीर, सो गिरही गंगा का नीर ||४५||

girahī so jo girahai kāyā, abhi antari kī tyāgai māyā,
sahaja sīla kā dharai sarīra, so girahī gangā kā nīra.

The householder keeps watch over the body,
renounces maya from within,
maintains the body of natural virtue.
That householder is Ganges water. (45)

अमरा निरमल पाप न पुंनि, सत रज तम बिबरजित सुंनि |
सोहं हंसा सुमिरै सबद, तिहिं परमारथ अनंत सिध ||४६||

amarā niramala pāpa na pũni, sata raja tama bibarajita sũni,
soham haṃsā sumirai sabada, tihĩ paramāratha ananta sidha.

Immortal, pure – neither sin nor merit:
emptiness is devoid of sattva, rajas and tamas.

Remember the word so’ham haṃsa,
by which countless siddhas attain
the highest truth. (46)

GB#, line 1, has only *sata raja*; *tama* is taken from GG#291 and JDP#70.

इस सबदी की पहली दो लाइने शुन्य की व्याख्या करते हुए कहती हैं कि, शुन्यता यह कालातीत, अमर, निर्मल है, पाप-पुण्य रहित है, त्रिगुणातीत है। सत, रज, तम यह तीन गुण माने जाते हैं। कहा जाता है कि, सभी नाम-रूप निर्मिती त्रिगुणात्मक है।
अगली दो लाइने हंस अजपा या सोऽहं हंस की साधना बताती हैं। इसमें नैसर्गिक सांस के साथ हंस का, सांस बाहर जाते "हं" और अंदर आते "स" का, मानसिक उच्चारण करते हुए सांस व भावनां-वेदनाओं के प्रति, शुन्यता की समझ के साथ, चेतन रहना होता है। मतलब, किसी मत मतांतरों में लिप्त हुए बगैर, ऐसे अजानता से, चेतन रहना है।
सोहं या सोऽहं के शब्दशः दो अर्थ हो सकते है —

1. “मैं वह हूं, दृश्य हूं!" मतलब, “मैं दृश्य हूं!" वा “द्रष्टा दृश्य है!"

2. “मैं वह हूं, ब्रह्म हूं!" मतलब, “मैं ब्रह्म हूं!"

और यह दोनों बातें एक दुसरे के विरुद्ध नहीं, बल्कि मूलतः अलग है, जिनका पुलना (bridging) संभव नहीं है। पहली बात सिद्ध वा अलख संग्यान से है; और दुसरी वेद-वेदांत के संग्यान से है। Well, वेदों में सोहं, सोऽहं, अजपा यह शब्द नहीं हैं।
सोहं हंस साधना सिद्धों की एक देन है, जिसे सोऽहं, हंस या हंस अजपा कहा जाता है। सिद्ध इसके साथ कोई मत मतांतर नहीं जोडते, कोई ध्यास नहीं करते। कोई भी सम्यक खोजी होय वह अलख संग्यान सूं वास्तविक सत के साथ चलते हैं।
वैदिकादि परंपरा में आसक्ति रखनेवाले सोऽहं, अस्ति, आस्तिक, अरिय, सनातन, हिंदू जैसे शब्दों के पिछे की ताकत को जानकर, उन्हें हाइजैक कर, प्रोपागंडा के साथ अपने आइडियालाजीकल मतलब से इस्तेमाल करने की नीयत से देखे जाते है। तथापि, सम्यक खोजी हमेशा सही-गलत को पहचानकर

गलत को साइड कर देते हैं।

आसति वा अस्ति (अस्तिता, अस्तित्व, आस्तिक, आस्तिकता) = वास्तव, वास्तविकता, यथाभूत सत, जो हकिगत में है, भौतिक सत, भाव-पवनां-वेदनां। उदाहरण के लिए, कोई पेड़ है वह अस्ति सत है, और उसी पेड़ की अपने मन में प्रतिमा नास्ति सत है। पेड़ का प्रत्यक्ष देखा जाना, दरसण, अस्ति सत है; पेड़ की याद नास्ति सत है। भावनां-वेदनाएं अस्ति सत है; और मन में शब्द-चित्र विचार, जिनकी दैनंदिनी में अपनी जगह है, नास्ति सत है। कहने की जरूरत नहीं कि, ईश्वर वा परमेश्वर के नाम पर कोई भी हां या ना संकल्पनाओं को लेकर उनमें रमने वाले नास्ति (न+अस्ति) में जीते हैं, नास्तिक होते हैं। अस्ति सत सूं जीना स्वस्थता है, व सो जीते हुए परम सत के लिए साइलेंट संवेग और बात है।

अस्ति जीये वह आस्तिक, अलख संग्यान सूं सिद्ध बुद्ध सनातन धरम धारा।

सनातन = कुदरतन, अपने आप से, विचार की पैदाइश नहीं, निसर्ग के अपने आप से चलनेवाले सर्वकालिक नियम, सार्वभौमिक तत्त।

"... एस धम्मो सनंतनो।" — बुद्ध।

"आसति छै हो पिंडता नासति नांहीं।" — गोरख।

The first two lines of this Sabadi define *śūnya*, emptiness, stating that it is immortal, pure, beyond sin and merit, beyond the three *guna*s; all that is manifest, name and form, is said to consist of the three *guna*s.

The next two lines suggest a *sādhanā* of *So'ham* or *Haṃsa ajapā*, which is remembering *ham* while breathing out and *sa* while breathing in, breathing naturally, and remaining aware of the breathing or sensations, movements within the body, with the sense of emptiness, in other words without getting involved in concepts and ideologies.

So'ham can mean two things.

1. "I am that, the observed!" That is, "The observer is the observed!"
2. "I am that, Brahman, God!" That is, "I am God!"

These two things are not opposites of each other, but are fundamentally different, and can never be bridged. The first is the sense of siddhas, of *alakh vigyānīs*; and the second is that of the Vedas and Vedāntins. *Haṃsa ajapā* is a gift of siddhas, and they do not attach any ideological meaning to it, to ponder on, or to contemplate. True seekers work with the *alakh* sense and “what is”.

पाषंडी सो काया पषालै, उलटि पवन अगनि प्रजालै |
ब्यंद न देई सुपनैं जाण, सो पाषंडी कहिए तत्त समांन ||४७||

pākhaṇḍī so kāyā pakhālai, ulaṭi pavana agani prajālai,
byanda na deī supanãĩ jāṇa, so pākhaṇḍī kahie tatta samā̃na.

> The heretic pumps the body's bellows,
> reverses the breathing and stokes the fire,
> doesn't lose semen in dreams,
> we say that heretic is close to truth. (47)

योग के नाम पर जो कपालभाति, सांस को रोकना, कुंभक या प्राणायाम, बंध, मुद्रा आदि बहुत सारी बातें आज दुनिया जानती हैं, उनके जनक (pioneer) गोरख है; और गोरख की खोज में यह बातें दुय्यम हैं, तथा गोरख इन्हें जोग (योग या हठयोग) नहीं कहते। गोरख का जोग से मतलब है "जोग अलख बिनांणं।" (बिनांणं/विनांणं = विग्यान, विशुद्ध ग्यान।) बंध, मुद्रा, कुंभक आदि प्रॅक्टिसेस की मूल संरचना व तंत्र, उनकी व्याप्ति व मर्यादा, इन बातों को गोरखनाथ अपनी सबदीं में थोड़े में व सादगी के साथ स्पष्ट करते हैं। अधुनिक योग प्रॅक्टिसेस का मूल, जो बाद में रचित, विस्तारित तथा मत-मतांतर वा मान्यताओं से प्रेरित किताबों में विद्वत जन अमूमन देखते हैं, जैसे गोरक्षशतकम्, अमृतसिद्धि, विवेक मार्तंड, हठ प्रदीपिका आदि, हकिगत में वह मूल गोरख

सबदी में, प्राथमिक स्वरूप में, शुद्धता के साथ है।
यह सबदी कपालभाति व भस्त्रिका के बारे में, उनको ऐसा कुछ नाम दिये बगैर, उनका तंत्र (technique), तदांतर्गत शारिरिक व मानसिक परिणाम के साथ, बताती हैं। हमारे सामान्य सांस में सांस अंदर लेने की प्रक्रिया ॲक्टिव होती है, व सांस छोड़ने की पॅसिव या कुछ अपने आप से होती है। तथापि, कपालभाति व भस्त्रिका में सांस छोड़ने की प्रक्रिया ॲक्टिव होती है, पेट के निचले हिस्से में हल्के स्ट्रोकस् व गति के साथ होती है; और सांस लेने की प्रक्रिया पॅसिव, अपने आप से होती है। यही सांस की प्रक्रिया का उलटना है, जिसमें वेदनां गति उधोमुख होते वेदनां अगनि का प्रज्वलन समाहित है : "उलटि पवन अगनि प्रजालै"।
किसी ध्यान आसन में सीधे बैठना, मूल बंध लगाते रहना इसका हिस्सा है। यह प्रॅक्टिस शरीर में उष्णता बढ़ाती है, आप सीर तथा शरीर में ज्यादा वेदनां महसूस कर सकते हैं। इस प्रैक्टिस से वेदनां गति के उर्ध्वमुखता के कारण सपनों में होने वाला विर्यपात कम होता है, ज्यादातर स्थगित होता है। तथापि यह समझे कि, योग अनुशासन है, जिसमें शरीर व मन दोनों सम्मिलित है। जैसे सिद्ध कहते है, योग यह कार्य की कुशलता है, कार्य की कुशलता विचार की कुशलता में है, और विचार की कुशलता ध्यान-बोधि से प्रस्फुटित होती है।
वेंडी डोनिजर अपनी एक किताब में कहती हैं कि, वैदिकता व वर्णाश्रमवाद का विरोध करने वाले बौद्ध, जैन आदि के लिए पाखंडी शब्द का प्रयोग वैदिकों द्वारा किया जाता रहा है। तथापि, जैन यह आत्मा की नित्यता, अमरता आदि मान्यताओं के साथ कमोबेश वैदिक जैसे ही ग्यात गामिता से है।

Gorakh is the pioneer who explored, *kapālabhāṭi*, holding of the breath (*kumbhaka*), *bandha*s, *mudrā*s etc. – the many yogic practices the world knows today. Gorakh presents their most basic structures, techniques, their scope and limits, in simple words in the Sabadis. The origin of these practices, which scholars seek in subsequent expanded or ideologically interpreted texts, such as *Gorakṣaśatakam*, *Amṛtasiddhi*, *Viveka Mārtaṇḍa*, *Haṭha Pradīpikā* etc. actually lie in the Gorakh Sabadis in their original, primary form.
This Sabadi explains *kapālabhāṭi* and *bhastrikā*. In normal breathing the inhalation is active, whereas the exhalation is passive. However,

in *kapālabhāṭi* and *bhastrikā* the exhalation is active, gently forced, using vigorous and repeated contractions of the lower abdomen, and inhalation is passive. This is the opposite of the normal breathing pattern, and enhances body heat, and some more sensations may be felt in the skull: *ulaṭi pavana agani prajālai*.
In *The Hindus: an alternative history*, Wendy Doniger writes, "... those movements that challenge Brahmins, the Veda, and the values of class and caste [*varnāshram*] are generally called heterodox, or even heretical (*pashanda* or *pakhanda*). The Hindu concept of heresy was thus applied to some people within the Hindu fold, though more often to Buddhists and Jains." (Doniger 2009, p46)

मनवां जोगी काया मढी, पंच तत्त ले कंथा गढी|
षिमा षड़ासण ग्यान अधारी, सुमति पावड़ी डंड बिचारी ||४८||

manavā̃ jogī kāyā maḍhī, pañca tatta le kanthā gaḍhī,
kṣimā ṣaḍāsana gyāna adhārī, sumati pāvaṛī ḍaṇḍa bicārī.

The mind is a yogi, the body a temple,
the robe is made of the five elements,
forgiveness is the six postures,
knowledge the meditation crutch,
wisdom the sandals, inquiry the staff. (48)

Line 1, GB had *gāyā* as a printing error, which has been corrected to *kāyā* on the basis of Barthwal's gloss, GG#43 and JDP#71.

षडासन, छह आसन, यह सिद्धासन, पद्मासन, स्वस्तिकासन, वज्रासन, गोमुखासन व भद्रासन है।

The *ṣaḍāsana*, six postures, refers to six meditation āsanas, namely *siddhāsana, padmāsana, svastikāsana, vajrāsana, gomukhāsana* and

bhadrāsana.

चालत चंदवा षिसि षिसि पड़ै, बैठा ब्रह्म अगनि परजलै |
आडै आसणि गोटिका बंध, जावत प्रथिमी तावत कंध ||४९||

cālata candavā khisi khisi paṛai, baiṭhā brahma agani parajalai,
āḍai āsaṇi goṭikā bandha, jāvata prathimī tāvata kandha.

> While in motion the moon declines,
> while seated the divine fire blazes up.
> In the oblique position, the gotika bandha applied,
> the body will last as long as the earth. (49)

चंदवा वा चंदा यह मन-मगज का निर्देशक है। विचार गामि मन क्षरण धरमी होता है; व मानस प्रवाह को यथाभूत देखते स्थिर सजग मन ध्यान है, ब्रह्म अगनि का जागना है, जैसे लाइन 1 में वर्णित है। बडथ्वाल अपने सबदी सारांश में कहते है कि, गोटिका बंध यह अदृश्यता देनेवाली कोई योगिक प्रॅक्टिस है। तथापि, गोटिका बंध से हम स्पष्ट करते है कि, यह ऐसी स्थिति है जिसमें मानस अपने आप किसी क्रियाकलाप में बंध गया होता है। जब कोई अहं ब्रह्मास्मि, कयामती खुदा, गॉड व लास्ट डे, ईश्वर है, ईश्वर नहीं है, भक्ति से इश्वर मिलेगा आदि किसी मान्यता में आडै हो गया, बंध गया, तो चेतना का बडा हिस्सा आडै आसणि हो लिया। और कोई ऐसे किसी तरह से बंधा चले, मरे, तो ऐसी कंडिशनिंग जागतिक चेतना प्रवाह का हिस्सा होकर अनंत भव में चलना लाजमी है।

गोटिका बंध बाबत दुसरी संभावना यह है कि, हमारा मन विचार गामि होकर भव में नहीं चलना, और मानसिक प्रवाह को यथाभूत देखते सीधे अवधूनन से

भी नहीं चलना; बल्कि गर्मियों में लंबे समय तक जमीन के अंदर बैठे मेंडक की तरह एक मानसिक स्थिति में आडै (slide) होते चलना है, जिसे मनुष्य महसूस कर जीवन गति में किसी भी मत मान्यताओं के बगैर चेतनतः जी सकता है, जो एक प्रकार की अंतर्समझ है, सिद्धि है।

कंध या कंद यह मानस पिंड, चित्ताशय, का निर्देशक है; तथा इसका शब्दशः मतलब जमीन के नीचे का कोई कंदमूल, प्याज भी है। चित्त का स्वरूप एक कंद या प्याज जैसा होता है, भावनां-वेदनाओं के पर्दे दर पर्दे; और ध्यान की अगनि में इन पर्दों की निर्जरा यह निःशेष होना है, nothing है।

Candavā or flow of the moon may be interpreted as referring to the motion of the brain or mind which in thought is dissipated; the mind steadied is meditation, the awakening of divine fire, as line 1 describes.

In his gloss, Barthwal interprets *goṭikā bandha* as being a yogic practice that bestows invisibility, but such a concept is not found elsewhere in the Sabadis. We interpret this as referring to a state that is caught up in mental activity, to a mind that is attached to a set of beliefs such as God, the Last Day, Qayāmat, there is no God, *bhakti, mukti* and so on.

Another possibility for *goṭikā bandha* is that our mind turns neither to thinking and becoming nor to observing the stream of the mind as it is and emptying, but slips into the state a frog assumes in a hole in dry summer weather, and can stay there for longer periods, which we human beings could sense and live consciously in our daily life free of ideas and ideologies.

यहु मन सकती यहु मन सीव, यहु मन पांच तत्त का जीव |
यहु मन ले जै उन मन रहै, तौ तीनि लोक की बातां कहै ||५०[a]||

yahu mana sakatī yahu mana sīva, yahu mana pāñca tatta kā jīva,
yahu mana le jai una mana rahai, tau tīni loka kī bātā̃ kahai.

The mind is energy, the mind is love,
the mind is the life of the five elements.
Take hold of this mind, and go beyond.
The things of the three worlds are revealed. (50[a])

अवधू नव घाटी रोकि लै बाट, बाई बणिजै चौसठि हाट |
काया पलटै अबिचल बिध, छाया बिबरजित निपजै सिध ||५०[b]||

avadhū nava ghāṭī roki lai bāṭa, bāī baṇijai causaṭhi hāṭa,
kāyā palaṭai abicala bidha, chāyā bibarajita nipajai sidha.

Avadhu, close down the nine ghats.
Focus attention on the sixty-four markets.
The body is transformed, the unshaken is revealed,
the shadow is discarded, the siddha emerges. (50[b])

Hāṭa = a shop, market; "often a symbol of the world, the place where the supreme essence is offered" (WC, p2185).

अवधू दंम कौं गहिबा उनमनि रहिबा, ज्यूं बाजबा अनहद तूरं ।
गगन मंडल मैं तेज चमंकै, चंद नहीं तहां सूरं ॥५१॥

avadhū dãma kãũ gahibā unamani rahibā, jyū̃ bājabā anahada tūrã,
gagana maṇḍala mãĩ teja camãkai, canda nahī̃ tahā̃ sūrã.

Avadhu, take hold of the breath,
stay in unmani,
the anahad horn resounds;
a light shines in the inner firmament,
where there is neither moon nor sun. (51)

सास उसास बाइ कौं भषिबा, रोकि लेहु नव द्वारं ।
छठै छमासि काया पलटिबा, तब उनमंनीं जोग अपारं ॥५२॥

sāsa usāsa bāi kãũ bhakhibā, roki lehu nava dvārã,
chaṭhai chamāsi kāyā palaṭibā, taba unamãnī̃ joga apārã.

Swallow the in breath and the out breath,
close the nine doors.
Every six months, detach yourself, transform the body,
and so, the unlimited yoga of higher awareness. (52)

अवधू सहंस्र नाड़ी पवन चलैगा, कोटि झमंकै नादं |
बहतरि चंदा बाई सोष्या, किरणि प्रगटी जब आदं ||५३||

avadhū sahãsra nāṛī pavana calaigā, koṭi jhamãkai nādã,
bahatari candā bāī sokhyā, kiraṇi pragaṭī jaba ādã.

Avadhu, prana will flow in the thousand nadis,
and then millions of nāds may ring.
As the primordial light is revealed,
the prana absorbs the seventy-two moons. (53)

"आदि किरणि" यह ऐसी मूलभूत आंतर्समझ है जो नाद वा भाव-पवनां गति के दरसण में अनंत अनुभवों से बने मन की, (बहत्तरी चंदा की), पूरी संरचना को एकदम से हमेशा के लिए बदल देती है।
हिंदी लोकभाषा तथा McGregor (1995), और Callewaert (2009) से यह समझे कि, बहतरि चंदा का मतलब कैसे अनेकानेक अनुभवों से बना, बनता मन है। बहत्तर adj. मतलब seventy-two, बहत्तर घाट का पानी पिए होना, to be experienced, wise or shrewed. बहतरि वा बहत्तरी यह शब्द इस सारी बात को समावेशित करता है। सबदीं में चंदा यह मन-मगज के अर्थ में है; व कभी इड़ा, बाया, द्वेष ऐसे अर्थ में भी है। सो बहतरि चंदा इस शब्द प्रयोग का अर्थ साफ है।
मन-मगज यह चेतना का, अनेकों नाड़ीयों का, केंद्र है; अनंत भूतकाल इसमें समाया हुआ है, जो मन-मगज है, हम है। और ध्यान की गति में आदि किरणि का जगना ऐसी मूलभूत आंतर्समझ है जिसमें हमारे मन का स्वभाव एकदम बदल जाता है। आगे ऐसी बदली सूझ के साथ, ध्यान की सतत अगनि में, हमारे मन-मगज का अवधूनन होते जाना यह हमारा चैतसिक मीठा मरण या मरणा है, काल का अंत होना है।

Seeing the primordial light (*āda* or *ādi kiraṇi*) is that fundamental insight that absorbs and changes the very structure of the mind of experiences in time (*bahatari candā*).

McGregor gives *bahattara* “seventy-two”, as in *bahattara ghāṭa kā pānī piye huye honā* meaning “to be experienced, wise or shrewd”. The word *bahatari* (*bahattara* or *bahattarī*) contains all these senses. *Candā* means the brain, the mind. The brain is the centre of awareness; everything of the infinite past is encased in it, which is what our consciousness is, what we are. In the light of the fundamental insight, the nature of our consciousness changes radically, and so, with the consciousness being dried out in the sustained fire of meditation comes our sweet psychological dying ─ the ending of time.

֍

अमावस कै घरि झिलिमिलि चंदा, पूर्निम कै घरि सूरं |
नाद कै घरि ब्यंद गरजै, बाजंत अनहद तूरं ||५४||

amāvasa kai ghari jhilimili candā, pūnĩm kai ghari sūrã,
nāda kai ghari byanda garajai, bājanta anahada tūrã.

> The shimmering moon is in the house of
> the new moon,
> the sun is in the house of the full moon,
> bindu roars in the house of nād,
> the unbound tūr resounds. (54)

कोई भी नाद, सामान्य वा अनहद, बदलते रहते हैं। तथापि, जब आप अनहद नाद के प्रति चेतन हो जाते हैं, जो तूरं, कीटों का गुंजन आदि किसी तरह की ध्वनियां हो सकती है, चेतना सहज स्थिर व विचार शृंखला के बगैर गतिमान होती है, जिसमें साधक विचार का दैनंदिन जीवन में यथावश्यक और कुशलता से इस्तेमाल कर सकता है। इन सबदी 50-59 में कुंभक, कायापलट, निरोग शरीर और संवेदनशील मन, अनहद, उनमन, दरसण, अवधूनन यह सब मिलीजुली बातें है।

The *anahada tūra*, the boundless horn, is a low sound, sonorous and continuous, a kind of *anahada nād*. All sounds, normal or *anahada*, are changing. However, when you awaken to *anahada*, which can be any kind of sound, awareness comes easily and is naturally steady, almost without intrusive thoughts. In Sabadis 50 to 59, *kumbhaka*, *kāyāpalaṭa*, the development of a healthy and sensitive body and mind, *anahada*, *unmana*, attention, emptying are all intertwined.

֍

उलटंत नादं पलटंत ब्यंद, बाई कै घरि चीन्हसि ज्यंद |
सुंनि मंडल तहाँ नीझर झरिया, चंद सुरजि ले उनमनि धरिया ||५५||

ulaṭanta nādã palaṭanta byanda, bāī kai ghari cīnhasi jyanda,
sũni maṇḍala tahā̃ nījhara jhariyā, canda suraji le unamani dhariyā.

The nād is reversed, bindu is withdrawn,
life is seen in the house of awareness,
moon and sun are held beyond the mind,
a clear stream flows in the sphere of emptiness. (55)

֍

अवधू प्रथम नाड़ी नाद झमंकै, तेजंग नाड़ी पवनं |
सीतंग नाड़ी ब्यंद का बासा, कोई जोगी जानत गवनं ||५६||

avadhū prathama nāṛī nāda jhamãkai, tejanga nāṛī pavanã,
sītanga nāṛī byanda kā bāsā, koī jogī jānata gavanã.

Avadhu! Nād resounds in the first nadi,
pavan is in the hot nadi,
bindu is in the cool nadi.
A yogi knows their movement. (56)

उठंत पवनां रवी तपंगा, बैठंत पवनां चंदं |
दहूँ निरंतरि जोगी बिलंबै, बिंद बसै तहाँ ज्यंदं ||५७||

uṭhanta pavanā̃ ravī tapangā, baiṭhanta pavanā̃ candã,
dahū̃ nirantari jogī bilambai, binda basai tahā̃ jyandã.

Rising energies are the sun in the hot side,
falling energies are the moon,
the yogi holds onto them constantly –
where the energies are balanced, there is life. (57)

जीवन मतलब वेदनां; जब हम वेदनाओं के प्रति तृष्णा करते हैं, प्रतिक्रिया करते हैं, तो वह जीवन की काल व भव गति हैं। परंतु जब हम वेदनाओं के प्रति तृष्णा नहीं करते, प्रतिक्रिया नहीं करते, उनका बारिकी से दरसण करते हैं, यह जीवन की कालातीत गति है, अवधूनन हैं।

Life means sensations; when we respond or react to them with desire, that is a movement of life in time and becoming. But when we do not react to sensations, and observe them, this is the movement of life in timelessness, with cleansing.

केता आवै केता जाई, केता मांगै केता खाई |
केता रूष विरष तलि रहै, गोरष अनभै कासौं कहै ||५८||

ketā āvai ketā jāī, ketā māngai ketā khāī,
ketā rūkha virakha tali rahai, gorakha anabhai kāsãũ kahai.

How many come, how many go?
How many beg, how many eat?
How many live alone under a tree?
How can Gorakh say don't fear? (58)

यह कहा जा सकता है कि अनभै यह अनुभव के नजदीक है, दैवीय ग्यान के अनुभव का निर्देश करते हुए है। तथापि, यहां अनभै स्पष्टतः अन+भय, "अभय" (no fear), ऐसे है। अध्यात्म जगत में, भय या भीति यह शब्द अनिश्चितता व दुख के निर्देशन में इस्तेमाल होता है; और अनभै या अभय यह अनिश्चितता या अनित्यता व दुख अंत (ending) के लिए। तदनुसार, मौलिक अंतर्समझ, बोधि की सूझ, के लिए भी कभी अनभै या अभय की सूझ कहा जाता है।

It could be said that *anabhai* is close to *anubhava*, indicating the experience of divine knowledge. However, here *anabhai* is apparently from *ana+bhaya*, "no fear". In the spiritual world, *bhaya* or fear is taken to indicate uncertainty and sorrow; and no fear the ending of uncertainty or impermanence and sorrow. Accordingly, the fundamental insight, insight into *bodhi*, is sometimes said to be insight into no-fear.

पढ़ि देषि पंडिता रहि देषि सारं, अपणीं करणीं उतरिबा पारं |
बदंत गोरषनाथ कहि धू साषी, घटि घटि दीपक बलै षणि पसू
न पेषै आंषी ||५९||

paḍhi dekhi paṇḍitā rahi dekhi sārã, apaṇĩ karaṇĩ utaribā pārã,
badanta gorakhanātha kahi dhū sākṣī, ghaṭi ghaṭi dīpaka balai kṣaṇi pasū na pekhai ānkhī.

Pandit! You have read and seen –
you have yet to see the essence,
you do it, go beyond.
Gorakh Nath says, I testify –
that light is burning in everyone,
animal eyes don't even glimpse it. (59)

इस सबदी में "पशु आंख" यह शब्द प्रयोग उन मनुष्यों की मानस आंखों के लिए इस्तेमाल किया गया है जो वर्तमान में नहीं जीते हैं, जो पल पल बदलते आसति सत के प्रति दरसण से नहीं जीते हैं। जब तक मानुस अपने आप को विश्वास, मान्यता, मत प्रणालियों से मुक्त नहीं करता, सत जैसा है वैसे भीतर बाहर कुशलता व सुज्ञता से देख नहीं सकता। मानुस मन में, भीतर बदलते सत को, चेतन हो, राग द्वेष के बगैर, पल पल देखने की क्षमता है, जो पशुओं में नहीं है।

The phrase "animal eyes" refers to human eyes not living in the present, that is, not consciously observing "what is". When you can't free yourself from the known of beliefs, ideologies, attachments, you can't observe truth as it is. The human mind is able to look and live in the present consciously, that is, meditation, which animals cannot do.

सुसबदे हीरा बेधिलै अवधू, जिभ्या करि टकसाल |
औगुंन मध्ये गुंन करीलै, तौ चेला सकल संसारं ||६०||

susabade hīrā bedhilai avadhū, jibhyā kari ṭakasāla,
augũna madhye gũna karilai, tau celā sakala saṃsārã.

Avadhu! Pierce a diamond with the right word,
make your tongue a touchstone,
in the midst of vice be virtuous,
that disciple is the whole world. (60)

यहां "सुसबद" से गोरख हमे साधना में पर्याय के तौर पर कोई सबद, शब्द प्रयोग, एक सुरति के तौर से लेने की बात कहते हैं, जो मत मतांतरों के बोझ से नहीं है, भले वह शब्द प्रयोग कुछ अध्यात्मिक व कारुणिक है, और जो सजगता में आते रहने व मानस प्रवाह को देखने में मददगार हो।

गोरख हमे अलख संग्यान, बाला होना (अजानता व चैतसिक ताजगी से होना, जो मन से चिर तरुणता से होना है), आसति दरसण (भाव-पवनां दरसण), शुन्यता व अवधूनन जैसी मौलिक बातों के साथ ही अनेक प्रकार की साधनाएं, उनकी व्याप्ति व मर्यादा, बताते हैं। धरम सारी परंपराओं से परे है, फिर भी विभिन्न परंपराओं से कुछ सुसबद : "सोऽहं" या "हंस अजपा", क्रिश्चियन दिल की प्रेयर, "Lord Jesus Christ, have mercy upon me!", जैसे आस्ट्रेलियाई फादर लाझारूस स्पष्ट करते हैं, "सिध गोरख अलख जोग!" वा "गुरू गोरख अवधूत!", "भवतु सब्ब मंगलं!", "कुदरत रहमान रहीम!"

Here with *susabada* Gorakh is suggesting that a *sādhak* may choose a word or phrase to repeat mentally, as an option for *sādhanā* or a *surati*, that is not loaded with ideas and ideologies, even if it may carry some sense of spirituality and compassion, and could help us to be alert and observe the stream of our consciousness.

Gorakh speaks of very many practices, their scope and limits, apart from the fundamental understanding of the *alakh* sense, being *bālā* (innocence and youthfulness), observation of "what is", of feelings and sensations (*bhāv-pavanā*), emptiness and emptying etc. Religion transcends all traditions, though *susabada*s in different traditions could be: *So'ham* or *Haṃsa*; the Christian prayer known as the prayer of the heart, "Lord Jesus Christ, have mercy upon me!" or *Sidh Gorakh alakh jog!, Guru Gorakh Avadhūt!, Bhavatu sabba Mangalam!, Qudrat rahamān rahīm!*.

अभरा था ते सूभर भरिया, नीझर झरता रहिया |
षांडे थैं षुरसाण दुहेला, यूं सतगुरि मारग कहिया ||६१||

abharā thā te sūbhara bhariyā, nījhara jharatā rahiyā,
khāṇḍe thaĩ kṣurasāṇa duhelā, yū̃ sataguri māraga kahiyā.

The empty were filled with good things,
clear water keeps flowing.
As the whetstone hones the sword
the sadguru shows the way. (61)

प्यंडै होइ तौ पद की आसा, बिण निपजै चौतारं |
दूध होई तौ घृत की आसा, करणीं करतब सारं ||६२||

pyaṇḍai hoi tau pada kī āsā, biṇa nipajai cautārã,
dūdha hoī tau ghṛta kī āsā, karaṇī̃ karataba sārã.

Being in a body, there is the hope of a path;
without that foundation, what can grow!

In milk, there is the hope of ghee –
the secret is skilled action. (62)

In line 1, *bãni* should read *biṇā*, "without", as do most of the variant readings (*bīṇa, biṇu, biṇi*) given in Barthwal's footnote, each meaning "without"; JDP#151 has *biṇi* and GG#87 has *biṇa*. Thus, GB's *bãni* is changed to *biṇa*.

"नींव के बगैर कोई टिकाऊ संरचना नहीं बनती, और समझ के लिए सम्यक नींव अपना खुद का ग्यान ही है। सो सभी सत विचार यह खुद के ग्यान का परिणाम होता है। यदि मैं अपने आप को नहीं जानता तो मैं और कुछ कैसे जान सकता हूं? खुद के ग्यान के बगैर बाकी सारा ग्यान व्यर्थ है। खुद के ग्यान के बगैर लगातार चलनेवाला [मानस] क्रियाकलाप यह अग्यान गति होती है; यह लगातार चलनेवाला क्रियाकलाप, भीतरी वा बाहरी, बस विनाश व दुख का कारण होता है।"

— जिद्दू कृष्णमूर्ति, सतसंग 6, ओजाई,
कॅलिफोर्निया, 12/05/1946.

"Without a foundation there can be no lasting structure, and the right foundation for understanding is self knowledge. So all right thinking is the outcome of self knowledge. If I do not know myself how can I understand anything else? For without self knowledge all knowledge is in vain. Without self knowledge incessant activity is of ignorance; this incessant activity, inner or outer, only causes destruction and misery."

— Jiddu Krishnamurti, discussion 6,
Ojai, California, 12/5/1946.

मन मैं रहिणां भेद न कहिणां, बोलिबा अंमृत बांणीं |
आगिला अगनी होइबा अवधू, तौ आपण होइबा पांणीं ||६३||

mana mãĩ rahiṇā̃ bheda na kahiṇā̃, bolibā ãmṛta bā̃ṇī̃,
āgilā aganī hoibā avadhū, tau āpaṇa hoibā pā̃ṇī̃.

Remain in the mind, don’t speak of difference,
tell the immortal words.
If someone becomes fiery, Avadhu,
you become water. (63)

unamani rahibā bheda na kahibā, pīyabā nī̃jhara pā̃ṇī̃,
laṅkā chāḍi palaṅkā jāibā, taba guramukha lebā bā̃ṇī̃.

उनमनि रहिबा भेद न कहिबा, पीयबा नींझर पांणीं |
लंका छाडि पलंका जाइबा, तब गुरमुष लेबा बांणीं ||६४||

Stay beyond the mind, don’t speak of difference,
drink the water of a clear stream.
Leave Lanka, go beyond Lanka,
and receive the word from the guru’s mouth. (64)

नग्री सोभंत बहु जल मूल बिरषा, सभा सोभंत पंडिता पुरषा |
राजा सोभंत दल प्रवांणीं, यूँ सिधा सोभंत सुधि बुधि की वांणीं ||६५||

nagrī sobhanta bahu jala mūla birakhā, sabhā sobhanta paṇḍitā puraṣā,
rājā sobhanta dala pravā̃ṇī̃, yū̃ sidhā sobhanta sudhi budhi kī vā̃ṇī̃.

A city is graced by many ponds and trees
An assembly is graced by learned men and women
A king is graced by a loyal army
And a siddha is graced by
wise and insightful words. (65)

बिरला जाणंति भेदांनिभेद, बिरला जाणंति दोइ पष छेद |
बिरला जाणंति अकथ कहांणीं, बिरला जाणंति सुधि बुधि की बांणीं ||६६||

biralā jāṇanti bhedā̃nibheda, biralā jāṇanti doi pakṣa cheda,
biralā jāṇanti akatha kahā̃ṇī̃, biralā jāṇanti sudhi budhi kī bā̃ṇī̃.

They are rare who know difference and non-difference
They are rare who know the difference between two sides

They are rare who know the untold story
They are rare who know insightful and wise words. (66)

भेद अर अभेद को, या दोनों पक्ष को, समझना मौलिक है। दैनंदिन जीवन में हमें विभिन्न बातों में, वस्तुओं में, निवड करनी होती है, कुछ स्वीकारना व कुछ नकारना होता है, कुछ के प्रति उदासीन भी रहना होता है; पर उसी समय, आंतरिकतः, ध्यान यह निवड रहितता है, अच्छे लगनेवाले या नहीं लगनेवाले भाव-पवनां का स्वीकार वा नकार नहीं, बल्कि उनका स्थिर सजगता से दरसण है। सो यह काल गति में जीने की व साथ ही कालातीतता की अंतर्समझ है। कालातीतता की बात अजानता से अकथ कहानी है; और चेतना के खुलेपन से, अवधूनन की गहराई के साथ, इसमें सुधि बुधि की बानी सहज है।

It is important to understand the matter of difference and non-difference, and that of both sides. In daily life we need to choose or avoid many things, accepting or rejecting them, or be neutral about some of them. However, at the same time, inwardly, meditation or observation of what is, of feelings and sensations, is choiceless work. That is, inwardly it is not a question of accepting or being attracted to feelings we like, or of rejecting or avoiding those we don’t like – inwardly we steadily observe everything moment to moment. This is the fundamental insight of living in time (out there), and at the same time in timelessness (inwardly). Timelessness is the untold story of innocence or freedom from the known by knowing its place and limit; with our awareness being open, with the depths of the emptied mind, insightful and wise speech becomes possible.

उत्तरखंड जाइबा सुंनिफल षाइबा, ब्रह्म अगनि पहरिबा चीरं |
नीझर झरणैं अंमृत पीया, यूं मन हूवा थीरं ||६७||

uttarakhaṇḍa jāibā sũniphala khāibā, brahma agani paharibā cīrã,
nījhara jharaṇãĩ ãmṛta pīyā, yũ̄ mana hūvā thīrã.

Go to the upper region, eat the fruit of emptiness,
put on the garment of divine fire,
drink the nectar from the clear-flowing spring,
and the mind will become steady. (67)

अलख संग्यानै आसति दरसण सुंनि चेतन।
बोध अगनि चित्त अवधूनन निरवाण चेतन।।

— सूरजनाथ

alakha saṅgyānai āsati darasaṇa sũni cetana
bodha agani citta avadhūnana niravāṇa cetana

With the alakh sense, observation of what is
is the awakening of emptiness;
it is the fire of intelligence, emptying of the mind
and the waking of nirvana.

— Surajnath

֍

हिन्दू ध्यावै देहुरा, मुसलमान मसीत |
जोगी ध्यावै परमपद, जहाँ देहुरा न मसीत ||६८||

hindū dhyāvai dehurā, musalamāna masīta,
jogī dhyāvai paramapada, jahā̃ dehurā na masīta.

The Hindu meditates in a temple,
the Muslim in a mosque;
the yogi meditates on the absolute path,
where there is no temple or mosque. (68)

Param pada or *param tatta*:

दरसण परम तत्त सुंनि ध्यानं।
दरसण खोलै अलख विनांणं।। — सूरजनाथ।

darasaṇa parama tatta sũni dhyānã
darasaṇa kholai alakha vinā̃ṇã

Observation is ultimate truth, emptiness, meditation;
observation reveals unseen pure knowledge.
— Surajnath.

हिन्दू ध्यावे राम कूं, मुसलमान षुदाय |
जोगी ध्यावै अलष कूं, कहै कौन पतियाय ||६९||

hindū dhyāve rāma kū̃, musalamāna khudāya,
jogī dhyāvai alakha kū̃, kahai kauna patiyāya.

The Hindu meditates on Ram,
the Muslim on God,
the yogi meditates on the alakh,
tell me, who will believe what I say? (69)

This Sabadi is taken from *Gorakh Guṭakā*, GG#245, as Barthwal's verse is defective, being:

हिन्दू आषैं अलष कौं। तहां राम अछै न षुदाइ ।।69।।

jugati na jā̃ṇā̃ĩ jāgā̃ĩ rāti, mana kāhū kai na āvai hāthi.

The unknown, imperceptible is without desire.
No rest is found in the bee-buzzing cave –
He does not know the yogic skill of observation,
stays awake at night,
the mind is not in the hand of such a person. (132)

❁

नव नाडी बहोतरि कोठा, ए अष्टांग जोग सब झूठा |
कूंची ताली सुषमन करै, उलटि जिभ्या ले तालू धरै ||१३३||

nava nāḍī bahotari koṭhā, e aṣṭānga joga saba jhūṭhā,
kūñcī tālī suṣamana karai, ulaṭi jibhyā le tālū dharai.

Nine nadis, many rooms,
that eight-fold yoga is all lies.
Take the key to unlock the sushumna,
pull back the tongue, hold it to the palate. (133)

GB does not have *joga* in line 1; but Barthwal notes that it occurs in three mss consulted, as it also does in GG#147 and JDP#175, so it is included here.

पंडित ग्यांन मरौ क्या झूझि, औरै लेहु परमपद बूझि |
आसण पवन उपद्रह करैं, निसिदिन आरम्भ पचि-पचि मरैं ||१३४||

paṇḍita gyā̃na marau kyā jhūjhi, aurai lehu paramapada būjhi,
āsaṇa pavana upadraha karāĩ, nisidina ārambha paci-paci marāĩ.

Why die fighting over scholarly knowledge?
Follow something else for the true path.
Asana, pranayama create turmoil,
day and night you begin again,
working yourself to death. (134)

उनमन जोगी दसवैं द्वार, नाद ब्यंद ले धूंधूंकार |
दसवे द्वारे देइ कपाट, गोरख षोजी औरै बाट ||१३५||

unamana jogī dasavāĩ dvāra, nāda byanda le dhūṅdhūṅkāra,
dasave dvāre dei kapāṭa, gorakha khojī aurai bāṭa.

Unmani yogi is at the tenth door,
in the mist, the nād bindu,
closing the tenth door,
Gorakh searches for another path. (135)

कोई नाद के साथ ध्यान करनेवाले साधक उन्मन की अंतर्समझ पा सकते हैं, चित्त की एक स्थिरता, विचार शृंखला के परे, जो आंशिक अंतर्समझ है। तथापि, हो सकता है कि यह अहं रंजन की बात हो जाय, या वह साधक अहंकेंद्री हो अपने लिए प्रदीप्ती या मुक्ति चाहता हो। किसी भी प्रकार से हो, अहं के लिए भव ही संभव है, अपने आप को इति करते हुए प्रदीप्ती या निरवाण संभव नहीं। सो अहं केंद्री होते नाद, बिंदू, या अनेकों नाद व वेदनां, उनके अहं की निर्जरा के बजाय एक धूंधूंकार बन जाते हैं।

Some *sādhaks* working on *nād* may gain insight into *unmana*, a state of calmness, free from constant thoughts, which is a partial insight. However, it may happen that this becomes something enjoyed by the ego-centre, or that they are trying to find enlightenment while being self-centered. In whatever form it takes, the ego only has the possibility of becoming, and no possibility of enlightenment or nirvana by ending itself. Thus being ego centred, the *nād-bindu*, or sounds and sensations, become a mist for them, instead of the ending of the mist and the self.

❁

आरम्भ जोगी कथीला एकसार, षिण षिण जोगी करै सरीर विचार |
तलबल ब्यंद धरिबा एक तोल, तब जांणिबा जोगी आरंभ का बोल ||१३६||

ārambha jogī kathīlā ekasāra, khiṇa khiṇa jogī karai sarīra vicāra,
talabala byanda dharibā eka tola, taba jā̃ṇibā jogī ārambha kā bola.

The beginning yogi is said to be one-pointed,
observing his body moment to moment,
the downward energy is held in balance,
know yogi, this is called the beginning,
arambha stage. (136)

❀

घट हीं रहिबा मन न जाई दूर, अह निस पीवै जोगी बारुणीं सूर |
स्वाद बिस्वाद बाई काल छींन, तब जांनिबा जोगी घट का लछीन ||१३७||

ghaṭa hī̃ rahibā mana na jāī dūra, aha nisa pīvai jogī bāruṇī̃ sūra,
svāda bisvāda bāī kāla chī̃na, taba jā̃nibā jogī ghaṭa kā lachīn.

The mind remains in the body, it doesn’t wander,
day and night the yogi experiences waves of joy.
Over time, like and dislike are weakened through attention.
So, recognise, yogi, the sign of the *ghat* stage. (137)

❁

परचय जोगी उनमन षेला, अहनिसि इंछ्या करै देवता स्यूं मेला |
षिन षिन जोगी नांनां रूप, तब जांनिबा जोगी परचय सरूप ||१३८||

paracaya jogī unamana khelā, ahanisi ĩchyā karai devatā syũ̄ melā,
khina khina jogī nā̃nā̃ rūpa, taba jā̃nibā jogī paracaya sarūpa.

The *paricay* yogi plays in the state beyond the mind,
day and night he meets gods as he wishes,
moment to moment he experiences many forms,
know that this yogi is in the state of *paricay*
the state of knowing. (138)

❁

निसपती जोगी जानिबा कैसा, अगनी पांणीं लोहा मांनैं जैसा |
राजा परजा संमि करि देष, तब जांनिबा जोगी निसपति का
भेष ||१३९||

nisapatī jogī jānibā kaisā, aganī pā̃ṇī̃ lohā mā̃nā̃ī jaisā,
rājā parajā sā̃mi kari dekha, taba jā̃nibā jogī nisapati kā
bheṣa.

How can the consummation yogi be recognized?
He is like iron tempered in fire and water,
he looks on kings and people as equal.
Know that yogi is clothed in consummation,
niṣpatti. (139)

इन ##136-139 में गोरख सारे जोग पथ के, मतलब धरम पथ के, चार माइलस्टोन बताते हैं, जो "आरंभ, घट, परचय, निसपति" है। बुद्ध के शब्दों में ये "सोतापन्न, सकदागामि, अनागामि, अरहत" है। जिद्दू कृष्णमूर्ति के शब्दों में ये "beginning, "I"ness, "is"ness, beyond" है। सार रूप में, यह तीनों महासिद्ध एक ही बात कहते हैं; तथा गोरख व जिद्दू इसमें समान शब्दों का प्रयोग करते हैं।
धरम पथ पर साधक आरंभ, घट, परचय इन माइलस्टोन के पार होते परम सत का कुछ अनुभव करता है; पर यह ऐसे में तात्कालिक व मर्यादित जैसे होता है, जो निसपति या निरवाण में समग्रता से आरपार होता है।

In ##136-139, Gorakh describes the spiritual journey as covering four milestones, namely *ārambha* beginning, *ghaṭa* I awarenes, *paracay* (*paricay*) knowing, and *nisapati* (*niṣpatti*) consummation. In the words of the Buddha, these are *sotāpanna*, *sakadāgāmi*, *anāgāmi* and *arahat*. In Jiddu Krishnamurti's words, these are: beginning, “I”ness, “is”ness, and beyond.

Essentially, these three masters mean the same thing; and Gorakh and Jiddu use almost the same wording to indicate them.

❀

अवधू षारै षिरै षाटै झरै, मीठै उपजै रोग |
गोरष कहै सुणौ रे अवधू, अंनै पांणीं जोग ||१४०||

avadhū khārai khirai khāṭai jharai, mīṭhai upajai roga,
gorakha kahai suṇau re avadhū, annai pā̃ṇī̃ joga.

> Avadhu! Salty food causes loss of energy,
> acidic food is draining,
> diseases are produced by sweet food.
> Gorakh says, listen Avadhu,
> grains and water for yoga. (140)

GB had *rõga…jogã*, but on the basis of Barthwal's gloss, footnote 5, GG#36 and JDP#58, we prefer *roga…joga*.

गोरखनाथ व नाथ सिद्ध अपने जोगी को दीक्षा उपरांत पहले सामान्य भोजन के रूप में घी-रोटी अर कच्चा प्याज देते है। नाथ पंथ में योगी, खोजी साधकों के लिए प्याज, लहसुन यह सामान्य भोजन के हिस्से के रूप में स्वीकार्य है। ऐसे ही मज्झिमता से भिक्षुओं को बुद्ध कहते हैं, मांसाहार के लिए किसी जीव की हत्या कर उसे ना खाएं, किसी दूसरे से जीव हत्या करवाकर उसे ना खाएं, किसी जीव की हत्या होते हुए आप देखे उसे ना खाएं, आपको मांसाहार पसंद है इसलिए ना खाएं; तथापि, कभी आपके भिक्षा पात्र में कोई मांस या मछली का आहार दे, उस आहार को आपने खाना है, बर्बाद नहीं करना है।

On initiation into the Nath Panth, Gorakh and *siddha*s give raw onion, *roṭī* (bread) and *ghī* (butter) as the first normal food to a new yogi. Onion and garlic are accepted as parts of normal food for yogis, *sādhu*s or seekers in their daily life in the Nath Panth. In the

same spirit of moderation, the Buddha said to the monks, don't kill an animal to eat its flesh, don't have others kill it so as to eat its flesh, don't eat the flesh of an animal when you see it being killed, don't eat meat because you like it; however, when you are given meat as food during your alms begging, you should eat that and not waste it.

❀

बजरी करंतां अमरी राषै, अमरी करंतां बाई |
भोग करंतां जे ब्यंद राषै, ते गोरष का गुरभाई ||१४१||

bajarī karantā̃ amarī rākhai, amarī karantā̃ bāī,
bhoga karantā̃ je byanda rākhai, te gorakha kā gurabhāī.

> While doing vajari, he maintains amari,
> while doing amari, he maintains attention,
> while making love, he withholds semen,
> he is Gorakh's guru-brother. (141)

GB, line 1, second half, had *amari*, which from GG#148, and Barthwal's gloss, is changed to *amarī*.

बजरी या वजरी (वज्र) का अर्थ है बहुत मजबूत, अटूट। अमरी यह अमरता से है, मतलब काल का स्थगन या अंत। समाधि काल का स्थगन है; ध्यान-बोधि काल का अंत है, काल या संखारों का अंत होते जाना है। बाई या वायु यह शब्द सबदी में जादातर ध्यान-बोधि (attention) के अर्थ में है।
यह सबदी योगासन, कुंभक, बंध, मुद्रा व ध्यान से सिद्ध शरीर के एक विशेष आयाम की बात करती है। बजरी के संदर्भ में, मैथुन में या सपनों में, विर्य का स्थगन वा उत्परिवर्तन बाबत यह समझे कि, यह वेदनाओं के स्तर पर होता है; शरीर में विर्य (semen) बनने के बाद वह कहीं उधो होता है ऐसा नहीं। वजरी

यह आसन, बंध, मुद्रादि अभ्यास का शारीरिक पहलू है जिससे वेदनाओं में उर्ध्वगति पैदा होती है, और मानसिक पहलू, ध्यान के साथ, अमरी है।

काम आदि वेदनाओं के साथ ध्यान चलते रहना यह वजरी, अमरी में सन्निहित है। कहने की जरूरत नहीं कि, ध्यान यह काम वा मैथुन में मर्यादित नहीं है; ध्यान यह चैतसिकतः भीतर, बाहर या स्त्री, पुरुष ऐसा भेद नहीं है; समझ स्त्री वा पुरूष नहीं होती। वजरी में दोनों शरीर वेदनां की जानकारी के साथ ध्यान यह कोई बात है।

वजरी, अमरी सिद्ध किन कारणों से होती है वह ये कि, जो योग साधनाएं शरीर में शक्ति या वेदनां गति/स्वभाव को उधोगामि करते है, कुशलता से कोई योग टेबल, जैसे मूल बंध, उड्डियान बंध, नौली, अग्निसार, कपालभाति, भस्त्रिका, कुंभक इत्यादि सह; और सबसे उपर है ध्यान। सो कामुक सपने में या काम भोग (love making) में वेदनां-भावनां के दरसण की गतिशीलता वजरी, अमरी है। वजरी वेदनाओं का उत्परिवर्तन (transmutation) है; और अमरी वेदनाओं का परावर्तन, निर्जरा (transformation) है। ध्यान से मतलब है जागते, बैठे, सोते यथा गतिमान वेदनां-भावनां का कुशलता सूं स्थिर सजग दरसण अर उनकी निर्जरा, अवधूनन। इस बाबत विर्य (semen) की शरिरांतर्गत किसी और गति की, सोखने की या कहीं उपर जाने की, बातें बस मनोविलास है।

Bajarī or *vajarī* means "very hard". *Amarī* is from *amara* "immortal". Is *amarī* the suspension of time, or the ending of time? *Samādhi* is suspension of time, meditation is the ending of time. The word *bāī* or *vāyu* in Sabadis usually has the sense of attention, meditation.

This Sabadi speaks of a body that has been mastered by yogic practices and meditation. With regard to *vajarī*, *amarī*, and the preservation of semen while making love or in dreams, understand that it is transmuted or transformed at the sensational level.

Turning the mind to sex and other sensations is what is meant by *vajarī*, *amarī*. Meditation is not opposed to sex; it is free of the

differences of inner and outer, male and female, it is the opening of a dimension with awareness of sensations from both bodies in *vajarī*. *Vajarī* is the physical aspect of practices that promote the upward flow of sensations, and the mental aspect, with attention, is *amarī*. What effects this is yogic practices that help the upward movement of sensational energy, such as skillfully doing a set of practices, including *mūla bandha, uḍḍiyāna bandha, naulī, agnisāra, kapālabhāṭi, bhastrikā, kumbhaka* etc. And, above all, meditation. Thus, observation of sensations in erotic dreams or in love making is *vajarī, amarī*. Meditation is observation of what is, of the stream of feelings and sensations, while awake, sitting, sleeping, and the emptying of that stream. Ideas about the physiology of semen are just mind games.

࿋

भग मुषि ब्यंद अगनि मुषि पारा, जो राषै सो गुरू हमारा |
जोग जुगति कर साधत काया, काल न लागति लिपै न माया ||१४२||

bhaga mukhi byanda agani mukhi pārā, jo rākhai so gurū hamārā,
joga jugati kara sādhata kāyā, kāla na lāgati lipai na māyā.

Semen in the mouth of the vagina,
mercury in the mouth of fire,
he is my guru who preserves this.
He perfects the body through his skill in yoga,
time does not affect him, nor maya besmirch him. (142)

GB gives only the first half of this Sabadi, which is completed with GG#286.

࿋

जिभ्या स्वाद् तत तन षोजै, हेला करै गुरू बाचा |
अगनि बिहूँणां बंध न लागै, ढलकि जाइ रस काचा ||१४३||

jibhyā svād tata tana khojai, helā karai gurū bācā,
agani bihū̃ṇā̃ bandha na lāgai, ḍhalaki jāi rasa kācā.

Seeking the truth in the body,
in tastes and the tongue,
disregarding the guru's words;
without fire, the bandha cannot be held,
and the rasa flows down uncooked. (143)

अवधू ईश्वर हमारै चेला भणींजै, मछींद्र बोलिये नाती |
निगुरी पिरथी परलै जाती, ताथै हम उल्टी थापना थापी ||१४४||

avadhū īśvara hamārai celā bhaṇī̃jai, machīndra boliye nātī,
nigurī pirathī paralai jātī, tāthai hama ulṭī thāpanā thāpī.

Avadhu, God is my disciple,
Macchindra my grandson;
without a guru,
the earth would have been wiped out,
so I have turned everything around. (144)

मछिंद्र वा मत्स्येंद्रनाथ ऐतिहासिक व्यक्तित्व है, और वह गोरखनाथ के गुरू है। चैतसिकतः, गुरू-चेला संबंध अधिकारिकता व अवलंबन मानसिकता से मुक्त

चलता है, जैसे गोरख अपनी ## 2 - 6, 161, 197, 271, 272, 276, 295 आदि में स्पष्ट करते है। ईश्वर बाबत कोई भी संकल्पनाएं यह केवल विचार पैदाइश बातें होती है, जो गोरख #1 में, तथा सम्यक खोजी समझ के साथ पहले कदम पर ही, साइड कर देते है। सो इश्वरीय अवतार, इश्वर के दूत, मसीहा, मैत्रेय, हिरण्यगर्भ, कैलास, कयामत वा लास्ट डे आदि मान्यताएं वा मनमुखी बातें समझ के साथ साइड हो जाती हैं। दुसरे शब्दों में, ध्यान-ग्यान पथ किसी पर मानसिक अवलंबन नहीं व अहंकार की बात भी नहीं है। तथापि, काल की गति में ध्यान-ग्यान सिख चेतन चले इसलिए नाथ, भिक्खु, सुफी आदि स्कूलों की स्थापना करना, पंथ चलाना, इसकी अपनी जगह है। बाकि इश्वरनाम मान्यतां, मत प्रणालियों का बोझ ले चलना बालिश है, व्यर्थ है। संभवतः यह प्रदुषित सबदी है।

> आप इश्वर बाबत क्यों बतियाते हो?
> आप इश्वर बाबत जो भी कहें सही नहीं है।
>
> — मा. एक्खार्ट, 11 वी सदी के एक जर्मन मिस्टिक।

> व्यवस्था सै गुरू चेला अर थान मान।
> तत्त सूं अलख संग्यान अर ग्यान ध्यान।। — सूरजनाथ।

Macchindra or Matsyendranath is historical, and formally he is the guru of Gorakh Nath. Psychologically, the guru-disciple relationship involves no authority and dependency, as explained by Gorakh in ## 2 – 6, 161, 197, 271, 272, 276, 295 etc. Ideas of *Īśvara* or God are but products of thought, which a right seeker puts aside from the very start. However, to help the teachings stay alive over the course of time, the formation of some schools such as the Nath, Bhikkhu, Sufi etc. is of great help, while to be burdened with ideas in the name of God is childish, futile. Probably, this sabadi is an interpolation.

> Why do you prate about God?
> Everything you say about God is untrue.

— Meister Eckhart, 11th century mystic from Germany.

vyavasthā sai gurū celā ara thāna māna
tatta sũ̃ alakha sangyāna ara gyāna dhyāna

As a system, it is guru, disciple, position and respect.
In truth, it is the alakh sense, insight and meditation.

— Surajnath.

❀

भरि भरि षाइ ढरि ढरि जाइ, जोग नहीं पूता बडी बलाइ |
संजम होइ बाइ संग्रहौ, इस विधि अकल पुरिस कौ गहौ ||१४५||

bhari bhari khāi ḍhari ḍhari jāi, joga nahī̃ pūtā baḍī balāi,
sañjama hoi bāi sangrahau, isa vidhi akala purisa kau gahau.

Overeating, fat and lazy,
that's not yoga, son, it's a disaster!
Be disciplined, focus attention –
this way, know the changeless spirit. (145)

❀

षांये भीं मरिये अणषांये भी मरिये, गोरष कहै पूता संजंमि हीं तरिये |
मधि निरंतर कीजै बास, निहचल मनुवा थिर होइ सास ||१४६||

khā̃ye bhī̃ mariye aṇakhā̃ye bhī mariye, gorakha kahai pūtā sañjãmi hī̃ tariye,
madhi nirantara kījai bāsa, nihacala manuvā thira hoi sāsa.

Those who eat die, those who don't eat die,
Gorakh says, son, only the moderate cross over.
Stay continuously in the middle way,
motionless mind, breathing steady. (146)

❁

पवन हीं जोग पवन हीं भोग, पवन हीं हरै चौसठी रोग |
या पवन का कोई जांणैं भेव, सो आपैं करता आपैं देव ||१४७||

pavana hĩ joga pavana hĩ bhoga, pavana hĩ harai causaṭhī roga,
yā pavana kā koī jā̃ṇāĩ bheva, so āpāĩ karatā āpāĩ deva.

Pavan is yoga, pavan is desire,
pavan takes away the sixty-four sicknesses,
whoever knows the mystery of pavan,
he is the doer, he the god. (147)

In line 1, GB had *chatīsā̃ũ*, which on the basis of GB fn 7, GG#223, JDP#127, GB## 148 and 191, is changed to *causaṭhī*; and from these as well *kā* is inserted in line 2.

जीवनी शक्ति, भावनां-वेदनां प्रवाह, जैसे है वैसे संचित भोग है, काल है, कि जो स्वतः योग में गतिमान हो सकता है। दुसरे शब्दों में, भोग का मतलब है इस प्रवाह में तृष्णा या तृष्णा-विचार से होना। और शील, अलख संग्यान सूं जीवनी शक्ति की एक-संघता, मतलब भाव-पवनां का कुशलता सूं दरसण, यह योग है। तृष्णा भोग है, ध्यान योग है!
पिंड में कोई भी गति, वेदनां-भावनां, यह पवन है। पवन का शब्दार्थ है हवा, हलन-चलन, गति। बिंदु का अर्थ है वेदनां, जीवनी शक्ति, मन की एकाग्रता, विर्य। पवन, बिंदु, अगनि यह मूलतः एक ही है; यह तरंग, ध्वनि, वेदनां वा

भाव-पवनां है। सबदी 147 (पवन), 148 (बिंदु) और 191 (अगनि) यह संबंधित है।

वेदना पच्चया तण्हा, वेदना पच्चया पञ्या। — बुद्ध।

वेदनां ही अगनि है, जीवन है, जिससे अनुभूत रहते आप भोग (तण्हा) में या योग (पञ्या) में गतिमान हो सकते है।

Life energy, our stream of feelings and sensations, is accumulated *bhoga*, time, which itself can turn into yoga. In other words, *bhoga* means becoming involved in this stream with desire or thought. Instead, the *alakh* sense and the gathering of life energy, that is, the skillful observation of feelings and sensations, is yoga. Desire is *bhoga*, meditation is yoga!

All internal movements, feelings and sensations, are *pavana*. *Pavana* literally means air, wind, movements. *Bindu* refers to sensations, life energy, focusing on something, semen. *Pavana, bindu, agani* are basically the same. These are vibrations, sounds, sensations and feelings. Sabadis 147 (*pavana*), 148 (*bindu*) and 191 (*agani*) are related.

vedanā paccayā taṇhā, vedanā paccayā paññā

Experiencing sensations (may lead to) desire,
Experiencing sensations (may lead to) wisdom.

— Buddha.

Sensations are fire, with which you may go into desire (*bhoga*) or into wisdom (yoga).

❁

ब्यंद हीं जोग ब्यंद हीं भोग, ब्यंद हीं हरै चौसठि रोग |
या बिंद का कोई जांणैं भेव, सो आपैं करता आपैं देव ||१४८||

byanda hī̃ joga byanda hī̃ bhoga, byanda hī̃ harai causaṭhi roga,
yā binda kā koī jā̃ṇāĩ bheva, so āpāĩ karatā āpāĩ deva.

Bindu is yoga, bindu is desire,
bindu takes away the sixty-four sicknesses.
Whoever knows the mystery of bindu,
he is the doer, he the god. (148)

❁

साच का सबद सोना का रेख, निगुरां कौं चाणक सगुरा कौं उपदेश |
गुर का मुंड़्या गुंण मैं रहै, निगुरा भ्रमै औगुण गहै ||१४९||

sāca kā sabada sonā kā rekha, nigurā̃ kāũ cāṇaka sagurā kāũ upadeśa,
gura kā mũṛyā gũṇa māĩ rahai, nigurā bhramai auguṇa gahai.

The word of truth is a vein of gold.
Delusion to someone who has no guru,
teaching to someone who has a guru.
With his head shaved by his guru,
he lives virtuously.
A man without a guru is confused
and turns to vice. (149)

❁

अवधू बूझना ते भूलना नहीं, अनबूझ मग हारै |
सूंने जंगल भटकत फिरहीं, मारि लिहीं बटमारै ||१५०||

avadhū būjhanā te bhūlanā nahī̃, anabūjha maga hārai,
sū̃ne jangala bhaṭakata phirahī̃, māri lihī̃ baṭamārai.

Avadhu! Those who understand don't go astray;
those who don't lose their way,
they wander in a desolate jungle
and are killed by robbers. (150)

❀

गुरु की बाचा षोजैं नाहीं, अहंकारी अहंकार करै |
षोजी जीवैं षोजि गुरू कौं, अहंकारी का प्यंड परै ||१५१||

guru kī bācā khojãĩ nã̃hī̃, ahankārī ahankāra karai,
khojī jīvãĩ khoji gurū kãũ, ahankārī kā pyaṇḍa parai.

The proud man does not seek the guru's words,
and falls into selfishness.
The seeker is alive! Seeks a guru,
while the body of the proud perishes. (151)

प्यंड, पिंड, घट, कंद, कंध, काया, सरीर यह समानार्थी हैं; इनका मतलब है शरीर व मन वा चित्त। भौतिक शरीर व मानस पिंड यह अलग होते हुए भी अभिन्न है, मानस गति से शरीर जिवंत होता है, सो इसमें मानसिक बात बहुत महत्वपूर्ण है।

Pyaṇḍa, piṇḍa, ghaṭa, kanda, kandha, kāyā, sarīra may all mean the body, the self or consciousness. The physical and mental bodies are inseparable, though the mental aspect is the more important.

❀

यंद्री का लड़बड़ा जिभ्या का फूहड़ा, गोरष कहै ते पर्तषि चूहड़ा |
काछ का जती मुष का सती, सो सत पुरुष उतमो कथी ||१५२||

yandrī kā laṛabaṛā jibhyā kā phūhaṛā, gorakha kahai te partakhi cūhaṛā,
kācha kā jatī mukha kā satī, so sata puruṣa utamo kathī.

Senses out of control, dirty talk,
Gorakh says, he's clearly a nasty fellow.
An ascetic in a loin cloth who speaks the truth,
that good person is said to be the most excellent.
(152)

❁

अवधू मन चंगा तौ कठौती ही गंगा, बांध्या मेल्हा तौ जगत्र चेला |
बदंत गोरष सति सरूप, तत बिचारैं ते रेष न रूप ||१५३||

avadhū mana cangā tau kaṭhautī hī gangā, bāndhyā melhā tau jagatra celā,
badanta gorakha sati sarūpa, tata bicārãĩ te rekha na rūpa.

Avadhu, when the mind is pure,
even a wooden pot holds the Ganges.
When the tossing and turning are caught,
the whole world is your disciple.
Gorakh says, this is for real,

meditate on this truth
and go beyond name and form. (153)

❁

सीषि साषि बिसाह्या बरा, सुपिनैं मैं धन पाया पड़ा |
परषि परषि ले आगैं धरा, नाथ कहै पूता षोटा न षरा ||१५४||

sīkhi sākhi bisāhyā barā, supinãĩ mãĩ dhana pāyā paṛā,
parakhi parakhi le āgãĩ dharā, nātha kahai pūtā khoṭā na kharā.

Learned some verses, got some benefit,
like the treasure you find in a dream.
You test, examine, intellectualise,
Nath says, son, it's neither true nor false. (154)

In line 1, GB *burā* has been changed to *barā* on the basis of fn8, GG#183 and JDP#56, which suits the sense better.

❁

आओ देबी बैसो, द्वादिस अंगुल पैसो |
पैसत पैसत होइ सुष, तब जनम मरन का जाइ दुष ||१५५||

āo debī baiso, dvādisa angula paiso,
paisata paisata hoi sukha, taba janama marana kā jāi dukha.

Come, Lady, sit,
enter into the twelve fingers.
As you enter find happiness,

and the suffering of birth and death
will go away. (155)

द्वादश अंगुल यह शब्द प्रयोग नैसर्गिक श्वसन के लिए किया जाता है। पैसो यह शब्द पैसना से है। पैसना (to enter) व पस्सना (to observe) यह नजदीकी शब्द होने के साथ चैतसिकतः एक ही बात है। सबदी 155 से 158 एक सेट है।

The phrase *dvādisa angula (dvādaśa angula)* is used for natural breathing. *Paiso* in line 1 is from *paisanā*, "to enter". *Paisanā* and *passanā* (to observe), though different words, are pronounced similarly, and psychologically both mean the same thing, namely observation. ##155 to 158 form a set.

स्वांमी काची बाई काचा जिंद, काची काया काचा बिंद |
क्यूँकरि पाकै क्यूँकरि सीझै, काची अगनीं नीर न षीजै ||१५६||

svā̃mī kācī bāī kācā jinda, kācī kāyā kācā binda,
kyūṅkari pākai kyūṅkari sījhai, kācī aganī̃ nīra na khījai.

Svami, breath is raw, life is raw,
the body is raw, bindu is raw.
How does it mature? How is it cooked?
A low fire cannot boil water. (156)

In line 2, GB had both *kyankari* and *kyūnkari* - here it is assumed that they should both be *kyūnkari*; JDP#116 has *kyūnkari* for both.

तौ देबी पाकी बाई पाका जिंद, पाकी काया पाका बिंद |
ब्रह्म अगनि अषंडित बलै, पाका अगनीं नीर परजलै ||१५७||

tau debī pākī bāī pākā jinda, pākī kāyā pākā binda,
brahma agani akhaṇḍita balai, pākā aganī̃ nīra parajalai.

Lady! Breath and life will be cooked,
body and bindu will be cooked,
when the fire of attention is steadily applied.
Water is boiled on a high fire. (157)

❀

सोवत आडां ऊभां ठाढां, अगनीं ब्यंद न बाई |
निश्चल आसन पवनां ध्यानं, अगनीं ब्यंद न जाई ||१५८||

sovata āḍā̃ ūbhā̃ ṭhāḍhā̃, aganī̃ byanda na bāī,
niścala āsana pavanā̃ dhyānā̃, aganī̃ byanda na jāī.

Sleeping on one's side, standing upright,
Lady, the fire and bindu are not protected.
A firm asana, breathing and meditation,
the fire and bindu are not wasted. (158)

❀

उगवंत सूर पत्र पूर, काल-कंटक जाइ दूर |
नाथ का भंडार भर पूर, रिजक रोजी सदा हजूर ||१५९||

ugavanta sūra patra pūra, kāla-kaṇṭaka jāī dūra,
nātha kā bhaṇḍāra bhara pūra, rijaka rojī sadā hajūra.

The rising sun, the full orb,
the sting of time is far away.
The Nath’s storehouse is completely full,
daily needs are always met. (159)

❁

थांन मांन गुर ग्यांन, बेधां बोध सिधां परग्रांम |
चेतनि बाला भ्रम न बहै, नाथ की कृपा अषंडित रहै ||१६०||

thā̃na mā̃na gura gyā̃na, bedhā̃ bodha sidhā̃ paragrā̃ma,
cetani bālā bhrama na bahai, nātha kī kṛpā akhaṇḍita rahai.

Guru’s wisdom gives position and respect,
siddhas with insight into bodhi are unattached.
The youth who is aware is not confused,
Nath's grace is never broken. (160)

यह सबदी श्री गोरख गुटका में, GG#317, दुसरी लाइन बदल कर ऐसे दियी हुई है :

थान मान गुरु ग्यान, बोध्यान बोध सिधान पार ग्रामी।
आगमसुं देषिबा देसं, अचिंत्य नाथ कौं करिबा आदेसं।। 317।।

स्पष्ट है कि इस सबदी का दुसरा भाग एक मिलावट है, प्रदुषण है, जिसमें आगम, आदेस वा आदेश और अचिंत्य नाथ की बात बताई गयी है। यहां आगम से वेद आदि किताबों का निर्देश है, जो अधिकारिक माने जाते है। तथापि, धरम के मामले में किताबी अधिकारिकता को सीधे नकारते हुए गोरख हमें अलख संग्यान सूं बाला होय अपने शरीर के भीतर देखने के लिए कहते है। नाथ आदेस

वा आदेश इस शब्द का प्रयोग एक दुसरे के मिलने या विदाई के समय नमन, अभिवादन के रूप में करते है, और साथ ही यह एक दूजे को ध्यान की याद देते लेते रहना भी है। शब्दशः, आदेश का अर्थ है अनुशासन (order), संतुलन (harmony), नियमन (command), तथा नाथ होना (mastery) — ध्यान यह अनुशासन, संतुलन, नियमन व नाथपन है। स्पष्ट है कि, एक दूसरे का सम्मान, नमन करने में, या ध्यान में, अचिंत्य नाथ के आदर्श की कोई जगह नहीं है। मछिंद्र-गोरख बोध में आदेस वा आदेश की व्याख्या इस तरह से कियी गयी है :

मछिंद्र : अवधू आदेस का अनूषम उपदेस, सुंनि का निरंतर बास।
सबद का परचा गुरू, कथंत मछिंद्र नाथ ।।6।।

— गोरख-बानी, मछिंद्र गोरखबोध।

हम देखते है कि आदेस वा आदेश को कभी विकृत तरह से व्याख्यायित किया जाता है, उदाहरण के लिए, बाद में लिखीत व गोरक्षनाथ (गोरखनाथ) के नाम पर चलाई जा रही किताब सिद्ध सिद्धान्त पद्धति (SSP) में आदेस वा आदेश को गलत तरह से व्याख्यायित कर आत्मा व परमात्मा की एकता (अहं ब्रह्मास्मि) का निर्देशक कहा गया है। SSP में ब्राह्मणवाद की संकल्पनाएं भरी हुई है, जैसे आदिनाथ-जगतगुरु वा आदिनाथ-हिरण्यगर्भ, वर्णाश्रम-पुरुषसूक्त वा उच-नीच जन्म-जाति, हाथी-देवता गणपति, ब्रह्मा विष्णू व देवी-देवता आदि विचार की पैदा कियी बातें है, जो अलख संग्यान, गोरख संग्यान, सूं बाला होय यथाभूत सत दरसण अर चित्त अवधूनन से मूलतः अलग है। साधना के नाम पर SSP में आधार, लक्ष्य, चक्र कल्पना, आकाश के स्तर आदि ग्यात के साथ ध्यान के नाम पर ध्यास की बातें है; सम्यक रूप से ध्यान-समाधि की बात भी नहीं है, ध्यान-बोधि की बात दूर। ध्यान-समाधि से मतलब है विचार का धीमा होना या स्थगन; व ध्यान-बोधि से मतलब है अलख संग्यान सूं बाला होय यथाभूत सत दरसण अर चित्त अवधूनन, काल दुख अंत गति के साथ जीवन में गहराते जाना।

This Sabadi is given in *Shri Gorakh Guṭakā*, GG#317, but with the second line different:

thāna māna guru gyāna, bodhyāna bodha sidhāna pāra grāmī
āgamasũ dekhibā desã, acintyā nātha kãũ karibā ādesã

Guru's wisdom gives position and respect,
siddhas with insight into bodhi are unattached.
Seek your land in the agamas,
adesh to the thought-free Nath. (317)

The second half of the GG Sabadi is apparently an interpolation. It introduces *āgam*, *ādes* or *ādesh* and the idea of a thought-free Nath. *Āgam* here refers to a body of religious books such as the Vedas etc., which are treated as authoritative. However, denying the authority of texts in religious matters Gorakh tells us to look within the body. *Ādes* or *ādesh* is used by Naths to greet, wish, salute to each other on meeting or parting, and is a reminder about meditation to each other. Literally, *ādesh* means order, harmony, command and mastery – meditation is order, harmony, command and mastery.

In *Machindra Gorakh Bodh, ādes* or *ādeś* is defined as:

Machindra:
avadhū ādesa kā anūṣama upadesa, sũni kā nirantara bāsa
sabada kā paracā gurū, kathanta machindra nātha (6)

Macchindra:
Avadhu, the significance of adesh is extremely subtle –
emptiness pervades uninterrupted;
experiencing the word is your guru,
says Macchindranath. (6)

— *Gorakh-Bānī, Machindra Gorakh Bodh.*

We find that *ādes* or *ādesh* is often misinterpreted, as for instance in a late text such as the *Siddha Siddhānta Paddhati* (SSP) where it is stated that *ādesh* stands for the unity of the *ātmā* and *Paramātmā*. Further, SSP contains ideas from Brahminism such as Adinath-Jagatguru or Adinath-Hiranyagarbha, the *varnāshram* concept of

high and low births, the trinity of Brahma, Vishnu, Mahesh, the elephant-god or Ganapati, and other gods and goddesses, which are simply mind games and psychological blindness, and which is totally different from the *alakh* sense, or the sense of Gorakhnath, of being insightful and working through the observation of what is. In the name of *sādhanā*, SSP contains the concepts of *cakras*, *ādhāras*, *lakṣyas* or aims, *vyoma* or sky and its grades etc., which is movement from and in the known. SSP teaches *samādhi* or the slowing or suspension of time, but being enmeshed with Brahminical concepts it does not describe correctly *samādhi* or *dhyān-samādhi*, since *dhyān-bodhi* or the ending of time is altogether different. *Samādhi* or *dhyān-samādhi* means the slowing down or suspension of thought by concentrating on the breathing or an image or a mental object, and thus attaining some power of *samādhi*. *Dhyān-bodhi* means being with the *alakh* sense and the skillful observation of what is, of the stream of feelings and sensations, and emptying of the consciousness, which is the ending of time and sorrow and deepening into life beyond the known.

❁

अधिक तत्त ते गुरू बोलिये, हींण तत ते चेला |
मन मांनै तौ संगि रमौ, नहीं तौ रमौ अकेला ||१६१||

adhika tatta te gurū boliye, hī̃ṇa tata te celā,
mana mā̃nai tau sangi ramau, nahī̃ tau ramau akelā.

More wisdom: call him the guru,
less wisdom: the disciple.
If the mind agrees, roam together,
otherwise go off alone. (161)

In line 1, GB had *beliye*, apparently a printing error, which has been corrected to *boliye* on the basis of GG#293 and JDP#82; *tata* is *tatta* in GG#293.

तत्त या तत का अर्थ है सत्य, स्वभाव, ग्यान, सत ग्यान, सूत्र, अंतर्समझ, कोई मौलिक बात इत्यादि। तत्त या तत में दो बातें हैं :

1. (अ) अलख संग्यान की अंतर्समझ व आसति दरसण, (मतलब ग्यात से मुक्त हो भावपवनां-वेदनां दरसण), कि जो शुन्यता व अवधूनन की अंतर्समझ है। इसमें मन की समग्रता होती है, और यह मूलभूत है।

(ब) ऐसे दरसण की अंतर्समझ (insight) सूं, कुशल पूर्वक सतत ध्यान से, चित्त अवधूनन चलते जीवन में गहराते जाना। सो (अ) और (ब) एक बात है।

2. इसके सिवा, खेती, भौतिकी, कला, विचारशीलता आदि का ग्यान होना, इन बातों में कुछ अंतर्समझ होना, यह हमेशा सापेक्ष व अधूरी बातें होती है। यह सब आंशिक इनसाइट होती है; और इनका दैनंदिन जीवन में, संबंध की गति में, शेयर किया जाना यह दुसरी बात है।

यह सबदी 1 व 2 इन सारी बातों को परिलक्षित करती है। अलख संग्यान, दरसण, शुन्यता व अवधूनन की इनसाइट मूलभूत है, और यह अन्य किसी भी आंशिक इनसाइट का इस्तेमाल कर सकती है, पर इसके विपरीत (vice versa) नहीं। आंशिक इनसाइटs यह सापेक्ष व वैचारिक बातें होती है। तथा, समझदार यह देखने के लिए खुला होता है कि, वह कब कहाँ गुरु है, और कब कहाँ चेला।

There are two aspects of *tatta* or *tata*, which mean “real state, nature, truth, wisdom, insight, knowledge, basic principle, an axiom”:

1. (a) Insight into the *alakh* sense and observation of what is (*āsati darasaṇ*) is insight into emptiness and emptying. This is the fundamental insight.

(b) Then, through sustained observation in the light of this fundamental insight, there is deepening.

2. Otherwise, the knowledge of a particular field, such as farming, physics, arts, rational thinking etc. is always incomplete. These are partial insights; and sharing them in relationship is the second aspect.

This Sabadi refers to all this inclusively. *Tatta* as insight into observation, emptiness and emptying is fundamental, and may use any partial insights, but not vice versa. Partial insights are relative,

thought matters. A wise person is open to seeing where he is a guru, and where a disciple is, or where he himself is a disciple.

❁

चलंत पंथा तूटंत कंथा, उडंत षेहा विचलंत देहा |
छूटंत ताली हरि सूं नेहा ||१६२||

calanta panthā tūṭanta kanthā, uḍanta khehā vicalanta dehā,
chūṭanta tālī hari sū̃ nehā.

> Walking along the road, tattered clothes,
> dust swirls up, the body staggers.
> The key to divine love is lost. (162)

इस सबदी में हरी, नेहा (स्नेह) और आधी-अधूरी लाइन 2 से यह स्पष्ट है कि, यह एक प्रदुषित सबदी है। हरी यह वैष्णव व भक्ति मत की बात है; नेहा या स्नेह शब्द तेल के गुण से है, तथा किसी आदर्श के प्रति आसक्ति व भक्ति का निर्देशक है।
गोरख में, सत धरम में, भक्ति की कोई जगह नहीं है।

तुलसीदास ने कहा, "गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग।"

This Sabadi is apparently an interpolation, from the use of Hari, *nehā* (*sneha*) and the truncated line. Hari indicates ideas of Vaishnavism; and *nehā* or *sneha* indicates oiliness, devotion and such love of attachment towards an ideal.
In Gorakh there is no place for *bhakti*.
Tulasidās said, *gorakh jagāyo joga, bhakti bhagāyo loga*

Gorakh awakened yoga, drove away *bhakti* from the people.

❁

पंथि चले चलि पवनां, तूटै नाद बिंद अरु बाई |
घट हीं भींतरि अठसठि तीरथ, कहां भ्रमै रे भाइ ||१६३||

panthi cale cali pavanā̃, tūṭai nāda binda aru bāī,
ghaṭa hī̃ bhī̃tari aṭhasaṭhi tīratha, kahā̃ bhramai re bhāi.

Tramping the roads, panting, breathless,
nād, bindu and prana are exhausted.
There are sixty-eight pilgrimage sites in your body,
dear brother, why are you wandering around? (163)

❀

जोगी होइ पर निंद्या झषै, मद मांस अरु भांगि जो भषै |
इकोतरसै पुरिषा नरकहि जाई, सति सति भाषंत श्रीगोरष राई ||१६४||

jogī hoi para nindyā jhakhai, mada mā̃sa aru bhāngi jo bhakhai,
ikotarasai puriṣā narakahi jāī, sati sati bhāṣanta śrīgorakha rāī.

A yogi, but he scorns other people,
eating meat, wine, bhang.
A hundred and one people will go to hell,
it’s true, it’s true, says Shri Gorakh Rai. (164)

सारा जीवन एक दुसरे के साथ जुडा होता है, हम जो कुछ करते हैं, अच्छा या बुरा, इसका हम पर और दुसरों पर, मानुस, अन्य जीव व निसर्ग पर, परिणाम

होता है। सो एकोतरसै पुरिषा, "एक सौ एक लोग", का मतलब है संबंध की गति में अनेकानेक लोग या जीव। इससे अपने पुर्वज आदि संकल्पनाओं का निर्देश नहीं है। पुनर्जन्म यह एक अहंतोषी संकल्पना है, वास्तव नहीं है; कुदरत व जागतिक जीवन प्रवाह के साथ सतत समावेशित व सहभागी होते चलना यह हमारी वास्तविकता है। हमारा शारिरिक मृत्यु यह जीवन प्रवाह में, ग्यात के परे, पुर्ण विलय होता है।

All life being interrelated, whatever we do, good or bad, has an effect on us, and on others, humans and other beings. Thus, *ikotarasai puriṣā*, “a hundred and one people”, simply means many people or beings in relationship. It does not refer to concepts such as one's ancestors and so on. Rebirth is an ego-soothing idea, and not a fact; the continuous merging in and sharing with nature and the global stream of consciousness is actuality. Our physical death is our total merging with the stream of life, beyond the known.

❁

अवधू मांस भषंत दया धरम का नास, मद पीवत तहां प्रांण निरास |
भांगि भषंत ग्यांन ध्यांन षोवंत, जम दरबारी ते प्रांणीं रोवंत ||१६५||

avadhū mā̃sa bhakhanta dayā dharama kā nāsa, mada pīvata tahā̃ prā̃ṇa nirāsa,
bhāngi bhakhanta gyā̃na dhyā̃na khovanta, jama darbārī te prā̃ṇī̃ rovanta.

Avadhu! Eat meat –
the religion of compassion is destroyed,
drink alcohol – prana is ruined,

take hemp – wisdom and meditation are lost.
You people weep in Yama's court. (165)

Jama or *Yama darabār* means the field of time, *māra*; काल, मार का क्षेत्र।

֎

चालिबा पंथा कै सींबा कंथा, धरिबा ध्यांनं कै कथिबा ग्यांनं।
एकाएकी सिध कै संग, बदंत गोरषनाथ पूता न होयसि मन भंग ॥१६६॥

cālibā panthā kai sı̃̄bā kanthā, dharibā dhyā̃nã kai kathibā gyā̃nã,
ekāekī sidha kai sanga, badanta gorakhanātha pūtā na hoyasi mana bhanga.

Follow the path, sew your robe,
meditate and share your knowledge,
go alone or with siddhas.
Gorakhnath says, son,
your mind won't be disturbed. (166)

֎

पढ़ि देखि पंडिता ब्रह्म गियांनं, मूवां मुकति बैकुंठा थांनं |
गाड्या जाल्या चौरासी मैं जाइ, सति सति भाषंत गोरषराई ||१६७||

paṛhi dekhi paṇḍitā brahma giyā̃nā̃, mūvā̃ mukati baikuṇṭhā thā̃nā̃,
gāḍyā jālyā caurāsī mā̃ī jāi, sati sati bhāṣanta gorakharāī.

Pandit, you have read about and seen
divine knowledge –
is it salvation after death, or a place in paradise?
Buried or burned,
you'll pass into the endless stream of becoming.
True, it's true, says Gorakh Rai. (167)

Line 2, *caurāsī* literally means 84; figuratively it connotes the infinite stream of becoming, भव प्रवाह की अनंतता |

❁

आकास तत सदा-सिव जांण, तसि अभिअंतरि पद निरबांण |
प्यंडे परचांनैं गुरमुषि जोइ, बाहुडि आबा गवन न होइ ||१६८||

ākāsa tata sadā-siva jā̃ṇa, tasi abhiantari pada nirabā̃ṇa,
pyaṇḍe paracā̃nā̃ī guramukhi joi, bāhuḍi ābā gavana na hoi.

Know this, in the ever auspicious space element
lies the way of nirvana.

In your body, recognise the guru's word,
coming and going will come to an end. (168)

❁

ऊरम धूरम ज्वाला जोति, सुरजि कला न छीपै छोति |
कंचन कवल किरणि परसाइ, जल मल दुरगंध सर्ब सुषाइ ||१६९||

ūrama dhūrama jvālā joti, suraji kalā na chīpai choti,
kañcana kavala kiraṇi parasāi, jala mala duragandha sarba sukhāi.

The suspended light shines brightly,
the kalas of the sun do not hide the evil within.
The flash within the golden lotus is the touch
that dries the dirty, stinking water. (169)

❁

घटि घटि सूण्यां ग्यांन न होइ, बनि बनि चंदन रूष न कोइ |
रतन रिधि कवन कै होइ, ये तत बूझै बिरला कोई ||१७०||

ghaṭi ghaṭi sūṇyā̃ gyā̃na na hoi, bani bani candana rūkha na koi,
ratana ridhi kavana kai hoi, ye tata būjhai biralā koī.

Not everybody will gain wisdom by listening,
not every forest has sandal trees.

Someone will realise the worth of a jewel,
a rare person understands the truth. (170)

❁

नींझर झरणैं अंमींरस पीवणां, षट दल बेध्या जाइ |
चंद बिहूंणां चांदिणां, तहां देष्या श्री गोरषराइ ||१७१||

nī̃jhara jharaṇãĩ ãmī̃rasa pīvaṇā̃, ṣaṭa dala bedhyā jāi,
canda bihū̃ṇā̃ cāndiṇā̃, tahā̃ dekhyā śrī gorakharāi.

Drink ambrosia from the clear spring,
the six petals are pierced;
Shri Gorakh Rai saw the moonlight
there without the moon. (171)

❁

कै मन रहै आसा पास, कै मन रहै परम उदास |
कै मन रहै गुरू कै ओलै, कै मन रहै कांमनि कै षोले ||१७२||

kai mana rahai āsā pāsa, kai mana rahai parama udāsa,
kai mana rahai gurū kai olai, kai mana rahai kā̃mani kai khole.

Some minds are trapped in desire
Some minds are perfectly desireless
Some minds stay in the shelter of the guru
Some minds are captured by a woman. (172)

❁

दाबि न मारिबा षाली न राषिबा, जांनिबा अगनि का भेवं | बूढी हीं थै गुरबानी होइगी, सति सति भाषंत श्री गोरष देवं ||१७३||

dābi na māribā khālī na rākhibā, jā̃nibā agani kā bhevā̃, būḍhī hī̃ thai gurabānī hoigī, sati sati bhāṣanta śrī gorakha devā̃.

Don't try to suppress the mind, don't keep it vacant.
Learn the mystery of fire.
It is very ancient and emerges as the guru’s teaching.
True, it is true, says Gorakh Dev. (173)

भौतिक या शारीरिक रूप में, हर वस्तु या जीव की, भले वह पेड़ पौधे है या ग्रह तारे, मनुष्य है या अन्य जीव, इनकी कोई शुरुआत, कुछ जीवनकाल व अंत होता है। तथापि, चैतसिकतः, चेतन जीवों में, चेतना की कोई विशिष्ट शुरुआत है ऐसा नहीं होता। हमारी चेतना, जो गहराई में सामुहिक प्रवाह है, व्यक्तिशः अलग नहीं है, यह दैनंदिन जीवन व मृत्यु में, अनेकानेक जीवों में, ज्वार भाटे की तरह भीतर बाहर होते अनंत काल गति है, जिसकी कोई शुरुआत नहीं; और यदि हमारे भीतर से, ध्यान की अगनि में चित्त अवधूनन होते, इसका अंत नहीं होता है, तो यह ऐसे अनंत भव में चलती जाना लाजमी है। यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे आदि व अंतिम, आदम व हव्वा, आत्मा व परमात्मा, हिरण्यगर्भ वा शिव-पारबति, लास्ट डे वा कयामत, अवतार आदि मत-मान्यताओं की व्यर्थता देखी जाती है, यह जंजाल मन से समाप्त होता है।

हमारा चित्त प्रवाह, भाव-पवनां संस्कारों का उबलता, बहता प्रवाह, वास्तव में अनंत भुतकाल से (बूढी, अनादि) होते हुए है, संबंध के आइने में ज्वार-भाटे की तरह भीतर-बाहर होते चलायमान है। यह कार्यकारण शृंखला से है, और आगे

भी अनंत काल ऐसे चलने की क्षमता से है। दरसण की अगनि इसका खंडन व अवधूनन है। दुसरे शब्दों में, दरसण की अगनि यह काल का बोधि में अंत होना है, मतलब, बूढी ही गुरुबानी होती है।

Physically, there is a beginning, a sustaining and an end of every thing, be they plants or planets, humans or other creatures. However, psychologically, for conscious beings, there is no specific beginning of the consciousness of any being. Our consciousness, which deep down is a collective stream in time, in life (day to day living) and death (physical death) is an ebb and flow among vary many beings, not individually separated, but continually in flux without any beginning, and it could go on and on infinitely if there is no ending to it in the fire of observation, meditation. This is very important to understand, so that ideas and ideologies in the name of the first and last, Adam and Eve, ātmā and Paramātmā, Hiranyagarbha or Shiv-Pārvati, Last Day or Qayāmat, avatar and so on are seen to be faulty and cast aside.

Our consciousness, the boiling stream of mental impressions, of *bhāva-pavanā*, is rooted in the infinite past (*būḍhī*, primeval) and moves in an ebb and flow. It is a chain of causation, and has infinite potential to go on and on. The fire of observation is its breaking and ending. The fire of meditation is the ending of time into *bodhi*, that is, the emptying of *būḍhī* into *gurubānī*, intelligence.

❀

बाहरि न भीतरि नेड़ा न दूर, षोजत रहे ब्रह्मा अरु सूर |
सेत फटक मनि हीरैं बीधा, इहि परमारथ श्री गोरष सीधा ||१७४||

bāhari na bhītari neṛā na dūra, khojata rahe brahmā aru sūra,
seta phaṭaka mani hīrãĩ bīdhā, ihi paramāratha śrī gorakha sīdhā.

Neither outside nor inside, neither near nor far,
Brahma and the gods kept searching.
A white crystal pierced by a diamond,
this high truth Shri Gorakh attained. (174)

ध्यान चेतना ही अटूट हीरा है, मन भेदक है। सेत फटक मणि, (the plain crystal), स्पष्टतः अपने शरीर व मन को निर्देशित करता है, जो स्वतंत्र व सूज्ञ है, निरोगी व चेतन है; जैसे आगे #299 (GG#295) में भी कहा गया है :

सेत फटकमणि जिसकी काया... भगति मुकति दौ उटाकर मारी।।

Meditation is a diamond that can penetrate into and dissolve or empty the mind. *Seta phaṭaka mani*, the white crystal, refers to our body-mind, which is healthy and alert, as is said in a later Sabadi, #299 (GG#295):

Seta phaṭaka maṇi jisaki kāyā ... bhagati mugati dau uṭākara mārī

आवति पंच तत कूं मोहै, जाती छैल जगावै |
गोरष पूछै बाबा मछिंद्र, या न्यंद्रा कहां थैं आवै ||१७५||

āvati pañca tata kū̃ mohai, jātī chaila jagāvai,
gorakha pūchai bābā machindra, yā nyandrā kahā̃ thãĩ āvai.

When it comes it attracts the five elements.
When it goes the mind wakes up.
Gorakh asks Baba Macchindra,
where does this sleep come from? (175)

These #175 and #176 form a pair.

In line 1, GB has *mo hai* which is corrected to *mohai*, on the basis of Barthwal's gloss, GG#204 and JDP#160.

❁

गगन मंडल मैं सुंनि द्वार, बिजली चंमकै घोर अंधार |
ता महि न्यंद्रा आवै जाइ, पंच तत मैं रहै समाइ ||१७६||

gagana maṇḍala mãĩ sũni dvāra, bijalī cãmakai ghora andhāra,
tā mahi nyandrā āvai jāi, pañca tata mãĩ rahai samāi.

> There is a door to emptiness in the inner heavens,
> lightning flashes in the terrible darkness,
> sleep comes and goes through that door,
> and pervades the five elements. (176)

❁

उभां बैठां सूतां लीजै, कबहूँ चित भंग न कीजै |
अनहद सबद गगन मैं गाजै, प्यंड पड़ै तो सतगुर लाजै ||१७७||

ūbhā̃ baiṭhā̃ sūtā̃ lījai, kabahū̃ cita bhanga na kījai,
anahada sabada gagana mãĩ gājai, pyaṇḍa paṛai to satagura lājai.

> Behold while standing, sitting, sleeping,
> don't ever break awareness;
> the unbound sound rumbles in the inner heavens.
> If the body falls, sadguru is dismayed. (177)

❁

एकलौ बीर, दुसरौ धीर, तीसरौ षटपट चौथौ उपाध |
गोरष कहै सुनौ रे रमतौ, दस पंच तहाँ बाद बिबाद ||१७८||

ekalau bīra, dūsarau dhīra, tīsarau khaṭapaṭa, cauthau upādha,
gorakha kahai sunau re ramatau, dasa pañca tahā̃ bāda bibāda.

Being alone, bravery, with another, patience,
with a third there is noise, with a fourth, turmoil.
Gorakh says, listen O roaming sadhus,
with five or ten together, disputes and quarrels. (178)

Line 2, first part, is missing in GB, and the verse is completed using GG#219.

एकाएकी सिध नांउं, दोइ रमति ते साधावा |
चारि पंच कुटुम्ब नांउ, दस बीस ते लसकरा ||१७९||

ekāekī sidha nā̃ũ, doi ramati te sādhavā,
cāri pañca kuṭumba nā̃u, dasa bīsa te lasakarā.

On his own he is called a siddha,
two roaming together are sadhus.
Four or five together they make a family,
ten or twenty, they are an army! (179)

मन मुषि जाता गुर मुषि लेहु, लोही मास अगनि मुषि देहु |
मात पिता की मेटौ धात, ऐसा होइ बुलावै नाथ ||१८०||

mana mukhi jātā gura mukhi lehu, lohī māsa agani mukhi dehu,
māta pitā kī meṭau dhāta, aisā hoi bulāvai nātha.

Give no heed to what the mind says,
turn to the word of the guru.
Give your flesh and blood to the mouth of the fire,
cast aside the elements of mother and father;
we call him a Nath, who does this. (180)

धात वा धातु का अर्थ है लोहा, तांबा आदि धातु, पृथ्वी, पानी आदि मूल द्रव्य, रक्त, मांस, हड्डी, शुक्र आदि शरीर धातु; मगर शरीर धातुओं से ज्यादा इससे तदांतर्गत चैतसिक द्रव्य का, मतलब भावनां-वेदनां का, निर्देशन है। मन मुखी का मतलब है विचार गामिता, काल, भव में होना, जिसमें हमारे माता, पिता, मित्र व भूत समाया हुआ होता है। भूत के बगैर भविष्य नहीं होता; चैतसिकतः, भविष्य यह परिवर्तित भूतकाल ही होता है। ध्यान वा ब्रह्म अगनि यह भूत का, काल का, अंत होना है। काल का अंत नाथपन है, मास्टरी है।

Dhāta or *dhātu* means a metal, elements such as earth, water etc., and body substances such as blood, flesh, bones, semen; but more than body substances, it refers to ingrained psychological contents, namely feelings and sensations, *bhāv-pavanā. Mana mukhi* means being thought oriented, and thus in time, which encompasses our past of mother, father, friends, and all our relationships. There is no future without the past; psychologically, the future is but the modified past. Meditation or divine fire is the ending of past, of time. The ending of time is mastery.

❁

नाद नाद सब कोइ कहै, नाद हिं ले को बिरला रहै |
नाद बिंद है फीकी सिला, जिहिं साध्या ते सिधैं मिला ||१८१||

nāda nāda saba koi kahai, nāda hĩ le ko biralā rahai,
nāda binda hai phīkī silā, jihĩ sādhyā te sidhãĩ milā.

Everybody says, nād nād,
but only a few are beholding nād.
Nād-bindu may be unappreciated gifts,
but work on them and become one with the siddhas.
(181)

Line 2, "*phīkīsilā*" is split as "*phīkī silā*" on the basis of GG#118 and JDP#125.

❀

दरवेस सोइ जो दर की जांणैं, पंचे पवन अपूठां आंणै |
सदा सुचेत रहै दिन राति, सो दरवेस अलह की जाति ||१८२||

daravesa soi jo dara kī jā̃ṇãĩ, pañce pavana apūṭhā̃ ā̃ṇai,
sadā suceta rahai dina rāti, so daravesa alaha kī jāti.

The dervish knows the way in,
he reverses the five winds.
He is ever watchful day and night,
that dervish belongs to Allah's family. (182)

❀

बैसंत पूरा रमंति सूरा, एक रसि राषंति काया |
अंतरि एक रसि देषिबा, बिचरंति गोरषराया ||१८३||

baisanta pūrā ramanti sūrā, eka rasi rākhanti kāyā,
antari eka rasi dekhibā. bicaranti gorakharāyā.

The adept sitting, the hero roaming,
intently focused on the body,
gazing inward,
Gorakh Ray roams. (183)

वेदनानं समुदयं च अट्ठंगमं च अस्सादं च आदीनवं च निस्सरनं च
यथाभूतं विदित्वा अनुपादाविमुत्तो भिक्खवे तथागतो।

— दीघ-निकाय 1.36.

vedanānaṃ samudayaṃ ca aṭṭhaṅgamaṃ ca assādaṃ ca
ādīnavaṃ ca nissaranaṃ ca
yathābhūtaṃ viditvā anupādāvimutto bhikkhave tathāgato

वेदनाओं को यथाभूत अनुभूत करते हुए,
वेदनाओं का उत्पन्न होना, उनका व्यय होना,
उनके प्रति भोग-भाव से होना, इसमें धोखा समझते हुए
और वेदनां निर्जरित होते, सारी आसक्ति से रहित,
भिक्खुओं, तथागत संपूर्णता से विमुक्त होते है।

Having experienced as they really are,
the arising of sensations, their passing away,
the relishing of them, the danger in them
and the release from them,

the enlightened one, monks, is fully liberated,
free from all attachment.

aisī bāta karū̃ je koi marai, gorakha bolai mera jā̃hā̃ jharai,
baiṭhā sūtā jāna na dehi, nātha kahai pūtā aciraja lehī.

Let me speak so that somebody die.
Gorakh speaks,
a cascade from a mountain peak.
Don't miss it while sitting, sleeping,
Nath says, son, behold the wonder. (307)

This is GG#327.

❁

घट मै चंदा घट मै सूर, घट मै बाजै अनहद तूर |
घट मै बहै नदी सुरसती, घट मै बैठा गोरष जति ||३०८||

ghaṭa mai candā ghaṭa mai sūra, ghaṭa mai bājai anahada tūra,
ghaṭa mai bahai nadī surasatī, ghaṭa mai baiṭhā gorakha jati.

The moon is in the body, the sun is in the body
The boundless trumpet resounds in the body
The Saraswati river flows in the body
The ascetic Gorakh is seated in the body. (308)

This is GG#328.

❁

घट मै प्रान किलोलां करै, सतगुरू मिलै सहजै तरै |
हाट वाट की थेगली, तांति पाव का धागा |
गोरष कहे नाथ का पूता, भूषा रहे न नागा ||३०९||

ghaṭa mai prāna kilolā̃ karai, satagurū milai sahajai tarai,
hāṭa vāṭa ki thegalī, tā̃ti pāva kā dhāgā,
gorakha kahe nātha kā putā, bhūkhā rahe na nāgā.

> Energy is boiling in the body,
> with your sadguru, you easily cross over.
> A patched sack and begging on the way,
> the guarantee of good conduct is your support.
> Gorakh says, a son of Nath
> goes neither hungry nor naked. (309)

This is GG#329.

❁

सबद ही में कहे ब्रह्म, मनसा नहि साधै, ते जोगी मन मनसा कदे नहि बांधै |
भणत गोरषनाथ मछंद्र का पूता, ये नये ग्यानी भगत घणे बिगूता ||३१०||

sabada hī mẽ kahe brahma, manasā nahi sādhai,
te jogī mana manasā kade nahi bāndhai,
bhaṇata gorakhanātha machandra kā pūtā,
ye naye gyānī bhagata ghaṇe bigūtā.

They prate about Brahma in words,
but don’t learn about desire,
those yogis can’t contain their mind and desires.
Gorakhnath, son of Macchindra, says,
these strange scholars and bhaktas are much fouled.
(310)

This is GG#330.

Vigūtā is *bigūtā*; *va* and *ba* are interchangeable in Hindi.

जोगी सोई जुगति बिचारै, काम क्रोध विकार ही जारै |
माया ब्रह्म का करै निबाला, ता जोगी कै सदा उज्याला
||३११||

jogī soī jugati bichārai, kāma krodha vikāra hī jārai,
māyā brahma kā karai nibālā, tā jogī kai sadā ujyālā.

The yogi pursues the skill,
burning up disorders like lust, anger.
He swallows maya, Brahma,
and is always open to light. (311)

This is GG#331.

"आपने यह सवाल कभी नहीं किया कि ग्यान क्या है, टेक्निकल ग्यान के सिवा ग्यान। ग्यान यह अपूर्ण ही होता है। आप किसी भी चीज के बारे में पूरा ग्यान नहीं पा सकते। वह एक हकिगत है। सो ग्यान यह हमेशा अग्यान की छाया में होता है। बस निगल जाओ उसे! यह हमेशा अग्यान की छाया में होता है। सो कोई भी कृति जो ग्यान से पैदा होती है वह अधूरी ही होनी है।"

— जिद्दू कृष्णमूर्ति सतसंग,
मुंबई, 25 जनवरी 1985.

"You have never questioned what knowledge is, knowledge apart from technological knowledge. Knowledge is invariably incomplete. You cannot have complete knowledge about anything. That is a fact. So knowledge is always in the shadow of ignorance. Just swallow that! It is always within the shadow of ignorance. So any action born out of knowledge must be incomplete."

— Jiddu Krishnamurti's talk, Bombay/
Mumbai, 25 January 1985.

❁

वाद विवाद तजि निरंतरि रहै, तब जाय अलेष परम तत्त कुं गहै |
छाडी आसा रहे निरास, भणत गोरषनाथ मै ताका दास ||३१२||

vāda vivāda taji nirantari rahai, taba jāya alekha parama tatta kũ gahai,
chāḍī āsā rahe nirāsa, bhaṇata gorakhanātha mai tākā dāsa.

He gives up arguing,
lives moment to moment,
and so, grasps the unwritten ultimate truth.
He gives up desire, lives without desire,
Gorakhnath says, I am his servant. (312)

This is GG#332.

दैनंदिन जरूरतों को मन लगाकर निभाते है, साथ ही तृष्णा के बगैर कार्यशील होना विचार से स्वतंत्रता है, क्योंकि तृष्णा व विचार यह अविभाज्य है। यह कल्पना व मान्यताएं, परंपरा व आस्था, तथा अहं की गति व इसके लालच के प्रति सजग रहते इनसे मुक्तता है। सो विचार या तृष्णा से मुक्तता शुन्यता है।

The demands of daily life are met with conscientiously, and at the same time acting without desire is freedom from thought, for desire and thought or thinking are inseparable. This is freedom from ideas and ideologies, traditions and beliefs and from the ego and its greed. Thus, freedom from thought or desire is emptiness.

❁

जोग अवरण जोग अभेदं, जोग अषंडित जोग अछेदं |
जोग जति सति जोग दया, येहा ग्यान जति गोरष कह्या ||३१३||

joga avaraṇa joga abhedã, joga akhaṇḍita joga achedã,
joga jati sati joga dayā, yehā gyāna jati gorakha kahyā.

> Yoga is not varna, yoga is not divided,
> yoga is wholeness, yoga is flawless,
> yoga is meditation, virtue, yoga is compassion,
> this is wisdom, says Jati Gorakh. (313)

This is GG#335.

यह सबदी गोरखनाथ के शब्दों में योग का सार कथन है। योग वर्णाश्रम नहीं है; हठयोग, राजयोग शैव, वैष्णव, वैदिक, हिंदू, मुस्लिम, इसाई आदि विचार विभाजन नहीं है योग; योग मन की समग्रता है, सो योग परिशुद्ध है, जो विचार का इस्तेमाल कर सकती है परंतु विचार अपने आप में समग्रता नहीं; योग का ग्यान जत सत सूं दया-करुणा है!

This Sabadi sums up the essence of yoga in Gorakhnath's words. Yoga is not *varnāshram*; yoga is not divided into *Haṭha Yoga*, *Rāja Yoga*, Shaiv, Vaishnav, Vaidik, Hindu, Muslim, Christian and so on; yoga is wholeness of the mind, which can make use of thinking but not vice versa, and so yoga is flawless; the wisdom of yoga is compassion arising from meditation and virtue!

❁

अलष संग्यानै उर्ध ओष्ठ मध्य बिंद धरंत, सह मुष मंडल सूं भाव पवनां देषंत |
द्रष्टा दृश्य भेदै भाई दरसण साधै, सूरजनाथ कहै सुंनि कालांत निरवाण जीवै ||३१४||

alakha sangyānai urdha oṣṭha madhya binda dharanta,
saha mukha maṇḍala sũ̄ bhāva pavanã̄ dekhanta,
draṣṭā dṛsya bhedai bhāī darasaṇa sādhai,
sūrajanātha kahai sũnī kālānta niravāṇa jīvai.

Observing with the alakh sense
the sensation at the centre of the upper lip,
and observing the flow of feelings in the face,
the observer and the observed are revealed,
brother, observation is achieved.
Surajnath says, emptiness is the ending of time,
it is to live nirvana. (314)

❁

जानै दुख समुदय निरोध मग्ग, विन्नाण संग्या वेदनां तृषण |
अट्ठ मग्ग तीन रतन, सिद्धत्थ बुध धरम भेदन |
द्रष्टा दृश्य अछै जिद्दू कथै, अलष विनाण गोरष सबदै |
सूरजनाथ अरु अवधू षोजी, दरसण सुंनि निरवाण जीवै ||३१५||

jānai dukha samudaya nirodha magga, vinnāṇa saṅgyā vedanā̃ tṛṣaṇa,
aṭṭha magga tīna ratana, siddhattha budha dharama bhedana;
draṣṭā dṛsya achai jiddū kathai, alakha vināṇa gorakha sabadai,
sūrajanātha aru avadhū khojī, darasaṇa sũni niravāṇa jīvai.

Know sorrow, arising, ceasing, the path,
cognition, recognition, sensations, desire;
the eightfold path, the three jewels,
Siddhartha Buddha, religious exploration.
The observer is the observed, says Jiddu.
The sayings of Gorakh, the alakh sense,
pure knowledge.
Surajnath and avadhus, seekers,
live observation, emptiness, nirvana. (315)

|| इति गोरख सबदी ||

Conclusion of the Gorakh Sabadis.

संपादन अर भाषांतर

योगी सूरजनाथ, गुरु बुधनाथ जी,
पिंप्री गवळी, जि. अहमदनगर, भारत,
और भगवान नाथ, संत जोआन, स्पेन।

Edited and translated by

Yogi Surajnath, guru Budhnath ji,
Pimpri Gawali, Ahmednagar, India,
and Bhagavan Nath, Sant Joan, Spain.

2023

दरसण बोध

THE UNDERSTANDING OF OBSERVATION

अहं भाव अछै द्रष्टा,
च्यंत केंद्र संगै तृष्णा।
भय क्रोध दयादि पवनां च्यंत गति,
येही दृश्य अछै येही पिंड सति।।1।।

द्रष्टा दृश्य भासै अलग,
परि अंतरी चलै सलग।
द्रष्टा दृश्य अलग जो चलै,
काल गति भव बनता चलै।।2।।

द्रष्टा दृश्य अछै येह सत जानै,
आसति दरसण पथ निरवाणै।
उर्ध ओष्ठ मध्य बिंद नाद नूर सांस सुरति,
अथ भावनां वेदनां दरसण अर कालांत इति।।3।।

कहै गोरख जिद्दू अर बुद्ध,
जे खोजै ते होई सिद्ध ।
दरसण परम तत्त सुंनि ध्यानं,
दरसण खोलै अलख विनांणं।।4।।

अलख अकथ संग्यान,
विनांणं विसुद्ध ग्यान।
सूरजनाथ दरसण जाने,
आगे आगे गोरख जागे।।5।।

ahaṁ bhāva achai draṣṭā,
cyanta kendra sangai tṛṣṇā,
bhaya krodha dayādi pavanā̃ cyanta gati,
yehī dṛsya achai yehī piṇḍa sati. (1)

draṣṭā dṛsya bhāsai alaga,
pari antari calai salaga,
draṣṭā dṛsya alaga jo calai,
kāla gati bhava banatā calai. (2)

draṣṭā dṛsya achai yeha sata jānai,
āsati darasaṇa patha niravāṇai,
urdha oṣṭha madhya binda nāda nūra sā̃sa surati,
atha bhāvanā̃ vedanā̃ darasaṇa ara kālānta iti. (3)

kahai gorakha jiddū ara buddha,
je khojai te hoi siddha,
darasaṇa paramatatta sũni dhyānã,
darasaṇa kholai alakha vinā̃ṇã. (4)

alakha akatha saṅgyāna,
vinā̃ṇã visuddha gyāna,
sūrajanātha darasaṇa jāne,
āge āge gorakha jāge. (5)

The feeling of "I" is the observer,
the centre of thinking with desire;
the stream of fear, anger, mercy etc. and thinking,
this is the observed, this truly the self. (1)

The observer and the observed seem to be separate,
but inwardly they are together;
when the observer and the observed are separate,
time and becoming keep going on and on. (2)

The observer is the observed! Know this truth.
Observation of "what is" is the path to nirvana.
The sensation at the centre of the upper lip, nād,
nūr, breathing are suratis;
so, the observation of feelings and sensations,
is the ending of time. (3)

Gorakh, Jiddu and the Buddha say,
those who search are siddhas.
Observation is ultimate truth, emptiness, meditation;
observation reveals alakh vigyan. (4)

Alakh is unspoken understanding,
vigyan is pure knowledge.
Surajnath knows observation,
let intelligence go awake! (5)

— सूरजनाथ/Surajnath.

❀

पथ का मर्म

THE HEART OF THE PATH

अलख

Open

योग अलख विग्यान! — गोरख।

Yoga is open minded pure knowledge! – Gorakh.

अलख निरंजन अवधू! — सिद्ध।

Freedom from the known, no stain, mental cleansing! – Siddhas.

विन्नाण संग्या वेदना, तदि तण्हा वा दरसण! — बुद्ध।

Cognition, recognition, sensations, then desire or observation. – Buddha.

शील संवेग ध्यान!

Virtue, silent passion, meditation!

अहंभाव द्रष्टा। भयानुरागादि दृश्य।

द्रष्टा दृश्य अछै! इह पिंड खोजै।।

The feeling of "I"ness is the observer;
fear, affection – they are all what is observed.
The observer is the observed!
Seek within the body.

"अस्ति" (भावनां-वेदनां) दरसण वै ध्यान।

Truly, observation of "what is" (feelings, sensations) is meditation.

दरसण : सुरति सह मुख-मंडलसूं भाव-पवनां दरसण।

Observation: along with surati, observation of feelings and sensations in the face and the body.

सुरति : उर्ध्वोष्ठ मध्य बिंद/सांस/सबद/नाद/नूर... सूं

सहज पल पल चेतनता।

Surati: moment to moment awareness of the ever vibrating sensation in the centre of the upper lip, or of the breath, the word, sounds or nād, of colours or nūr...

अथ द्रष्टा दृश्य भेदान्त। बोध पिंड कालान्त।

खोज अलख विग्यान। आरंभ घट परिचय निष्पत्ति।।

Thus, ending the separation of the observer and the observed,
insight into the self and the ending of time;
enquiry into alakh vigyan;
beginning, "I"ness, no ignorance, beyond.

अलख अजाण संग्यान। विग्यान विशुद्ध ग्यान।

अहार विहार ग्यान ध्यान। गोरख सबदी अलख

विग्यान।।

The alakh sense is the understanding of innocence;
vigyan is choiceless, pure knowing;

food, activities, knowledge and meditation.
The Sabadis of Gorakh speak of alakh vigyan.

अधरा धरे विचारिया। धर या ही मैं सोई।

धर अधर परचा हुवा। तब उती नाहीं कोई।। — गोरख।

Seek emptiness in the manifesting;
truly – it is there in the manifesting.
When the manifesting and emptiness are beheld,
then there is nothing. – Gorakh.

गोरख जिद्दू बुद्ध। दरसण शुन्य सिद्ध।

Gorakh, Jiddu, Buddha: observation, emptiness
and accomplishing.

— सूरजनाथ/Surajnath.

आदेश, अभिवादन का बोध

नाथ पंथ में आदेश वा आदेस इस शब्द का प्रयोग एक दूजे का अभिवादन करने के लिए किया जाता है, जैसे नमन, सलाम, जुले (juley), Hi, Good Day आदि। भेग भगवान में सम्यक गुरू समझाते है, दादा गुरू मछिंद्रनाथ कहते है —

मछिंद्र :

अवधू आदेस का अनूषम उपदेस, सुंनि का निरंतर बास।

सबद का परचा गुरू, कथंत मछिंद्र नाथ।।6।।

— गोरख-बानी, मछिंद्र गोरखबोध।

अनूषम (अणु सुक्ष्म), मतलब महीन, atomic subtle, fine या बहुत सुक्ष्म, कि जो जीवन की तथता है, जिसे हम जैसे है वैसे प्रतीत कर सकते है, जिसे अनुभूत करते आसति (अस्ति) संग्यान सूं जी सकते है। जीवन प्रवाह की मूलभूत, अणु सुक्ष्म व प्रत्यक्ष बातें है वेदनां, नाद, तरंग, कि जिन्हें सबद भी कहा जाता है। और इनके परे का पार सत या शुन्यता (बोधि) भी अलख संग्यान सूं वेदनां, नाद, तरंगों के साथ पल पल चेतन जीने में, परिचित रहने में, अपने आप से जागता है, अन्यथा उसके जागने की संभावना नहीं। सत धरम की बात विश्वास करने की नहीं होती, खोजी बनकर जानने की होती है। उपदेस का अर्थ है सतसंग, dialogue, सत की बात करना, सत के साथ एकरूप जीना। सो वेदनां वा नाद तरंगों के साथ, आसति सत के साथ, चेतन जीना आदेस का अनूषम उपदेस है। मतलब, आदेस या आदेश यह शब्द ध्यान का निर्देशन है। यह एक दूसरे

को सम्मान देने-लेने के साथ ध्यान चेतना को खुद जगना व सामने वाले को इसकी याद दिलाते रहना है।

आदेश का संग्यान, ध्यान के साथ, आंतरिक अनुशासन (order), संतुलन (harmony), नियमन (command), तथा नाथ होना (mastery) है। कुदरत अपने आप में आदेश है, समग्रता से संतुलन व मास्टरी है। निसर्ग में सुबह, दोपहर, शाम आदि होते हुए भी भूत व भविष्य नहीं होते, सिर्फ वर्तमानता वा कालातीतता होती है। हमारे दैनंदिनी में विचार की अपनी जगह है, जो भूत-भविष्य की बात है; और ध्यान यह वर्तमान में या कालातीतता से जीने की कला है।

सिद्धों की शब्दावली (terminology) अलख विग्यानी है। यह कल्पना रमण वा मनमुखी बातें नहीं है। किसी विशिष्ट मानुस, आदर्श वा मान्यतां को महत्व देते हुए व्यक्ति वा किताबी अधिकारिकता से होना नहीं है। और यह समझना महत्वपूर्ण है। तथा यह समझना भी जरूरी है कि धरम के नाम पर किताबी अधिकारिकता वाले — सो मानसिक कंडिशनिंग में जीने वाले बुद्धिजीवी, पुरोहित आदि, सिद्धों-बुद्धों के शब्दों को हाइजैक कर, उनके साथ अपनी मान्यता की झूठमूठ बातें जोड़ कर, आत्मा, परमात्मादि अहंतोषी कल्पनाओं में उलझाकर, अन्यथा प्रचारित करते रहते हैं। उदाहरण के लिए, सिद्ध सिद्धांत पद्धति इस पुस्तक में, जो गोरक्षनाथ के नाम पर बाद में लिखी गयी है, आदेश यह शब्द आत्मा व परमात्मा के ऐक्य (अहं ब्रह्मास्मि) का वाचक आदि गलत तरह से कहा गया है। खोजी साधक वा सिद्ध झूठ को समझते, पर्दाफाश कर साइड करते, सत का अलख जगाते चलते हैं।

अधिक तत्त ते गुरू बोलिये, हींण तत ते चेला।

मन मांनै तौ संगि रमौ, नहीं तौ रमौ अकेला।।161।।

— गोरख।

आदेश जैसे ही नमन, सलाम, Good Day आदि है ऐसा कहा जा सकता है। नमन = न- + मन, ग्यात से मुक्त हो अजानता से एक दूजे का सम्मान करना, to wish with no mind, no past. सलाम = सलामती, security, secure; ध्यान सलामती है। Good Day = expressing good wishes on meeting or parting during the day. ध्यान goodness है। लद्दाखी जुले/जूले ऐसा ही एक सहज अभिवादन है।

दुसरी बात, नाथ पंथ में जब एक दूजे के सामने हो आदेश, नमन, सम्मान, saluting करते है, तब दोनों पलभर के लिए सहज एक दुसरे के आंखों में सीधे देखते हैं, जो महत्वपूर्ण है, आवश्यक है, जिसे दरसण कहा जाता है। फिर नमन करनेवाला, या दोनों सहज जमीन की तरफ पलभर के लिए देखते हैं। कहने की जरूरत नहीं कि, नाथ पंथ में किसी ने किसी के पांव छूना, काफी कुछ झुकना यह अच्छा नहीं माना जाता। जैसे कि सिद्ध कहते है, किसी ने किसी के पैर छूना मानुसपन के लिए अशोभनीय है, मानवीय गरिमा की अवमानना है।

आदेश बोध, नाथ तत्त, यह नाम धारण बात नाहीं।

अलख संग्यान, ध्यान ग्यान, पथ जीये नाथ होई।।

— सूरजनाथ।

❀

THE UNDERSTANDING OF ĀDESH

Ādes or *ādesh* is used by Naths to greet each other on meeting or parting. It is like *Naman*, *Salām*, *Juley*, Hi, Good Day and so on. And it is also a reminder to each other about meditation. In *Machindra Gorakh Bodh*, *ādes* or *ādesh* is described as follows:

Machindra:
avadhū ādesa kā anūṣama upadesa, sũni kā nirantara bāsa
sabada kā paracā gurū, kathanta machindra nātha

Macchindra:
Avadhu, the significance of adesh is extremely subtle,
its emptiness is all-pervasive;
knowing the word is your guru, says Macchindranath. (6)

Anūṣama (*anū sūkṣama*) means atomic, subtle, very fine, vibrations, sensations, which are the basic reality of life. These vibrations are called *sabada* or Sound. And the truth beyond, *bodhi*, emptiness or intelligence, can be awakened only through the *alakh* sense and the moment to moment observation of sounds or vibrations, feelings and sensations, otherwise there is no possibility of the awakening of *bodhi*. Religious truth is not something to be believed, it is seeking and knowing truth within the body itself. *Upadesa* means *satsang* or dialogue, to be with truth as it is, live one with truth, speak of the truth. Thus, to live wakefully towards sensations and feelings, to *nād* or sounds, to live with what is, is the *anūṣama upadesa* of *ādesh*, and so, the word *ādes* or *ādesh* is an indication for meditation. Apart from greeting each other, it reminds each other to be meditating.

Literally, *ādesh* means order, harmony, command and mastery – meditation is order, harmony, command and mastery. Nature

in itself is order, it is wholeness and harmony, it is mastery. Despite time as morning, evening and so on, in nature, there is no past and future, there is only the present or timelessness. There is a place for time as past and future, memory and thought or thinking, in daily life; however, meditation is to live in the present, it is the art of living in timelessness.

The special quality of siddhas is *alakh vigyān*, and not getting stuck in mindsets or belief systems. It is not taking some persons or texts as religious authorities to depend upon. Denying the authority of texts in religious matters, Gorakh tells us to look within the body. This is very important to understand. Furthermore, we need to recognize that people who take books such as the Vedas etc. as authoritative are liable to pinch words or concepts from siddhas and buddhas and interpret them according to their ideological interests by associating them with *ātmā*, *Paramātmā* etc. For example, we find that the word *ādes* or *ādesh* is often misinterpreted, as for instance in a late text such as the *Siddha Siddhānta Paddhati*, where it is stated that *ādesh* stands for the unity of the *ātmā* and *Paramātmā* (as in "*Aham Brahmāsmi*").

adhika tatta te gurū boliye, hī̃ṇa tata te celā
mana mā̃nai tau sangi ramau, nahī̃ tau ramau akelā

> More wisdom: call him the guru,
> less wisdom: the disciple.
> If the mind agrees, roam together,
> otherwise go off alone. (161)
>
> — Gorakh.

Another thing to note is that in the Nath School, when they greet each other on meeting or parting, it is customary to look into each other's eyes for a moment, which is important, and it is called *darasaṇ*. Then the one who greets, or both of them,

looks towards the earth for a moment. To bow down towards somebody's feet, to touch feet is not valued in the Nath tradition. It is said that to touch somebody's feet is insulting to human dignity.

ādeśa bodha, nātha tatta, yaha nāma dhāraṇa bāta nāhī̃
alakha saṅgyāna, dhyāna gyāna, patha jīye nātha hoī

The understanding of adesh, of being a Nath,
is not a matter of assuming the name Nath.
Whoever lives the way of the alakh sense,
of meditation and virtue, he or she is a Nath.

— Surajnath.

पिंड की अनित्यता व प्रतीत भव

पिंड की अनित्यता, काल गामिता, मतलब आत्मा वा अहं की अनित्यता, व प्रतीत भव (becoming, which is experiential) का सच, तथा काल का अंत, यह समझ जरूरी है। सो हम अहं वा आत्मा की नित्यता, अमरता के नाम पर एक अहंतोषी भरम में नहीं होते।

हमारा मन, चित्त, व्यक्तित्व, आत्मा वा आत्म-वस्तु यह अस्तित्व गति का हिस्सा है, अलग नहीं। सिद्ध-बुद्ध अपने शरीर को स्पष्ट रूप से चार महाभूतों से बनता व आकाश तत्त में चलित देखते हैं; तथा मन को भी महाभूत गुणों, संखार, संग्या, भावपवनां-वेदनां के साथ स्मृतियां, सामाजिक कंडिशनिंग, शिक्षा, विचार से मिलकर बनता व आकाश तत्त में चलित देखते है। इसी कारण मृत्यु के बाद जैसे शरीर बिखर जाता है, वैसे मन या चित्त भी बिखरकर कार्यकारण की अनंतता के साथ अस्तित्व प्रवाह में चलता जाता है। इसे ऐसे समझे कि, गाड़ी के पार्ट जब बिखर जाते हैं तो गाड़ी नहीं रहती। शरीर व मन के ये टुकड़े या लहरें अन्य अनेक भव, गर्भ में प्रवेशित होते नये जीवों के शरीर व मन को बनाते हैं। जैसे एक जीव के मरने पर उसका शरीर या रूप मिट्टी में मिल जाता है, घास पत्तों पेड़ों द्वारा सोख लिया जाता है, फिर उसे दुसरे जीव अपने शरीर में लेते हैं, ऐसे ही मन के साथ नाम के स्तर पर सुक्ष्मता से होता है। **जैविकी** में इसे कुछ भोजन चक्र के अर्थ में समझाया गया है। तथा जीते जी भी हमारे एक दुसरे के मन, मतलब अहंभाव, राग-द्वेष, भयानुरागादि द्रष्टा-दृश्य गति, ज्वार-भाटे की तरह (like ebb and flow), भीतर बाहर एक दुसरे में प्रवेशित होते चलते हैं। यह एकदम से

अलग नहीं होते, जुड़े होते हैं, गहराई में यह सब एक प्रवाह है। सो बुद्ध कहते हैं, जिस शरीर को आप अपना मानते हैं वह अन्य शरीरों के अवशेषों, भोजन, पानी, खनिज आदि तरंगों से मिलकर बना है; और जिस अहं को आत्मा मानते हैं वह अनेक जीवों के मन के लहरों का भाव-पवनां, वेदनां रूप प्रवाही गठजोड़ है। तथा शरीर की मृत्यु अर पुनर्भव की संधी में वैचारिक याददाश्त का ओझल हो जाना साहजिक है, या यह कुदरत की एक व्यवस्था है।

सिद्ध-बुद्ध स्पष्ट करते हैं कि, चूंकि हर जन्म भव प्रवाह से एक नये व्यक्ति का जन्म होता है; उसी हवा पानी या भव सागर से नयी नयी लहरों का उत्पाद व्यय होता रहता है, व हमारे चैतसिक क्रिया कलाप से भव सागर बढ़ता चलता है; कोई अमर, नित्य आत्मा/अहं नहीं होता, ऐसी कोई निरंतरता नहीं है, सो अमूमन लोग किसी पिछले तथाकथित जन्म या भव को नहीं जानते। व्यक्तिशः पुनर्जन्म होता ही नहीं है। करोड़ों में एकाध आदमी को कोई याददाश्त आये कि फलां साल पहले किसी गाँव में फलां जगह रहता था, या इसका पिता या उसका बेटा था, तो ऐसी स्मृति संभव है। बुद्ध-सिद्ध समझाते हैं कि, किसी गर्भ में किसी अन्य मर चुके आदमी की स्मृति इकाई की कोई बड़ी लहर प्रवेश कर जाय तो अगला बच्चा इस स्मृति-इकाई को देख कुछ बातें बताता है। इसे गलती से पुनर्जन्म का सबूत बताते है। यह कुछ ऐसा ही है जैसे किसी मर गये मानुस के शरीर के कुछ अंग काट कर किसी दूसरे में लगा दिए जाएं, जो नये शरीर में जिंदा रहेंगे, लेकिन वह नया आदमी पुराने का पुनर्जन्म नहीं है। क्योंकि उसमें अन्य अंग न जाने कितने दुसरे मर चुके जीवों के शरीरों

से जीवन प्रवाह की गति में जुड़े है। प्रकट अप्रकट आत्मवस्तु या अहं तथा प्रतियमान व्यक्तित्व अनेकों अन्य लहरों का जोड़ होता है; चैतसिकतः, कोई "मैं" संभव नहीं है। अहंभाव सिर्फ वैचारिक गति की तिव्रता में एक भासमानता है। चूँकि कोई ठोस "मैं" नहीं है, सब लहरों की, मतलब मन के पर्दों की, गति आकाश तत्त के खालीपन में है, और इस सबसे परे शुन्यता है, इसलिए ध्यान संभव है। ध्यान का संबंध कुदरतन सिर्फ अनत्ता व शुन्यता में ही पुलना (bridging) संभव है। जो धरम के नाम पर आत्मा, परमात्मा, लास्ट डे आदि संकल्पना मान कर चलते हैं, वे ग्यात से मुक्त हो तथता से नहीं जीते हैं; सो ऐसे मनुष्य ध्यान शुन्यता से नाम-रूप का चैतसिक परावर्तन (transformation, emptying) नहीं जान सकते हैं, ना उसकी विशुद्ध बात कर सकते हैं।

अलख संग्यान के साथ, मतलब ग्यात की जगह व मर्यादा समझकर ग्यात से मुक्त हो अजानता से चलते, अहंभाव द्रष्टा भयानुरागादि दृश्य भाव-पवनां की दरसण-ध्यान की अगनि में निर्जरा यह अहंपिंड या आत्मा का मरना है, काल का अंत होना है, जो चैतसिक शक्ति का परिवर्तन नहीं बल्कि परावर्तन है। इसके लिए सहज बड़ी गंभीरता जरूरी है, पर यह धरम के नाम पर शरीर व मन को अन्यथा कष्ट देना भी नहीं है; चैतसिकतः, समता बंधुता के साथ भव प्रवाह की गति समझकर शील, संवेग सूं चलना है। सो गोरख सीधे कहते हैं —

मरौ वे जोगी मरौ, मरण है मीठा… #26,

पंथ चलंतां आतमा मरै… #212,

जोग अवरण जोग अभेद… #313.

जिन व्यक्तियों में मत मान्यताओं से आसक्ति होती है, चमत्कार, रिद्धि आस होती है, आत्मा-परमात्मा, भजन/भक्ति अर मुक्ति, कयामत, कैलाश आदि कल्पनाएं होती है, ग्यात से मुक्तता नहीं होती, वहां अमन या शुन्यता नहीं जाग सकती। इसमें सहज बोध, यानी कामन सेंस, बढता नहीं, बल्कि घटता जाता है। आगे, हम यह भी समझे कि, किसी बात की आसक्ति, आस वा राग-द्वेष हमारे भीतर नहीं होने चाहिए या नहीं जागे ऐसे आदर्श, विचार अग्यान का ही हिस्सा होते है। मतलब, जैसे अहंभाव, आसक्ति, राग-द्वेष, भयानुरागादि मन में जागते है, हम यह जानते है कि यह भावपवनां जागै है; मानसिकतः, इसी में मुक्तता है, शुन्यता के साथ कुशलता सूं उसी भावपवनां का दरसण (observation) ध्यान है।

बृहत्तर अर्थ में देखे कि, सिद्ध-बुद्ध ना केवल आत्मा की अमरता और पुनर्जन्म के अहंतोषी झूठ को उजागर कर खारिज कर देते हैं, बल्कि इससे जुड़ी सामाजिक कंडिशनिंग को भी खत्म कर देते हैं। साथ ही शरीर, संखार, मन के स्तर पर इको-सिस्टम या परस्पर निर्भरता के अस्तित्वगत संग्यान को उजागर करते हैं। अर्थात, सभी के शरीर एक दूसरे पर निर्भर है, सबकी चेतना संबंध की गति में आपस में जुड़ी है, मूलतः एक प्रवाह है। सो सब प्राणीयों में मूलभूत समता के साथ भाईचारा व प्रेम होना जरूरी है। और बोधि की अगनि इस प्रवाह की काल के परे निर्जरा होना है। इसी से बोधि के मौन के साथ बुद्ध की बहुजन हिताय बहुजन सुखाय मंगल मेत्ता प्रवाहित होती है; अलख संग्यान सूं गोरख की जोग अवरण जोग अभेद के साथ दया-करुणा बहती है। सो खुली व सम्यक दृष्टि सूं इस निसपति पर बुद्ध, गोरख ने वर्णाश्रम,

उच-नीचता जैसी फिजूल बातों को सीरे से नकार दिया, और सबको समान रूप से अपने संघ वा पंथ में प्रवेश दिया, दुख निर्जरा पथ परिशुद्धता के साथ जगाया।

अहंगंड के बगैर ध्यान ग्यान सतसंग सूं नाथ होना क्या है यह बुद्ध अर गोरख के शब्दों में —

अत्ता हि अत्तनो नाथो, अत्ता हि अत्तनो गति।
अत्ता हि अत्तनो नाथो, को हि नाथो परो सिया।।
अत्तना हि सुदंतेन, नाथं लभति दुल्लभं।। — बुद्ध।

मन मुंडा कै रूप न रेष, जगतगुरू मन ही मन देख |
उलटैगा मन तव मन कूं गहैगा, काचपलटि कंचन होय रहैगा ||२७६||

— गोरख।

धरम सूझ में अहं की मोक्ष-मुक्ति नहीं, बल्कि ध्यान की अगनि में अहं का चैतसिक मरणा है; बोधि की समझ के साथ साधक के भीतर से काल भव प्रवाह की निर्जरा है, दुख अग्यान का वास्तविक अंत होते जाना है। तथा यह भी कि, ध्यान की अगनि में भव प्रवाह से नीचे की योनीयों के भव संखार, ऐसे भाव-पवनां-वेदनां के पर्दें, पहले सामने आकर जलते जाते है; मतलब, भाव-पवनां ही बोधि में परावर्तित होते बोधि का गहराते जाना होता है। सो जीते जी, व शरीर मृत्यु के बाद, जो भी गहरे भव संखार है उनका नीचे की योनीयों में बिखरना कुदरतन नहीं होता, जिसे आप धरम पथ पर संबंध के आइने में प्रतीत करते हैं।

व्यक्ति भव प्रवाह का हिस्सा है, प्रतिनिधि है, सो व्यक्ति भव प्रवाह है। व्यक्तित्व के भीतर से तृष्णा के साथ भव प्रवाह का बनना-बिखरना-बनना निसर्ग की अनंत कार्यकारण गति में होता रहता है।

जीव जगत है, (प्रातिनिधिक रूप से), और जगत जीव के भीतर है!

— सिद्ध।

You are the world, and the world is in you!

द्रष्टा दृश्य आछै! The observer is the observed!

— Jiddu Krishnamurti.

निसर्गतः, अहं के लिए मोक्ष संभव नहीं है, भव ही संभव है, इसे खूब समझे। सम्यक ध्यान की अगनि में अहं का मरणा होता है, जो मीठा है, निरवाण है। दुसरे शब्दों में, हमारे भीतर से भव प्रवाह में, दुनिया में, दुख बढ सकता है, अर दुख निर्जरा भी हो सकती है। हम जिम्मेदार है!

IMPERMANENCE OF THE SELF AND THE EXPERIENCE OF BECOMING

Understanding the impermanence of the self, of consciousness, as something that is experienced in time, that is changing and in flux, and understanding the ending of time, the dying of the self, this is what is truly needed. Then, we shall not be deluded by a false impression of the self or *ātmā*, as being something permanent, immortal, timeless.

Our body, mind, consciousness, personality, *ātmā* or *ātma-vastu*, all this is a part of the movement of existence, and not separate from it. Siddhas and buddhas see our body matter as coming into being out of the four *tattvas* or the elements of earth, water, fire and air, and the self or consciousness comes into being from mental impressions, the sensory mechanism of recognizing and evaluating, memory and feelings and sensations, social conditioning, thinking and desiring, and moves in the sky element. In physical death, as our body disintegrates and merges into nature, the mind or consciousness disintegrates and merges with the global consciousness. Just as when parts of a car are disintegrated, the car does not remain any more, similarly those disintegrated parts of the body and mind enter into many wombs and help create new lives. When a body dies, it is absorbed by grass, plants and leaves, and other beings take those plants etc. into their bodies. In modern biology, it is called the chain of food or the food circle, and the same thing happens to the mind on a subtle level. As living beings, the movement of the observer and the observed, of our minds, that is, our feelings of "I"ness, attraction, repulsion, fear, affection etc., which is what we are, move in an ebb and flow, and are all mixed up together. They are not separated in fact, they are connected, deep down they are one stream. So the Buddha says that the body which you

call your body is made up from things from other bodies, food, water, minerals etc.; and the self which you call your *ātmā* is made up of waves of feelings and sensations, received and released, among very many beings. Furthermore, the discontinuation of our memory at the juncture of our physical death and further becoming is natural.

Siddhas and buddhas declare that each and every cycle of life is a fresh beginning from the stream of becoming. There is no permanent *ātmā* or self, there is no such continuity. This is why people do not know about any of their earlier life cycles. Individually, there is no rebirth. Maybe one person among millions comes with a memory from a past life, that earlier he was living in such and such a village, was a son or daughter of so and so, which is possible. Siddhas and buddhas explain that such a memory is possible, because a large part of some consciousness has possibly entered in a next life cycle, and so there could be some of the past memory, which incorrectly is said to be proof of the theory of rebirth or reincarnation. It is something like parts from a dead body being transplanted into another body, which may live on, but it is not the rebirth of the person who has died. The visible and hidden bundle of the self is a combination of many waves. Psychologically, no I is possible. "I"ness is simply a perception in the ongoing stream of thoughts and feelings. As there is no concrete I, everything is the movement of layers of the mind, of feelings and sensations, emptiness is beyond all this, and so meditation is possible. Meditation on the basis of freedom from the known and the observation of what is is naturally capable of working as a bridge between impermanence and emptiness. Those who in the name of religion believe in *ātmā*, *Paramātmā*, the Last Day, Qayāmat and so on, cannot obtain freedom from the known. Psychologically, they cannot live with what is, cannot know about emptiness and emptying, can neither define observation nor emptiness and emptying.

Living with the *alakh* sense, that is, moving with freedom from the known by knowing its place and its limit, and the ending of the self, of feeling of “I”ness or the observer and the observed, of fear, anger, affection etc., in the fire of observation, is not transition but transformation. It is dying or death, which is sweet. This demands being serious with ease, which is not to torture the body and mind. It is to understand the movement of becoming, of impermanence and sorrow, and live with equanimity and fraternity, virtue and meditation with passion. So Gorakh says,

Die yogi, truly die, dying is sweet... #26,

The soul is weary from wandering... #212,

Yoga is not varna and ashram, yoga is not divided... #313.

It is important to be aware of the place and limit of the known and thinking. Emptiness is not possible in those who are not free from the known by knowing its place in daily life and its limit otherwise. No-mind or emptiness cannot be understood by those who are attached to ideologies, desire miracles, *riddhis*, and have ideas like permanent *ātmā*, *bhakti* and *mukti*, Qayāmat, *Kailaś* etc. Common sense or right understanding does not flower in those, but is reduced. Furthermore, we need to be aware that an ideal, that desire or attraction and repulsion should not arise in our mind is a part of ignorance. That is, whenever desire or attraction, repulsion, anger, affection, “I”ness and so on arise in our mind, we note that this or that has arisen, this is psychological freedom from what has come up in the mind. Thus, with the sense of emptiness, observation of feelings and sensations is meditation.

Siddhas and buddhas expose the falsity of the ego-soothing idea of a permanent, timeless *ātmā*, that leads to social conditionings of separation. They show the interdependence of body and mind, that all life is related, is one flow, and that fraternity is fundamental. They show that the fire of

observation, *bodhi*, is the ending of time and sorrow. With the silence of *bodhi* there is the awakening of the feeling of goodness for all; it is the awakening of compassion with the *alakh* sense, with the sense that yoga is not *varnāshram*, not divided. So Buddha and Gorakh simply denied any idea of *varnāshram*, high status and low status, and openly welcomed all people into their schools. They opened the path of the ending of time, sorrow and ignorance for all people. Their teaching is to believe nothing, no matter where we read it or who has said it, not even if Buddha, Gorakh or anyone else has said it, unless it agrees with our own reason and common sense. It is to be a light unto oneself!

Being a Nath is not an ego matter, it implies meditation and virtue. In the words of the Buddha and Gorakh:

> attā hi attano nātho, attā hi attano gati
> attā hi attano nātho, ko hi nātho paro siyā
> attanā hi sudantena, nātham labhati dullabham
>
> You really are your own master,
> you are responsible for where you are going.
> You really are your own master,
> who else could be your master?
> Work rightly hard on yourself,
> and find the mastery so hard to find.
>
> — Buddha.

> mana muṇḍā kai rūpa na rekha
> jagatagurū mana hī mana dekha
> ulaṭaigā mana tava mana kū̃ gahaigā
> kācapalaṭī kañcana hoya rahaigā

Being ascetic the mind has no form or boundary.
Look for the world teacher within yourself.
As the mind is reversed it grasps the mind,
a glass transformed turns into and stays gold. (276)

— Gorakh.

With right understanding through the fire of meditation, there is no liberation or *mukti* of the "I" or ego, but a dying which is sweet. In other words, with insight into *bodhi*, there is the ending of time and becoming, sorrow and ignorance. Moreover, right meditation is the ending of mental impressions, layers after layers of feelings and sensations, naturally, firstly from lower worlds, plant and animals worlds, that is, these layers are dissolved into *bodhi*, which is the deepening of the *bodhi* or intelligence itself. So while living, and in physical death, whatever mental impressions come up from the deeper levels, they are not degenerated into lower worlds or *yonis*, which we experience in daily life in the mirror of relationship.

A person is a part of or a representative in the stream of becoming; that is, he is a stream of becoming. Our desire results in individual and global becoming, as both are related, and meditation is its emptying from that stream. In Jiddu Krishnamurti's words, "You are the world, and the world is in you", and, "The observer is the observed!"

Psychologically, liberation of a person, of the "I", is not possible; only becoming is possible for the "I". Understand this well. Right meditation is the ending of the "I", which is *nirvāna*. In other words, through us in the stream, there could be increase in sorrow, and there could be the ending of sorrow as well. We are responsible!

❁

गोरखनाथ व नाथ यह
शैव, वैष्णव नहीं है, हिंदू, मुस्लिम नहीं है

समझ स्त्री वा पुरुष नहीं होती, समझ का लिंग नहीं होता। साधू अर सज्जन की कोई जात, वर्ण (वर्णाश्रम), धरमनाम परंपरा नहीं होती। अलख संग्यान व चेतना की शुन्यता शुद्ध जल है — पीये अर जाने। अलख विग्यान की खोज के साथ गोरखनाथ यह नाथ वा सिद्ध पंथ के पुनर्प्रस्थापक है, प्रमुख पुरुष है। अलख संग्यान सिद्ध तत्त है, जोग है। मूलतः, जोग, धरम, धम्म, दीन, रिलीजन यह समानार्थी शब्द है। तथा ऐसे कुदरती धरम वा मानस चेतना नियमों को समझकर चलना, भव धरम के बजाय निरवाण धरम से चलना, अमूमन जोग वा पंथ/पथ कहा जाता है। स्पष्ट है कि, पंथ का किसी धरमनाम परंपरा, विश्वास, मान्यताओं से संबंध नहीं है।

नाथ पंथ को मिथकीय शिव वा शिव-शंकर से जोड़कर शैव संप्रदाय मानने की भूल कियी जाती है। क्या है तथाकथित शिव, शिवलिंग, ज्योतिर्लिंग या शिव-शंकर? जननेंद्रिय पुरुष, स्त्री वा किसी देवता के हो, प्रायवसी की बात है, दोनों का संभोग और भी प्रायवसी की बात है, किसी तरह से प्रदर्शन वा पूजन की शोभा नहीं, कोई जस्टिफिकेशन नहीं। शिवलिंग वा हिरण्यगर्भ आदि को उत्पत्ति मूल कहते हुए कोई भी जस्टिफिकेशन यह मनमुखी बातें हैं, सत नहीं।

मूल अगोचर... — गोरख सबदी 286.

इसके साथ चाहे जो संकल्पनाएं, मंत्र, तंत्र वा कथा-कल्पनाएं जोड़ दे, इसमें ध्यान ग्यान व धरम की सम्यक समझ जगने का सवाल ही नहीं। शिवलिंग वा शंकर-पारबति कैसे आदिवासी या मूलनिवासियों की देवता हुई? कब व कैसे विचार पैदाइश शिव-शंकर, आदिनाथ, आदियोगी, आदिगुरू यह सिद्धों का गुरू, आदिगुरू हो गया? बुद्ध के अवतार या महात्मा होने जैसे झूठ प्रोपागंडा से? कोई आदि वा अंतिम योगी, गुरू, नाथ (आदिनाथ, हिरण्यगर्भ वा अंतिमनाथ) नहीं होता है। गोरख सीधे कहते है —

गुदड़ी जुग च्यारि [जुग जुग] तैं आई, गुदड़ी सिध साधिका चलाई।
गुदड़ी मैं अतीत का बासा, भणंत गोरखनाथ मछिंद्र का दासा।।

— गोरख।

अत्ता हि अत्तनो नाथो, अत्ता हि अत्तनो गति।
अत्ता हि अत्तनो नाथो, को हि नाथो परो सिया।।

— बुद्ध।

शिव = प्रेम, करुणा, मंगल, auspicious, love; लिंग = संकेत, sign, mark; पिंड = a body, mass. सो कोई फूल, सादगी से ध्यानी मूर्ति, साफ सुथरा मकान वा कार्यालय, जिम्मेदार या शीलवान मानुस, ध्यानी-ग्यानी, पेड, पहाड, नदी, तालाब, समाधि पत्थर, मजार, स्तूप, सुर्यास्त, ताजा पका अन्न, बालक आदि शिव है, मंगल है, शिव पिंड है, मांगल्य लिंग है। कहने की जरूरत नहीं कि, शीलवान या ध्यानी-ग्यानी होना किसी किताबी सर्टिफिकेशन की बात नहीं है, यह जीने की या जिवंतता

की कला है। सम्यक ध्यान अर चित्त अवधूनन यह शिव है, मंगल है। सेक्स इंद्रियों का कोई प्रदर्शन शिवलिंग वा शिवपिंड नहीं हो सकता। और ऐसे किसी मूर्त या अमूर्त के नाम पूजा-पाठ, प्रार्थनादि में आपको कुछ संचरण होता है, अनुभव आता हैं तो आप वही अनुभव करते है जिसमें विश्वास करते है, और कुछ नहीं, और यही आपके अनुभव को अयोग्य सिद्ध करता है।

ये ज्योतिर्लिंग, धाम, शक्तिपीठ, तीर्थादि धरम के नाम पर सामंती व्यावसायिक केंद्रों से ज्यादा नहीं है। काली काल महाकाल यै सब काल, देखे, भव दुख अग्यान गति काल। भ्रमित होना कुदरत को मंजूर नहीं। इधर उधर से कुछ टैगिंग बातों में व बुद्धि रमण में प्राण नहीं होता। धरम पथ अर बोधि की सम्यक सूझ किसी मन-मुखी अतिवादीता से नहीं, बल्कि सिद्धांत, साधना व दैनंदिन आचरण की मज्झिमता में झलकती है। सर्वधर्म समभाव यह संकल्पना धरम के नाम पर अपनी परंपरा बचाने की वकालत से ज्यादा नहीं है। सम्यक विचारणा के साथ अलख संग्यान सूं दरसण की अगनि में धरम का कुदरतन महान अस्तित्व खुलता है, जो किसी पर लादने की या काम्प्रोमाइज की बात नहीं।

भगवद्गीता असल में क्या सिखाती है जाने :

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥ (3/35)

अच्छी प्रकार आचरण में लाये हुए परधर्म से,
गुणरहित स्वधर्म श्रेष्ठ है।

स्वधर्म में मरना भी कल्याण कारक है,

पर परधर्म तो भय उपजाने वाला है।।

सो मेरा एक धरम व किसी पराये का दुसरा धरम यह बात धरम नाम परंपराएं, जैसे शैव, वैष्णव, जैन, वैदिक, या कुरानिक, बिब्लिकल आदि के संदर्भ में हो सकती है; या खेती, कारिगरी, पशुपालन, कला आदि व्यावसायों के संदर्भ में हो सकती है; या मनुष्य के स्वभाव गति के संदर्भ में हो सकती है। धरम के नाम पर अपनी या किसी और की परंपरा में, व्यवसायिकता में या किसी स्वभाव में बंधे होने, रहने की वकालत कियी हो सकती है। मगर कोई भी आदमी धरम के नाम पर चैतसिकतः किसी परंपरा में बंधा रहे, कोई व्यावसायिकता अपने लिए बंधन कारक माने, या स्वभाव बदलने की बात नहीं है ऐसा माने, यह सब समझ की बात नहीं है। व्यावसायिकता को आप चाहे एक या अनेक बार बदल दे, निर्वाह का कोई भी सम्यक साधन अपनाये, कुदरतन खुली बात है। किसी व्यवसाय में किसी के नेक या गलत व्यवहार को धरम का एक अंग कहे, यह समझा जा सकता है; मगर किसी व्यवसाय या परंपरा को ही किसी का धरम कहे या बताएं यह सामाजिक प्रदुषण है, social fraud है। देखे कि, अपने वर्णाश्रमवाद के लिए गीता यह मानसिक मैनेजमेंट के साथ कैसी किताब है। और गीता में इधर उधर से कोई पश्यंति, विपश्यना, प्रज्ञा जैसी बुद्ध आदि से टैगिंग है, या कुछ partial insights है, तो इसका मतलब यह नहीं कि इस बाबत गीता में मौलिक समझ की बात भी है। इन बातों को आप अनालिसीस करके समझ सकते हैं, और बोधि की अगनि में आरपार देख, समझ सकते हैं।

धरम का अपना महान अस्तित्व है, सार्वजनीन है, मेरा या आपका अलग नहीं, और यह समझना कामन सेंस (common sense) की बात है। संबंध के आइने में छह इंद्रियों के किसी विग्यान से किसी चीज के साथ संपर्क होना, हर व्यक्ति की अपनी चैतसिक रेकार्डिंग या संग्या से उस इंद्रिय संपर्क की पहचान व मुल्यांकन होना, व तदनुसार वेदनां-भावनां का जगना यह सार्वजनीन है, सत धरम की बात है, कि जिसका भारतीय, चाइनीज, इसाई, वैदिक, मुस्लिम, बौद्ध या किसान, डाक्टर आदि से कोई मतलब नहीं है। और उस वेदनां-भावनां के प्रति चेतन अचेतनतः राग या द्वेष करना या होना, या अलख संग्यान सूं चेतन हो दरसण-ध्यान में आना, आते रहना, यह इसी पल में जीने की कला है, जो धरम की सार्वजनीनता है, अनुशासन है। सो दरसण की शुद्धता से धरम/जीवन की, अनंत गहराइयां खुलने का रास्ता साफ है। अहंभाव द्रष्टा क्या है, भयानुरागदि दृश्य क्या है, काल चेतना, समाधि चेतना, शुन्य चेतना क्या है, दरसण की अगनि में बोधि का जगना व चित्त अवधूनन क्या है, दुख गामिता व दुख निर्जरा क्या है, ऐसी सार्वजनीनता धरम की बात है। अन्यथा, कोई वर्णाश्रमवाद वा ब्राह्मण-शुद्रादि विचार पैदाइश बातों से मानव समाज में बुद्धिभ्रम करे, लोक-परलोक आस धरमनाम धंधा वा राजभोग का जुगाड़ चलाएं, किसी किताबी अधिकारिकता वाली धर्मांध बातों को धरम मानें, ऐसे में बहे, भ्रमित बन क्षत्रियादि की आस लगाये, सो अहंगंड में रहे, तो ये धरम व सामाजिकता के नाम पर भरम है। धरम के नाम पर विचार पैदाइश रास्ते, साम, दाम या हिंसा, हत्या, युद्ध के समर्थन आदि की कोई तुक नहीं हैं।

ऐसे ही गीता का कर्म सिद्धान्त जाने :

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि।। (2/47)

तेरा कर्म करने में ही अधिकार है, उसके फलों में कभी नहीं। इसलिए तू कर्मों के फल हेतु मत हो, तथा तेरी कर्म न करने में भी आसक्ति न हो।।

दैनंदिन जीवन में आजिविका आदि के लिए कोई कर्म करना, व उसके फलाफल का नियोजन, यह कर्म के साथ जुड़ी बात होती है, अलग नहीं। मतलब, यह निसर्गतः सापेक्ष होने से, अनेकों शक्तियों पर निर्भर होने से, फलाफल की 100% निश्चितता ना होते हुए भी, इसमें फल की अपेक्षा होना, दैनंदिनी में कर्मफल के साथ अधिकार का जुडा होना, कुदरतन है। इसमें समझने की दो बातें है —

1. दैनंदिन जीवन में कर्मफल हेतु ना होने की आदर्श बात कहना; या किसी तरह से किसी के कर्मफल के अधिकार को नकारना; व अहं के नाम पर किसी आदर्श की, कल्पना में होने की, बात चलाना।

2. चैतसिकतः, कर्मफल हेतु सह अहंभाव, भयानुरागादि जो भी वेदनां, भाव-पवनां मन में उभरते है यह क्या बात है, इसकी खोज के लिए खुला होना। सो भाव-पवनां का संबंध की गति में सीधे देखा जाना, और देख-समझकर, अंतर्समझ के साथ, स्पष्टता से होना।

सो 1 और 2 यह अग्यान अर प्रग्यान के मूलभूत फर्क की बात है। और इस बात की अंतर्समझ गीता, वेद-वेदांत आदि में नहीं है। गीता, वेद-वेदांतादि यह अहंभाव या द्रष्टा को भयानुरागादि दृश्य से अलग मान

कर, नित्य, कालातीत सोच कर, उसके साथ आत्मा-परमात्मादि संकल्पनाएं जोड़ कर, अहंभाव द्रष्टा को उंचे पायदान पर बिठा कर, व द्रष्टा के साथ अलिप्त, अकर्मण्य आदि आदर्श जोड़ कर अनेक प्रकार से तर्क वितर्क तो कर सकते हैं; पर द्रष्टा यह दृश्य का ही हिस्सा है, द्रष्टा यह दृश्य ही है, ये देख समझकर दरसण ध्यान व काल दुख निर्जरा की अंतर्समझ नहीं पा सकते। काल दुख भव गति, और काल दुख निर्जरा गति, यह क्या बातें है इसकी आंतरिक समझ जरूरी है।

गीता और पाप-पुण्य योनि :

> मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः।
> स्त्रियो वैश्यास्तथा शुद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्।। (9:32)

> हे पार्थ, जो मेरी शरण में आते हैं, भले वह पाप योनि से है —
> स्त्री, वैश्य तथा शुद्र, वह भी परम गति को प्राप्त होते हैं।

सो धरम के नाम पर भ्रमित करने वाली बातें, गलत बातें, उजागर कर साइड करना जरूरी है; साथ ही खुले व सहज गंभीर मन से सत की खोज करते सत को चेतन रखना जरूरी है। ऐसे, साधू अर सज्जन सतसंग (dialogue) करते है, शास्त्रार्थ (debate) नहीं। जोग धरम वा बोधि संग्यान जन में चेतन चले इस अर्थ से, सिद्धों के साथ, सूरजनाथ कहता है — “आगे आगे गोरख जागे!”

> हिन्दू ध्यावे राम कूं, मुसलमान खुदाय।
> जोगी ध्यावे अलख कूं, कहै कौन पतियाय।। (69) — गोरख।

❀

GORAKH NATH AND NATHS ARE NEITHER SHAIVA NOR VAISHNAVA, NEITHER HINDU NOR MUSLIM

Understanding is neither man nor woman, understanding has no gender. A *sādhu* or a gentleman does not belong to any caste, creed, varna, or religious tradition. The *alakh* sense, the purity of awareness, is clear water. Drink it and know it. With the exploration of *alakh vigyān*, Gorakh was the re-organizer, the re-founder of the Nath Panth, and for this he is known as the prime person.

The *alakh* sense is the *siddha tatta*, truth eternal, the foundation of *joga* or yoga, of religious learning. *Joga*, yoga, dhamma, *dīn*, dharma, religion are synonymous. Understanding the nature of consciousness is religious understanding; following the practice of emptying, instead of becoming, is called yoga or path. The path has nothing to do with traditions, beliefs, ideas and ideologies.

However, many people erroneously associate the Nath Panth with the mythical Shiv or with the Shaiva tradition, represented by the *Shiv-linga*. The *Shiv-linga* and *yoni* are the sex organs of men and women or, rather, they represent the sex organs of divine beings. Whether human or divine, sex organs are a matter of privacy. Symbolic or whatever, a show and worship of sex organs is not such a good thing, and any justification of them as the source of creation etc., is bound to be a mind game.

mūla agocara... "The source cannot be perceived

(by sense organs on their own)..." — Gorakh Sabadi 286.

You may associate stories, *tantras* and *mantras* with Shiv or *Shiv-linga*, and may experience something out of your beliefs, but there is no possibility of any awakening of right

